Page 11 | खेल

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

Page 09 | देश




**क्रिकेटर विराट कोहली ने पोस्ट लाइक किया तो चर्चा में आई जर्मन मॉडल इन्फ्लुएंस**



**योगी कैबिनेट विस्तार को हरी झंडी जल्द, प्रधानमंत्री मोदी और नितिन नवीन से मिले...**


शुक्ल पक्ष, कृतिका, विक्रम संवत् 2083

• औरंगाबाद • रविवार • 19 अप्रैल 2026 • वर्ष 28 • अंक 137 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,42,800 | ₹ 2,75,000 |

## आज का इतिहास

**1975 :** कृतिका 1 सैटेलाइट को यूएसएसआर की मदद से भारत द्वारा लॉन्च किया गया था।

**1975 :** तत्कालीन सोवियत रूस की मदद से पहला भारतीय उपग्रह आर्यभट्ट प्रक्षेपित किया गया।

## न्यूज बाइट्स

### सरकार ने रेलवे के दो बड़े मल्टी-ट्रैंकिंग प्रोजेक्ट्स को दी मंजूरी

**नई दिल्ली (ए.)।** सरकार ने रेलवे के दो बड़े मल्टी-ट्रैंकिंग प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दे दी है जिस पर लगभग 24,815 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव ने शनिवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने भारतीय रेलवे के दो बड़े मल्टी-ट्रैंकिंग प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दे दी है। इन परियोजनाओं की कुल लागत लगभग 24,815 करोड़ है और इन्हें वर्ष 2030-31 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

### सीबीएसई : 10वीं की दूसरी बोर्ड परीक्षा 15 मई से होगी

**पटना (नि.सं.)।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं की दूसरी बोर्ड परीक्षा 15 मई से शुरू होगी और एक जून तक चलेगी। परीक्षा में गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और भाषा के विषयों में प्रदर्शन सुधारने के लिए परीक्षार्थी शामिल हो सकते हैं। गणित में स्टैंडर्ड और बेसिक के बीच बदलाव की अनुमति है।


महिला आरक्षण बिल पास न होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा

# नारी शक्ति के अधिकार से किया गया समझौता

**महिलाओं के सपनों को बेरहमी से कुचल दिया गया, इस पाप के लिए वो माफ नहीं करेंगे**

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार शाम महिला आरक्षण से जुड़े मुद्दे पर देश को संबोधित करते हुए कहा कि प्रस्तावित संशोधन पारित नहीं हो सका, जिसके लिए उन्होंने देश की माताओं और बहनों से माफी मांगी। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके लिए देशहित सर्वोपरि है, लेकिन जब कुछ राजनीतिक दलों के लिए दलगत हित देशहित से ऊपर हो जाता है, तो इसका नुकसान नारी शक्ति को उठाना पड़ता है। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए दुर्भाग्यपूर्ण बताया। प्रधानमंत्री ने विपक्षी दलों पर कड़ा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस, टीएमसी और डीएमके जैसे दलों ने इस प्रक्रिया में बाधा डाली। उन्होंने कहा कि महिलाओं को उनका अधिकार देने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण अवसर था, जिसे राजनीतिक कारणों से आगे नहीं बढ़ने दिया गया। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं के अधिकारों से जुड़े इस मुद्दे पर देश की जनता सब कुछ देख रही है और आने वाले समय में इसका राजनीतिक असर भी दिखाई देगा। प्रधानमंत्री के इस संबोधन के बाद देशभर में महिला आरक्षण के मुद्दे पर राजनीतिक बहस और तेज हो गई है। एक ओर जहां सत्तापक्ष इसे नारी सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण कदम बता रहा है, वहीं विपक्ष अपने रुख को लेकर अलग दृष्टिकोण रख रहा है, जिससे यह विषय राष्ट्रीय राजनीति के केंद्र में आ गया है।



**नारी सब भूल जाती है, लेकिन अपना अपमान कभी नहीं भूलती**

पीएम मोदी ने कहा- नारी सब भूल जाती है, लेकिन अपना अपमान कभी नहीं भूलती। इसलिए संसद में कांग्रेस और उसके सहयोगियों के व्यवहार की कसक हर नारी के मन में हमेशा रहेगी। संसद में नारीशक्ति वंदन संशोधन का जिन भी दलों ने विरोध किया है, वे लोग नारी शक्ति को फोर ग्रांटेड ले रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, आज भारत का हर नागरिक देख रहा है कि कैसे भारत की नारी शक्ति की उड़ान को रोक दिया गया। उनके सपनों को बेरहमी से कुचल दिया गया। हमारे भरसक प्रयास के बावजूद हम सफल नहीं हो पाए। नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन नहीं हो पाया। इसके लिए मैं देश की माताओं-बहनों से क्षमा प्रार्थी हूं।

## महिला आरक्षण बिल पर सियासी घमासान 20 अप्रैल को बिहार भर में आक्रोश मार्च



निज संवाददाता | पटना

नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर बिहार की राजनीति में घमासान तेज हो गया है। विधेयक के संसद में पारित न होने को लेकर महिलाओं में नाराजगी जताई जा रही है और इसके विरोध में 20 अप्रैल को पटना समेत पूरे बिहार में आक्रोश मार्च निकालने का निर्णय लिया गया है। पटना स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में महिला कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। बैठक के दौरान विधेयक पारित नहीं होने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की गई और विपक्षी दलों पर महिला विरोधी होने के आरोप लगाए गए। बैठक में यह तय किया गया कि 20 अप्रैल को राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन किया जाएगा, जिसके तहत महिलाएं सड़कों पर उतरकर अपने अधिकारों के समर्थन में आवाज बुलंद करेंगी। कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह आंदोलन महिलाओं के सम्मान, अधिकार और राजनीतिक भागीदारी से जुड़ा है, जिसे किसी भी कीमत पर कमजोर नहीं होने दिया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए संजय सरवांगी ने कहा कि नारी शक्ति के सम्मान के साथ खिलवाड़ करने वालों को जनता के बीच बेनकाब किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी इस मुद्दे को लेकर सड़कों पर उतरकर जोरदार विरोध दर्ज कराएगी और विपक्ष को जवाब देगी। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस, राजद और सपा जैसे दलों ने इस विधेयक को आगे बढ़ने से रोकने का काम किया। साथ ही यह भी कहा कि देश की महिलाएं अब अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो चुकी हैं और किसी भी प्रकार के अन्याय के खिलाफ खुलकर सामने आ रही हैं।

बैठक में यह भी जोर दिया गया कि यह विधेयक महिलाओं को राजनीतिक प्रतिनिधित्व देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम था और इसके पारित होने से बड़ी संख्या में महिलाओं को अवसर मिलता। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों की सराहना भी की गई। हालांकि, इस मुद्दे पर राजनीतिक दलों के बीच मतभेद स्पष्ट रूप से सामने आ रहे हैं।

# 24 अप्रैल को विधानसभा में बहुमत साबित करेंगे मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, सियासी हलचल तेज

निज संवाददाता | पटना

बिहार की राजनीति में तेजी से बदलते घटनाक्रम के बीच मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी 24 अप्रैल को विधानसभा में विश्वास मत हासिल कर बहुमत साबित करेंगे। इसके लिए विशेष सत्र बुलाया गया है, जिसमें सरकार अपनी संख्याबल की परीक्षा देगी। इसी बीच पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना स्थित 5 देशरत्न मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास पहुंचकर सम्राट चौधरी से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच करीब 20 मिनट तक मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों को लेकर चर्चा हुई। मुलाकात के बाद नीतीश कुमार मुस्कुराते नजर आए और उन्होंने सम्राट चौधरी के कंधे पर हाथ रखकर सहजता का संदेश दिया, जिसे राजनीतिक तौर पर अहम संकेत माना जा रहा है। इस दौरान नीतीश कुमार ने उपमुख्यमंत्री विजय चौधरी और बिजेंद्र प्रसाद यादव से भी मुलाकात की। इन मुलाकातों ने राज्य की सियासत में जारी गतिविधियों को और तेज कर दिया है।

वहीं, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी अपने आवास पर आम लोगों से भी मुलाकात कर रहे हैं। इस दौरान एक युवक ने उन्हें अयोध्या स्थित भगवान श्रीराम की तस्वीर भेंट की, जिसे उन्होंने श्रद्धापूर्वक स्वीकार किया। एक बुजुर्ग दंपती ने भी उनसे मिलकर अपनी समस्या रखी, जिस पर मुख्यमंत्री ने हर संभव मदद का भरोसा दिया। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, 24 अप्रैल को होने वाला विश्वास मत राज्य की वर्तमान सरकार के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। इस दिन विधानसभा में सरकार के पास बहुमत साबित करने की चुनौती होगी, जिस पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

## कर्पूरी ठाकुर स्मृति संग्रहालय पहुंचे सीएम प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन



निज संवाददाता | पटना

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को जननायक कर्पूरी ठाकुर स्मृति संग्रहालय, पटना पहुंचकर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने संग्रहालय भवन में स्थापित कर्पूरी ठाकुर के तैलचित्र पर भी पुष्पांजलि अर्पित कर उनके योगदान को नमन किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने संग्रहालय के विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण किया। उन्होंने फोटो गैलरी में कर्पूरी ठाकुर के मुख्यमंत्रित्व काल, सामाजिक संघर्षों और राजनीतिक जीवन से जुड़ी तस्वीरों का अवलोकन किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने उनके शयन कक्ष, पुस्तकालय, डायनिंग हॉल सहित अन्य कक्षों का भी जायजा लिया। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को संग्रहालय में संरक्षित कर्पूरी ठाकुर के जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेजों और वस्तुओं की जानकारी दी। इनमें उनके कपड़े, चश्मा, कलम, शैक्षणिक प्रमाणपत्र, स्नातक की मार्कशीट तथा स्वतंत्रता संग्राम और मुख्यमंत्री कार्यकाल से जुड़े दस्तावेज शामिल हैं।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कला एवं संस्कृति विभाग के सचिव को निर्देश दिया कि संग्रहालय परिसर में एक वाचनालय (अध्ययन कक्ष) विकसित किया जाए, ताकि यहां आने वाले लोग पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकों और पत्रिकाओं के माध्यम से जननायक कर्पूरी ठाकुर के जीवन, सादगी और संघर्षों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर कला एवं संस्कृति विभाग के सचिव प्रणव कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी डॉ. गोपाल सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चंद्रशेखर सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं संग्रहालय से जुड़े कर्मी उपस्थित रहे।

50 लाख से अधिक कर्मचारियों और 68 लाख पेंशनर्स को मिलेगा लाभ

# केंद्र सरकार का फैसला : महंगाई भत्ता हुआ 2% बढ़कर 60%

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनर्स को राहत देते हुए महंगाई भत्ता (डीए) और महंगाई राहत (डीआर) में 2 प्रतिशत की वृद्धि को मंजूरी दे दी है। अब महंगाई भत्ता 58 प्रतिशत से बढ़कर 60 प्रतिशत हो गया है। यह बढ़ोतरी 1 जनवरी 2026 से प्रभावी मानी जाएगी, जिससे कर्मचारियों को एरियर सहित बढ़ा हुआ भुगतान मिलेगा। यह महत्वपूर्ण निर्णय प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में शनिवार को नई दिल्ली में आयोजित केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। इस फैसले से करीब 50.5 लाख केंद्रीय कर्मचारियों और लगभग



68.3 लाख पेंशनर्स को सीधा लाभ मिलेगा।

सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, महंगाई भत्ते में यह वृद्धि कर्मचारियों की मासिक आय में बढ़ोतरी करेगी, वहीं पेंशनर्स की महंगाई राहत बढ़ने से उनकी पेंशन में भी इजाफा होगा। यह कदम बढ़ती महंगाई के प्रभाव को संतुलित करने के उद्देश्य से उठाया गया है।

गौरतलब है कि इससे पहले अक्टूबर 2025 में भी महंगाई भत्ते में 3 प्रतिशत की वृद्धि कर इसे 55 प्रतिशत से बढ़ाकर 58 प्रतिशत किया गया था, जो 1 जुलाई 2025 से प्रभावी था। उस समय कर्मचारियों को एरियर के साथ भुगतान किया गया था। केंद्र सरकार वर्ष में दो बारजनवरी और जुलाई महंगाई भत्ता और महंगाई राहत की समीक्षा कर इसमें संशोधन करती है। ताजा बढ़ोतरी से कर्मचारियों और पेंशनभोगियों की आर्थिक स्थिति को मजबूती मिलने की उम्मीद है, खासकर महंगाई के दौर में यह फैसला राहत देने वाला माना जा रहा है।

# डीएलएड पंजीयन की अंतिम तिथि बढ़ी : अब 21 अप्रैल तक भरें आवेदन

निज संवाददाता | पटना

हार विद्यालय परीक्षा समिति ने डीएलएड (डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन) फेस-टू-फेस पाठ्यक्रम, सत्र 2025-27 से जुड़े विद्यार्थियों को बड़ी राहत दी है। बोर्ड ने ऑनलाइन पंजीयन आवेदन और शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 21 अप्रैल कर दिया है। समिति के अनुसार, छात्र अब निर्धारित तिथि तक पंजीयन आवेदन भरने के साथ-साथ शुल्क भी जमा कर सकते हैं। इसके लिए बोर्ड के आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से प्रक्रिया पूरी करनी होगी, जहां संबंधित शिक्षण संस्थानों के प्रधान को यह सुनिश्चित करना होगा कि सभी नामांकित विद्यार्थियों का आवेदन समय पर भरा जाए और शुल्क जमा किया जाए। गौरतलब है कि पहले पंजीयन की तिथि 11 अप्रैल से 17 अप्रैल तक निर्धारित की गई थी। हालांकि, कई संस्थानों के विद्यार्थियों द्वारा समय पर आवेदन और शुल्क जमा नहीं किए जाने के कारण बोर्ड ने यह निर्णय लिया है।

बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि पंजीयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही विद्यार्थी परीक्षा आवेदन पत्र भर सकेंगे, जिससे परीक्षा और परिणाम समय पर जारी किया जा सके। साथ ही, बोर्ड ने सख्त चेतावनी दी है कि जो विद्यार्थी 21 अप्रैल तक पंजीयन और शुल्क जमा नहीं करेंगे, उन्हें पंजीयन प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जाएगा और वे परीक्षा फॉर्म भरने के पात्र नहीं होंगे। इस संबंध में पूरी जिम्मेदारी संबंधित विद्यार्थी और उनके संस्थान के प्राचार्य की होगी। इसलिए बोर्ड ने सभी विद्यार्थियों से अपील की है कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर अपनी प्रक्रिया पूरी कर लें, ताकि किसी प्रकार की परेशानी से बचा जा सके।

## बिहार में पहली बार मसूर चना और सरसों की एमएसपी पर खरीद शुरू

**पटना(नि.सं.)।** बिहार के कृषि क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए केंद्र सरकार ने राज्य में पहली बार मसूर, चना और सरसों जैसी प्रमुख दलहन एवं तिलहन फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद को मंजूरी दे दी है। यह निर्णय किसानों को उनकी उपज का सुनिश्चित और लाभकारी मूल्य दिलाने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो सकता है। इस पहल के तहत राज्य में मसूर की खरीद प्रक्रिया 10 अप्रैल 2026 से शुरू कर दी गई है, जबकि चना और सरसों की खरीद भी चरणबद्ध तरीके से प्रारंभ की जाएगी। अब तक बिहार में इन फसलों की एमएसपी पर खरीद की व्यवस्था व्यापक स्तर पर लागू नहीं थी, जिसके कारण किसानों को अक्सर अपनी उपज कम कीमत पर निजी व्यापारियों को बेचनी पड़ती थी। ऐसे में सरकार का यह निर्णय किसानों को बाजार के उतार-चढ़ाव से राहत दिलाने वाला माना जा रहा है। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि एमएसपी पर खरीद शुरू होने से किसानों को दलहन और तिलहन की खेती के प्रति प्रोत्साहन मिलेगा। इससे फसल विविधीकरण को बढ़ावा मिलेगा और धान-गेहूं पर निर्भरता कम होगी। साथ ही, देश में दालों और खाद्य तेलों की बढ़ती मांग को देखते हुए यह कदम आत्मनिर्भरता की दिशा में भी महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। इस व्यवस्था के लागू होने से किसानों को न केवल उनकी फसल का उचित मूल्य मिलेगा, बल्कि उनकी आय में भी स्थिरता और वृद्धि सुनिश्चित होगी। खासकर छोटे और सीमांत किसानों के लिए यह निर्णय अत्यंत लाभकारी है, जो अक्सर बाजार में बिचौलियों के कारण नुकसान उठाते रहे हैं। एमएसपी पर खरीद के माध्यम से उन्हें सीधा सरकारी संरक्षण मिलेगा, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होने की उम्मीद है।


BAYC Institute स्थापित 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7

नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

भारत का पहला कॉलेज

डॉक्टर बनें

एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन




DIPLOMA COURSE

DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DEMS Electrohomeopathy Medicine

DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine | DNYS Naturopathy Yoga

अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE

MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BEMS Electrohomeopathy Medicine

BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture | MBAS Medicine in ALT Science

अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2 | अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE

MD (Acu Yoga) MD (TM) | MD (EH)

अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजएट | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE

BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE

MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES

एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।



डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष



डा. अजय प्रकाश
सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in

Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com





## संक्षिप्त समाचार

### घर से 13 किमी दूर मिला महिला का शव, मायके जाने के लिए निकली थी, अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत की आशंका



**नालंदा**। नालंदा में संदिग्ध हालत में एक महिला की मौत हो गई। नीमा खंधा के पास शव मिला है। मृतका की पहचान मानपुर के पोरहा निवासी नागेंद्र पासवान की पत्नी क्रांति देवी(45) के तौर पर हुई है। घटना अस्थावां थाना क्षेत्र की है। मृतका के बेटे रोहित कुमार ने बताया कि मेरी मां गुरुवार को अपने मायके नौरंगा गांव जाने के लिए घर से निकली थी। काफी समय बीत जाने के बाद भी नहीं पहुंची। परिवार के सदस्यों ने अपने स्तर से खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। शुक्रवार को पुलिस से सूचान मिली पर घर से 13 किलोमीटर दूर शव मिला है। अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत की आशंका है। मृतका अपने पीछे पांच बेटियां और दो बेटों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। जिनमें से दो बेटियों और एक बेटे की शादी हो चुकी है। पति नागेंद्र पासवान तमिलनाडु में मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। पत्नी की आकस्मिक मौत की खबर मिलते ही घर के लिए रवाना हो गए हैं। वहीं, इस संबंध में सदर डीएसपी-1 नुरुल हक ने बताया कि पहचान के बाद बिहार शरीफ मॉडल अस्पताल में शव को पोस्टमार्टम कराया गया। घटनास्थल से साक्ष्य संकलन के लिए एफएसएल की टीम को भी बुलाया था। आवेदन के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

### गयाजी में 259 लीटर विदेशी शराब जब्त, दो महिला सहित 4 आरोपी अरेस्ट, कार से हो रही थी तस्करी




**गया**। गयाजी में पुलिस ने मगध विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के बारा पावर ग्रिड के पास 259 लीटर विदेशी शराब बरामद की है। इस कार्रवाई के दौरान एक टाटा सफारी गाड़ी से भारी मात्रा में विदेशी शराब और बीयर जब्त की गई। पुलिस ने दो महिलाओं सहित कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मनी कुमार (31), पिता स्वर्गीय देवन पासवान, निवासी समस्तीपुर, थाना उजियारपुर; सुजीत कुमार (32), पिता स्वर्गीय कुलदीप राय, निवासी समस्तीपुर, थाना उजियारपुर; आरती देवी (31), पति संजय चौधरी, निवासी अनजानीपुर, थाना हाजीपुर, जिला वैशाली; और मीना देवी (46), पति स्वर्गीय महेश राम, निवासी देदपुर, थाना महनार, जिला वैशाली के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि बिहार में पूरी शराबबंदी कानून लागू होने के बावजूद शराब तस्करी के मामले लगातार सामने आते रहते हैं। ऐसे में पुलिस लगातार सतर्कता बरत रही है और गुप्त सूचनाओं के आधार पर कार्रवाई कर रही है। इस मामले में भी पुलिस को पहले से सूचना मिली थी, जिसके आधार पर यह सफलता हासिल हुई। छापेमारी दल में अवर निरीक्षक पूजा कुमारी, सब-इंस्पेक्टर आलोक कुमार, मध्यनिषेध सिपाही विजय कुमार राय और विकास रंजन सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि शराब की यह खेप कहां से लाई जा रही थी और इसे कहां पहुंचाने की योजना थी। साथ ही, इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान करने के लिए भी जांच जारी है। इस कार्रवाई के बाद स्थानीय इलाके में पुलिस की सक्रियता की सराहना की जा रही है। अधिकारियों ने आम लोगों से भी अपील की है कि यदि उन्हें किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

### भू-माफिया पर बुलडोजर चलाने की धमकी देने का आरोप, लोगों ने सड़क पर आग लगा कर किया जाम



**नालंदा**। बिहार शरीफ शहर के वार्ड संख्या-43 स्थित गुलशन बाग इलाके में कथित भू-माफिया और प्रॉपर्टी डीलरों ने सालों से रह रहे सफाई कर्मियों के घरों को खाली कराने का प्रयास किया। इस घटना से आक्रोशित होकर दर्जनों परिवारों ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया और आगजनी कर जाम लगा दिया। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि करीब 10-12 लोग इंची टेप और हथियार लेकर बस्ती में घुसे और घरों की नापी करने लगे। विरोध करने पर इन लोगों ने गाली-गलौज की और महिलाओं पर पिस्तौल तानकर जान से मारने की धमकी दी। स्थानीय लोगों का कहना है कि वे यहां पिछले 100 साल से, यानी करीब पांच पीढ़ियों से रह रहे हैं और उनके पास नगर निगम की ओर से दी गई बुनियादी सुविधां भी हैं। पीड़ित सफाई कर्मियों ने बताया कि वे दिन भर नगर निगम और नालंदा कॉलेज जैसे संस्थानों में अपनी ड्यूटी पर रहते हैं। जब वे शाम को लौटे, तो उन्हें पता चला कि कुछ अज्ञात लोगों ने उनके घरों पर बुलडोजर चलवाने और रात में आकर हमला करने की धमकी दी है। स्थानीय निवासी मोहम्मद मुर्शिद और सरबरी खातून ने बताया कि दबंगों ने सड़क से लेकर घरों के अंदर तक नापी की और दावा किया कि यह जमीन उनके दादा-परदादा की है। गमोहल्ले के लोगों का आरोप है कि कुछ साल पहले भी पास की एक जमीन पर इसी तरह कब्जा किया गया था और अब उनकी बस्ती को निशाना बनाया जा रहा है। लोगों ने यह भी सवाल उठाया कि अगर यह जमीन किसी की निजी संपत्ति थी, तो इतने दशकों तक कोई दावा करने क्यों नहीं आया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए बिहार थाना प्रभारी और लहेरी थाना के इंस्पेक्टर दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। वार्ड संख्या 45 के प्रतिनिधि बम्मी और स्थानीय पार्षदों ने भी बीच-बचाव किया। थाना प्रभारी के काफी समझाने-बुझाने और सुरक्षा का आश्वासन देने के बाद प्रदर्शनकारियों ने सड़क जाम हटाया। पुलिस ने स्थानीय लोगों को एक लिखित आवेदन देने को कहा है और स्पष्ट किया है कि बिना कानूनी प्रक्रिया और उचित कागजात के किसी को भी उजाड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी। फिलहाल इलाके में पुलिस की गश्ती बढ़ा दी गई है। लहेरी थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष ऋतुराज ने बताया कि पुलिस मामलें की जांच में जुट गई है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल स्तिथि सामान्य है।

# नगर आयुक्त ने विष्णुपद मंदिर में गंदगी पर जताई नाराजगी, कहा- जल निकासी व्यवस्था ठीक हो

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गया**। नगर निगम आयुक्त अभिषेक पलासिया ने आज गया के प्रमुख धार्मिक स्थल विष्णुपद मंदिर, फल्गु देवघाट और करसिल्ली क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ सफाई विभाग की पूरी टीम भी मौजूद रही। आयुक्त ने मंदिर परिसर और उसके आसपास की साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जहां-जहां गंदगी पाई गई, वहां तुरंत सफाई करवाई गई। देवघाट स्थित कई टॉयलेट की स्थिति बेहद खराब मिली। गंदगी और दुर्गंध को देखते हुए नगर आयुक्त ने मौके पर सफाई के निर्देश दिए और संबंधित कर्मियों को फटकार लगाई। साथ ही पानी की परेशानी पर वेतन काटने का आदेश दिया गया है।






**तुरंत दुरुस्त कराने का आदेश दिया**: उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि टॉयलेट की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए, ताकि तीर्थयात्रियों और स्थानीय लोगों को असुविधा न हो। साथ ही, टॉयलेट और अन्य स्थानों पर टूट-फूट पाए जाने पर उसे तुरंत दुरुस्त कराने का आदेश दिया गया। आयुक्त ने स्वच्छता पदाधिकारी को विष्णुपद और देवघाट के सभी टॉयलेट की साफ-सफाई, मेंटेनेंस और रखरखाव का संचालन किसी एजेंसी के माध्यम से कराने का निर्देश दिया। लक्ष्मी नारायण उद्यान के निकासी स्थल पर नाले का पानी गिरते देख उन्होंने नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को पाइप लगाकर जल निकासी व्यवस्था को तुरंत ठीक करने का आदेश दिया।

**नगर आयुक्त ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की**: निरीक्षण के क्रम में श्मशान घाट के प्रवेश द्वार के पास एक प्याऊ बंद पाया गया, जिस पर नगर आयुक्त ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने इसे जिम्मेदार कर्मियों की लापरवाही मानते हुए एक दिन का वेतन काटने का आदेश दिया। नगर आयुक्त ने कहा कि धार्मिक स्थलों और उनके आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए, क्योंकि यहां रोजाना बड़ी संख्या में श्रद्धालु और तीर्थयात्री आते हैं। उन्होंने सख्त चेतावनी दी कि भविष्य में किसी भी स्थान पर गंदगी या लापरवाही पाए जाने पर संबंधित कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

नगर आयुक्त ने यह भी निर्देश दिया कि सफाई व्यवस्था को स्थायी रूप से बेहतर बनाने के लिए नियमित मॉनिटरिंग की जाए और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएं, ताकि गया की छवि एक स्वच्छ और सुव्यवस्थित तीर्थ स्थल के रूप में बनी रहे। वही, इसके अलावा नगर आयुक्त अभिषेक पलासिया ने ब्रह्सत्य त तालाब का निरीक्षण कर स्थल व शौचालय की साफ सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। यहां भी नियमित सफाई को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मौके पर स्वच्छता पदाधिकारी शुभम कुमार, सिटी मैनेजर नाज मुजफ्फर, सफाई मुख्य निरीक्षक चन्द्रमोहन उर्फ चिंटू, सफाई निरीक्षण सिंधु कुमार सहित अन्य निगम कर्मी मौजूद थे।

# युवा कवयित्री ने की डीएम से मुलाकात

**भेंट की अपनी लिखित पुस्तक ''दर्शन : जमुई जिला की एक झलक''**

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**खैरा** : स्थानीय प्रखंड की कहरडीह निवासी युवा कवयित्री श्रेशी श्री ने शनिवार को जिलाधिकारी से मुलाकात कर उन्हें अपनी लिखित किताब "दर्शनः जमुई जिला की एक झलक"

भेंट की। जिलाधिकारी ने युवा कवयित्री को किताब प्रकाशन की ढेर सारी शुभकामनायें देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

अंजनी कुमार सिन्हा व पूनम बाला प्रसाद की मँझली पुत्री श्रेशी



श्री का रुझान बचपन से ही कविता लेखन में है। उनकी अब तक दो पुस्तक प्रकाशित हो चुकी है, जिसमें "जा कबूतर जा" और "दर्शनः जमुई जिला की एक झलक" शामिल है। दर्शनः जमुई जिला की एक झलक" पुस्तक में जमुई के इतिहास-भूगोल का काव्यात्मक परिचय है और यह पुस्तक शोधर्थियों के लिये बेहद उपयोगी है।

**गयाजी में पशु तस्करी के नेटवर्क का खुलासा**

# कंटेनर से 26 बैल बरामद, प्राथमिक जांच के बाद ट्रस्ट भेजा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गया**। गयाजी के बांकेबाजार थाना इलाके में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई कर पशु तस्करी का पर्दाफाश किया है। थाना गेट के पास कंटेनर से 26 बैल बरामद किए हैं। सभी को अमानवीय तरीके से ठूंस-ठूंसकर भरा गया था। घटना शुक्रवार देर रात करीब 2 बजे की है। पुलिस को सूचना मिली कि एक संदिग्ध कंटेनर इलाके से गुजर रहा है। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष आनंद कुमार के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची। कंटेनर को रोककर तलाशी शुरू की गई। जैसे ही दरवाजा खुला, अंदर का नजारा देखकर पुलिस भी चौंक गई।

अंदर 26 बैल बुरी तरह रखे थे। कई की हालत खराब थी। कुछ बेहद कमजोर दिखे। घुटन और थकान साफ नजर आ रही थी। पुलिस ने बिना देर किए सभी बैलों को बाहर निकलवाया। मौके पर ही प्राथमिक जांच की गई। इसके बाद ट्रस्ट में



भेजा गया। वहां खाने-पीने और देखभाल की व्यवस्था कराई गई है।

थानाध्यक्ष आनंद कुमार ने बताया कि मामला अवैध पशु परिवहन का है। चालक और इसमें शामिल लोगों की पहचान की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि बैलों को कहां से लाया जा रहा था। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसे मामलों पर लगातार सख्ती जरूरी है। पुलिस ने संकेत दिए हैं कि आने वाले दिनों में अभियान और तेज होगा। पशु तस्करी के नेटवर्क को तोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। फिलहाल इस कार्रवाई ने तस्करों के बीच हड़कंप मचा गया है।

# गयाजी में 9 दिवसीय लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का शुभारंभ





सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गया**। गया में 'श्री श्री 1008 श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ' का भव्य शुभारंभ हुआ। शनिवार सुबह विष्णुपद मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें हजारों की संख्या में युवतियां और महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुईं। सभी सिर पर कलश धारण किए थे। यात्रा में घोड़े, बैंड-बाजा और धार्मिक ध्वज भी थे, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं के जयकारों और वैदिक मंत्रोच्चार से शहर गूंज उठा। नौ दिवसीय महायज्ञ को लेकर विशेष उत्साह देखा गया।

**पूजन के बाद कलश में जल भरा**: यह यात्रा विष्णुपद मंदिर से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों अहिल्याबाई चौक, रामसागर रोड, नवागढ़ी, नादरागंज, कोईरीबाड़ी, जीबी रोड, बड़ा पोस्ट ऑफिस, कोतवाली मोड़, टावर चौक, रमना रोड, मल्लाह टोली, ब्राह्मणी घाट, सेन जी की ठाकुरवाड़ी, नई सड़क और पंचमहला बाजार से होते हुए सूर्यकुंड सरोवर पहुंची। यहां विधिवत पूजन के बाद कलश में पवित्र जल भरा गया, जिसके बाद श्रद्धालु फिर विष्णुपद मंदिर लौट गए।

**शहर में ट्रैफिक व्यवस्था बदली रही**: महायज्ञ के आयोजन को लेकर जिला प्रशासन भी सतर्क रहा। ट्रैफिक व्यवस्था सुचारु रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया था, ताकि श्रद्धालुओं को असुविधा न हो। इससे पहले जिलाधिकारी ने तैयारियों का जायजा लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए थे। महायज्ञ की विधिवत शुरुआत 19 अप्रैल को बेदी पूजन, मंडप पूजन और अग्नि स्थापना के साथ होगी। 20 अप्रैल से 26 अप्रैल तक प्रतिदिन सुबह 8 बजे से नियमित यज्ञ अनुष्ठान संपन्न होगा। यह महायज्ञ कर्नाटक के माधवाचार्य संप्रदाय के प्रतिष्ठित गुरु यादवाचार्य के आचार्यत्व में आयोजित किया जा रहा है। काशी और गयाजी के विद्वान आचार्य भी इस धार्मिक अनुष्ठान में भाग ले रहे हैं। नई यज्ञशाला में पांच कुंडों का निर्माण किया गया है, जहां वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ आहुतियां दी जाएंगी।

**श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था**: आयोजन समिति के अध्यक्ष शंभू लाल विट्ठल ने बताया कि इस महायज्ञ का उद्देश्य न केवल धार्मिक आस्था को सुदृढ़ करना है, बल्कि समाज में शांति, समृद्धि और सद्भाव का संदेश फैलाना भी है। महायज्ञ के अंतिम चरण में 28 अप्रैल को एक विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के प्रसाद ग्रहण करने की व्यवस्था की गई है। इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं।

### नालंदा में बुजुर्ग महिला की मौत, तालाब में डूबने से गई जान



**नालंदा**। नालंदा में तालाब में डूबने से बुजुर्ग की महिला की मौत हो गई। स्नान करने के दौरान हादसा हुआ है। मृतका की पहचान माफी गांव निवासी गिरिजा देवी(70) के तौर पर हुई है। घटना अस्थावां थाना क्षेत्र के पेशौढ़ गांव की है। पुत्र जितेंद्र पासवान ने बताया कि मां हर दिन की तरह शनिवार को स्नान करने के लिए घर से निकली थी। तालाब किनारे पहले कपड़े धोए और फिर बालों में मिट्टी लगाकर नहाने के लिए पानी में उतरीं। इस दौरान गहरे पानी में चली गई। हादसे के 3 घंटे बाद परिजनों को जानकारी मिली। जिसके बाद घर के लोग मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से पानी से बाहर निकाला। तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। वहीं, इस संबंध में थानाध्यक्ष उत्तम कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया गया है। इस मामले में यूडी केस दर्ज किया गया है।

# सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी परीक्षा के दौरान नकल कराते तीन दबोचे

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालंदा**। नालंदा में सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी (AEDO) की परीक्षा के दौरान पेपर लीक और नकल कराने के तीन आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। सोहसराय थाना क्षेत्र के प्रयाग लाल साहू +2 हाई स्कूल एग्जाम सेंटर पर बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन के बहाने अभ्यर्थी को आंसर-की पहुंचाया जा रहा था। शिकायत के बाद पुलिस ने एक महिला परीक्षार्थी और बायोमेट्रिक एजेंसी के दो टेक्निशियन को अरेस्ट किया और पूछताछ के बाद तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

पुलिस जांच में ये बात सामने आई है कि नूरसराय थाना क्षेत्र के रहने वाले बायोमेट्रिक एजेंसी के सुपरवाइजर चंदन कुमार और ऑपरेटर राहुल कुमार ने बायोमेट्रिक मशीन के होलोग्राम के भीतर चालाकी से परीक्षा की आंसर-की छिपाकर रखी थी। जैसे ही पटना जिले के बहादुरपुर की रहने वाली महिला अभ्यर्थी श्वेता कुमारी बायोमेट्रिक सत्यापन के लिए उनके पास पहुंची, उसे आंसर-की उपलब्ध करा दिया गया। हालांकि, केंद्र पर मौजूद सतर्क अधिकारियों और



पुलिस टीम ने संदेह होने पर जब जांच की, तो इस हाई-टेक नकल के तरीके का भंडाफोड़ हो गया।

**केंद्र के अधीक्षक की शिकायत पर सोहसराय थाना में एफआईआर दर्ज**: नालंदा पुलिस की ओर से जारी आधिकारिक सूचना के अनुसार, केंद्राधीक्षक के आवेदन पर सोहसराय थाना में प्राथमिकी दर्ज किया गया है। पुलिस ने गिरफ्तार तीनों आरोपियों पर भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है। अब पुलिस इस बात की गहराई से तफ्तीश कर रही है कि बायोमेट्रिक कर्मियों के पास यह आंसर-की कहां से आई थी और इस पूरे खेल में कितने रुपए का लेनदेन तय हुआ था। पुलिस को आशंका है कि इस गिरोह के तार किसी बड़े सॉल्वर गैंग से जुड़े हो सकते हैं, जिसके लिए अन्य संदिग्धों की तलाश में छापेमारी जारी है।

**9732 परीक्षार्थियों में से केवल 4285 ही उपस्थित हुए**: जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार जिले के 15 केंद्रों पर आयोजित इस परीक्षा में उपस्थिति काफी कम दर्ज की गई। प्रथम पाली में आवंटित 9732 परीक्षार्थियों में से केवल 4285 ही उपस्थित हुए, जबकि दूसरी पाली में यह संख्या घटकर 4250 रह गई। पूरे जिले में केवल इसी केंद्र पर कदाचार का मामला सामने आया, जहां नियमों के उल्लंघन के आरोप में छात्रा श्वेता कुमारी को तत्काल प्रभाव से परीक्षा से निष्कासित कर दिया गया। फिलहाल पुलिस इस पूरे रैकेट के मास्टरमाइंड तक पहुंचने के लिए आरोपियों से मिली सूचनाओं का सत्यापन कर रही है।

# महाबोधि मंदिर में देश-विदेश से आए श्रद्धालु, दुनिया को शांति का दिया संदेश

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गया**। विश्व धरोहर दिवस पर आज बोधगया स्थित महाबोधि मंदिर एक बार फिर दुनिया के सामने आस्था, विरासत और आध्यात्म का मजबूत प्रतीक बनकर उभरा है। 18 अप्रैल को मनाए जा रहे इस खास दिन पर मंदिर परिसर में देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं की मौजूदगी ने इसकी वैश्विक पहचान को और भी पुख्ता कर दिया। साल 2002 में यूनेस्को की ओर से विश्व धरोहर का दर्जा मिलने के बाद महाबोधि मंदिर की अहमियत और बढ़ गई। यही वह पवित्र स्थान है, जहां करीब 2500 साल पहले गौतम बुद्ध ने बोधि वृक्ष के नीचे ज्ञान हासिल किया था। आज भी यह स्थल न सिर्फ बौद्ध धर्मावलंबियों, बल्कि हर वर्ग और देश के लोगों के लिए आस्था का केंद्र बना हुआ है।

मंदिर की वास्तुकला भी कम आकर्षक नहीं है। ऊंचा पिरामिडनुमा शिखर और दीवारों पर उकेरी गई बारीक नक्काशी पुराने भारतीय ईंट निर्माण कला की बेहतरीन झलक पेश करती है। यही वजह है कि इतिहास और स्थापत्य में रुचि रखने वाले लोग भी यहां खींचे चले आते हैं। धार्मिक नजरिए से देखें तो महाबोधि मंदिर आज भी एक जीवंत आध्यात्मिक केंद्र है। यहां रोजाना ध्यान, साधना और पूजा का सिलसिला चलता है। दुनिया के अलग-अलग हिस्सों से आने वाले श्रद्धालु शांति और आत्मिक संतुलन की तलाश में यहां पहुंचते हैं।





**हमारी सांस्कृतिक धरोहरों को बचाना सभी की जिम्मेदारी**: बीटीएमसी की सचिव डॉ महाश्वेता महारथी ने कहा कि विश्व धरोहर दिवस के मौके पर यह स्थल एक बार फिर यह याद दिलाता है कि हमारी सांस्कृतिक धरोहरों को बचाना और सहेजना हम सभी की जिम्मेदारी है। महाबोधि मंदिर सिर्फ अतीत की निशानी नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि विरासत किसी एक नहीं होती है बल्कि सांझी होती है। लिहाजा इसकी पवित्रता, भव्यता और आध्यत्मिकता को बनाए रखने की जिम्मेदारी सभी की है। स्थानीय प्रशासन और मंदिर प्रबंधन ने भी इस दिन को खास बनाने के लिए साफ-सफाई और सुरक्षा के इंतजाम पुख्ता किए हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### समाहरणालय, सासाराम में सोमवार को होगा सोलर मेला सह लोन मेला का आयोजन

**सासाराम/ रोहतास**। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर संयंत्र स्थापना को बढ़ावा देने एवं उपभोक्ताओं को ऋण सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 20 अप्रैल (सोमवार) को डीआरडीए भवन, समाहरणालय, सासाराम परिसर में सोलर मेला सह लोन मेला का आयोजन 12 बजे से किया जाएगा। इसकी जानकारी विद्युत अधीक्षण अभियंता, सासाराम इंद्रदेव कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि इस पहल का उद्देश्य उपभोक्ताओं को बिजली बिल से राहत प्रदान करना तथा उन्हें स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग के लिए प्रोत्साहित करना है। योजना के अंतर्गत सोलर संयंत्र लगाने पर सरकार द्वारा एक किलोवाट पर 30 हजार रुपये, दो किलोवाट पर 60 हजार रुपये तथा तीन किलोवाट या उससे अधिक क्षमता पर 78 हजार रुपये तक की सब्सिडी प्रदान की जाती है।इसके अतिरिक्त उपभोक्ताओं को सोलर पैनल स्थापित करने हेतु बैंकों के माध्यम से लगभग 7 प्रतिशत की रियायती ब्याज दर पर 2 लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। इस ऋण की अदायगी शहरी क्षेत्रों में 4 से 5 वर्षों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 7 से 8 वर्षों में की जा सकती है। उन्होंने बताया कि मेले में उपभोक्ताओं को सोलर संयंत्र की स्थापना, लागत, अनुदान, ऋण प्रक्रिया एवं अन्य तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। साथ ही, विभिन्न बैंकों एवं अधिकृत एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे, जिनसे उपभोक्ता ऋण संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकेंगे तथा मौके पर ही आवेदन की प्रक्रिया भी पूरी कर सकेंगे। जिला प्रशासन एवं विद्युत विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे इस सोलर मेला सह लोन मेला में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर योजना का लाभ उठाएं और स्वच्छ, सस्ती एवं आत्मनिर्भर ऊर्जा की दिशा में कदम बढ़ाएं।

### धर्मागतपुर मारपीट मामले में पुलिस की सख्ती,दो महिला आरोपी गिरफ्तार,12 लोग नामजद,जांच जारी

**दावथ / रोहतास** : सूर्यपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम धर्मागतपुर में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की घटना में सूर्यपुरा पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों से एक-एक महिला आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है । थानाध्यक्ष चंदन कुमार भगत ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले की जांच शुरू की । दोनों पक्षों की ओर से थाने में लिखित आवेदन देकर एक-दूसरे पर मारपीट व आरोप-प्रत्यारोप लगाए गए थे । आवेदन के आधार पर पुलिस ने कांड दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की और दोनों पक्षों से कुल 12 लोगों (6-6) को नामजद अभियुक्त बनाया गया है ।थानाध्यक्ष ने कहा कि मामला आपसी विवाद से जुड़ा है । दोनों पक्षों की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है । प्रारंभिक जांच और साक्ष्यों के आधार पर दोनों पक्षों से एक-एक महिला आरोपी की संलिप्तता पाए जाने पर उन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है । अन्य नामजद अभियुक्तों की भूमिका की जांच की जा रही है और जो भी दोषी पाए जाएंगे,उनके विरुद्ध विधिसम्मत कठोर कार्रवाई की जाएगी । पुलिस ने स्पष्ट किया है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच जारी है ।

### दिनारा पुलिस ने स्थाई वारंटी संतोष चौधरी को किया गिरफ्तार

**दिनारा /रोहतास** : दिनारा थाना की पुलिस ने स्थाई वारंटी संतोष चौधरी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया । थानाध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद ने बताया कि भैरोडीह गांव निवासी संतोष चौधरी के विरुद्ध सासाराम न्यायालय से स्थाई वारंट जारी किया गया था । गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को दबोच लिया । गिरफ्तारी के बाद उसे थाने लाया गया,जहां आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जिसके बाद उसे जेल भेज दिया गया । थानाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि फरार वारंटियों और अपराधियों के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा । उन्होंने कहा कि कानून से बचकर कोई भी ज्यादा दिनों तक नहीं रह सकता और सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा ।

### सृजन साथी अभियान के तहत कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जोड़ेगी

**सासाराम** । रोहतास जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष जयप्रकाश पांडेय के नेतृत्व में सासाराम में प्रेस कांफ्रेंस करके यह बताया गया की कांग्रेस पार्टी रोहतास जिला में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सृजन साथी अभियान के तहत जोड़ने का काम करेगी की इस अभियान को बूथ से पंचायत से पंचायत ससे प्रखंड और प्रखंड अध्यक्ष स्तर से जिला स्तर तक जिला स्तर से प्रदेश स्तर तक हम लोग ले जाने का काम करेंगे हम लोग का उद्देश्य है की अधिक से अधिक इस जिले में कांग्रेस पार्टी की सृजन साथी अभियान से लोग जुड़े अधिक से अधिक मेंबर बने कांग्रेस पार्टी ऐप के माध्यम से सदस्य बना रही है जिला अध्यक्ष ने पूरे रोहतास जिले की युवाओं से महिलाओं से किसानों से आग्रह किया की आप लोग इस ऐप के माध्यम से कांग्रेस पार्टी की डिजिटल सदस्यता ग्रहण कर राहुल गांधी का कांग्रेस पार्टी का और देश में संविधान बचाने का जो लड़ाई चल रहा है उसमें कांग्रेस पार्टी के हाथ को मजबूत करें प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से उपस्थित नवल किशोर , राधा प्रसाद सिंह, मानस रंजन , हीराराम , दीपक शुक्ला, अभिमन्यु सिंह, राजेश्वर कुशवाहा ,प्रवीण कुमार वर्मा, पीयूष भारद्वाज, जावेद अख्तर , शैलेश कुमार , तेजपत्ति राम ,सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल हुए।

### पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने सीमेंट कार्गो के परिवहन और टर्मिनलों पर सीमेंट की लोडिंग और अनलोडिंग में अभूतपूर्व प्रगति हासिल की



**कटिहार**। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान रेलवे द्वारा सीमेंट कार्गो के परिवहन और अपने टर्मिनलों पर सीमेंट की लोडिंग और अनलोडिंग में अभूतपूर्व प्रगति हासिल की है। इस संबंध में एन एफ रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कपिंजल किशोर शर्मा ने बताया कि सीमेंट परिवहन के आवक में 7.8% की वृद्धि दर्ज की गई। जो 2024-25 के 9.05 मिलियन टन से बढ़कर 2025-26 में 9.76 मिलियन टन हो गई। लोडिंग क्षेत्र में, सीमेंट में 152.7% की उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई। ये उपलब्धियाँ पूर्वोत्तर क्षेत्र में माल परिवहन की दक्षता बढ़ाने और बुनियादी ढांचे के विकास में सहयोग करने में एनएफआर के निरंतर प्रयासों को दर्शाती हैं। सबसे उल्लेखनीय उपलब्धियों में से एक, 14 सितंबर, 2025 को सायरंग रेलवे स्टेशन पर पहली बार सीमेंट रैक की सफल अनलोडिंग की गई थी। गुवाहाटी के पास स्टार सीमेंट साइडिंग से लोड किया गया यह रैक, नव-निर्मित बइरबी-सायरंग रेल मार्ग पर चलने वाली पहली मालगाड़ी थी, जिसने क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को एक महत्वपूर्ण बढ़ावा दिया। सीमेंट कार्गो परिचालन को और अधिक मजबूत करते हुए, एनएफआर ने 24 सितंबर, 2025 को नागालैंड के मॉलवॉम रेलवे स्टेशन पर पहली बार सीमेंट रैक की अनलोडिंग कर माइलस्टोन हासिल किया। इस रैक में सीमेंट के 41 वैगन थे, जो तेलंगाना के मेसर्स माई होम इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लोड किए गए थे। रेलवे ने 11 मार्च, 2025 को तेतेलिया स्थित व्यस्त स्टार सीमेंट साइडिंग पर इलेक्ट्रिक इंजन वाली पहली मालगाड़ी लायी गई। इस साइडिंग ने फरवरी, 2025 में 50 रैकों की हैडलिंग की। वही एक अन्य ऐतिहासिक घटनाक्रम में, सीमेंट लदे पहले मालगाड़ी को 24 मार्च, 2025 को अगरतला के पास निश्चिंतपुर टर्मिनल पर सफलतापूर्वक पहुंचाया गया। तेतेलिया स्थित स्टार सीमेंट साइडिंग से आई इस खेप ने अगरतला- अखौरा नई रेल लिंक परियोजना के तहत एक ऐतिहासिक क्षण को चिह्नित किया।जिससे त्रिपुरा और पूर्वोत्तर में माल परिवहन की कनेक्टिविटी और अधिक सुदृढ़ हुई है।

# करगहर प्रखंड सभागार में अग्नि सुरक्षा मॉक ड्रिल

## बचाव के तरीकों का दिया गया प्रशिक्षण

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**करगहर (रोहतास)**। करगहर प्रखंड के सभागार में अग्नि सुरक्षा को लेकर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया, जिसमें आग लगने जैसी आपात स्थिति से निपटने के लिए लोगों को व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन में जागरूकता बढ़ाना तथा आपदा के समय त्वरित और सही कार्रवाई सुनिश्चित करना था।

मॉक ड्रिल के दौरान अलार्म बजाकर आपात स्थिति का माहौल तैयार किया गया और उपस्थित लोगों को सुरक्षित निकासी (इवैकुएशन) की प्रक्रिया का अभ्यास कराया गया। अग्निशमन विभाग की टीम ने फायर एक्सटिंग्विशर के उपयोग का लाइव प्रदर्शन करते हुए बताया कि शुरुआती समय में ही आग पर काबू पाकर बड़ी दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है।

इस दौरान लीडिंग फायरमैन हवलदार एवं अग्निशमन पदाधिकारी अनिल शर्मा ने कहा कि आग की घटनाओं में घबराहट सबसे बड़ी समस्या होती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि ऐसी स्थिति में संयम बनाए रखें और तुरंत सही कदम उठाएं। साथ ही, उन्होंने घर, स्कूल और कार्यस्थलों पर अग्निशमन उपकरण रखने और उनकी नियमित जांच करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी अजीत कुमार, एसआई संजीव कुमार, अग्निशमन पदाधिकारी अनिल शर्मा, अग्निशामक चालक आलोक रंजन, रणवीर कुमार, अग्निशमन कर्मी देवघर कुमार, देवगोड़ा कुमार, रूपेश कुमार, रुदल कुमार, एकलाख अंसारी सहित वार्ड सदस्य सरफुद्दीन आलम, मुन्ना कुशवाहा, बच्चा सिंह यादव, दुर्गेश पटेल तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में लोगों ने अग्नि सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं और इस तरह के आयोजन को नियमित रूप से करने की आवश्यकता जताई।

## करूप गांव की काली मंदिर में तोड़फोड़ मुकुट चोरी, ग्रामीणों में आक्रोश

### मां काली की प्रतिमा का मुकुट भी अब सुरक्षित नहीं

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**काराकाट (रोहतास)**। असमाजिक तत्वों द्वारा धार्मिक स्थलों को निशाना बनाए जाने की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। नगर पंचायत काराकाट के अंतर्गत करूप गांव स्थित प्राचीन काली मंदिर में बीती रात चोरों ने तोड़फोड़ की। चोरों ने मंदिर में स्थापित मां काली की प्रतिमा को उसके - स्थान से नीचे गिरा दिया और मुकुट चोरी कर लिया। घटना का पता शुक्रवार सुबह तब चला जब स्थानीय लोग पूजा के लिए मंदिर पहुंचे। मंदिर की दुर्दशा देखकर ग्रामीणों में गहरा दुःख और आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों का कहना है कि आए दिन मंदिरों में तोड़फोड़, मूर्तियों को खंडित करने और चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं। स्थानीय समाजसेवियों और ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से इस घटना की कड़ी निंदा की है। ग्रामीणों ने कहा कि जब भगवान का घर हीं सुरक्षित नहीं है तो आम लोगों में असुरक्षा की भावना - बढ़ना स्वाभाविक है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की जाए और मंदिरों की सुरक्षा के लिए ठोस इंतजाम किए जाए। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से पूरे क्षेत्र में चिंता का माहौल है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि आखिर धार्मिक स्थल कब तक असामाजिक तत्वों के निशाने पर रहेंगे। इस आशय की जानकारी पुलिस को बताया गया है पुलिस जांच में जुटी है।

## प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी ने कोचस बीईओ का संभाला कार्य

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**कोचस (रोहतास)**। कोचस प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अरविंद कुमार को बीईओ के पद से मुक्त कर दिया गया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी मदन राय के कार्यालय के द्वारा जारी किए गए निर्देश के आलोक में बीईओ अरविंद कुमार को पद मुक्त किया गया है।

आपको बता दे की पिछले दिनों कोचस कल्याण पदाधिकारी सह प्रभारी बीईओ अरविन्द कुमार एवं बलथरी मध्यविद्यालय के प्रधानाध्यापक दिनेश प्रसाद सिंह के छोटे भाई राजेश सिंह ऊर्फ राजू यादव के बीच ग्यारह अप्रैल को मारपीट हुई थी।जिसमें शिक्षक के भाई राजू गंभीर रूप से घायल हो गए थे। राजू यादव का आरोप था कि बीईओ के द्वारा मेडिकल छुट्टी के लिए घूस मांगे गए थे जहां नहीं देने पर जाति शिक्षक शब्द का उपयोग करते हुए मारपीट किया गया था। इस मामले में पीड़ित ने लिखित आवेदन दे स्थानीय थाने में प्राथमिक ही दर्ज कराई थी।

वही मारपीट का मामला गंभीर रूप धारण कर लिया जहां मारपीट की खबर जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय तक पहुंची, जिसमे जिला शिक्षा अधिकारी मदन राय ने मामले की छानबीन शुरू कर दी, इस मामले मे सत्यता पाते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय के द्वारा बीईओ को पद मुक्त करने का निर्देशित कर तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया। वही उनकी जगह प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी सुमित कुमार चौधरी को नियमित वैकल्पिक व्यवस्था होने तक वित्तीय अधिकार सहित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कोचस के कार्य हेतु अधिकृत किया गया।

## गुरुकुल स्कूल में वार्षिक सम्मान समारोह आयोजित







सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**डेहरी (रोहतास)**। गुरुकुल स्कूल, सुजानपुर में शनिवार को निदेशक आर.पी. सिंह एवं प्रधानाध्यापक कुमार सविनय के नेतृत्व में वार्षिक सम्मान समारोह 2026 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश एवं मां सरस्वती के पूजन के साथ मुख्य अतिथि बी.ई.ओ. डेहरी संजय कुमार सिंह, निदेशक आर.पी. सिंह तथा प्रधानाध्यापक कुमार सविनय द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में किड्स से कक्षा दसवीं तक के लगभग 450 छात्र-छात्राओं ने वर्गवार समूह नृत्य प्रस्तुत कर समारोह की शोभा बढ़ाई। विद्यार्थियों ने देशभक्ति, शिक्षा, संस्कृति, स्वच्छता, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ एवं सामाजिक जागरूकता पर आधारित प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

इस अवसर पर शैक्षणिक सत्र 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टॉपर छात्र-छात्राओं को मोमेंटो, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही अनुशासन, उपस्थिति, खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों, कला एवं संचार कौशल में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी विशेष पुरस्कार प्रदान किए गए। कक्षा आठवीं की छात्रा निक्की एवं शिवानी को विद्यालय में बेहतर संवाद कौशल एवं आत्मविश्वासपूर्ण प्रस्तुति के लिए बेस्ट कम्युनिकेशन अवार्ड देकर सम्मानित किया गया।

विद्यालय के सभी शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट कार्य, अनुशासन एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में योगदान के लिए मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। गुरुकुल स्कूल की सुंदरगंज शाखा के शिक्षकों को भी उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। निदेशक आर.पी. सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों की शानदार सफलता के पीछे शिक्षकों की मेहनत एवं अभिभावकों का सहयोग महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल अच्छे अंक दिलाना नहीं, बल्कि बच्चों में संस्कार, आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करना है।

प्रधानाध्यापक कुमार सविनय ने कहा कि यह सम्मान समारोह विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। कार्यक्रम के दौरान कई अभिभावकों को भी विद्यालय के प्रति उनके सहयोग एवं बच्चों की नियमित उपस्थिति के लिए सम्मानित किया गया।

## विश्व हिंदू परिषद ने राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी रोहतास श्रीमती उदिता सिंह को सौंपा ज्ञापन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**सासाराम /रोहतास**। देश में बढ़ती विकृत जिहादी मानसिकता, अवैध कब्जों एवं सुनियोजित षडयंत्रों के विरोध कठोर कार्रवाई हेतु आज बजरंगदल, विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं आक्रोश मार्च निकालकर जिलाधिकारी उदिता सिंह के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा ।

आय दिन लव जिहाद जैसे षडयंत्र, हिंदू कन्याओं का शारीरिक शोषण , अल फलाह यूनिवर्सिटी - आतंकी कनेक्शन, अवैध लैंड जिहाद , अपवित्र खान पान , हिंदू परिवारों का उत्पीड़न जैसे राष्ट्र विरोधी और आपराधिक मानसिकता वाले तत्वों को चिन्हित कर उनके विरोध त्वरित एवं कठोर दंडात्मक कार्रवाई करने की मांग की । साथ ही साथ उन्होंने मांग की कि सार्वजनिक एवं सरकारी भूमि पर हुए सभी अवैध कब्जों को तत्काल हटाया जाए । लव जिहाद और जबरन धर्मांतरण जैसे कृत्यों को रोकने हेतु कठोर केंद्रीय कानून लागू किया जाए । जनजातीय क्षेत्रों में हो रहे शोषण को रोकने हेतु विशेष तंत्र विकसित किया जाए ।








## बिक्रमगंज में रीपर मशीन पर लगा प्रतिबंध हटाया गया, हालात सामान्य होने पर SDM का आदेश

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बिक्रमगंज /रोहतास**। अनुमंडल क्षेत्र में गेहूं कटनी के दौरान लगाई गई रीपर मशीन पर रोक अब हटा दी गई है। अनुमंडल दंडाधिकारी (SDM) बिक्रमगंज द्वारा जारी नए आदेश के अनुसार पूर्व में अग्निकांड की घटनाओं को रोकने और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगाया गया प्रतिबंध अब तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है।

गौरतलब है कि कार्यालय द्वारा ज्ञापांक-1710 दिनांक 12 अप्रैल 2026 के तहत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-152 के अंतर्गत रीपर मशीन के उपयोग पर 10 दिनों के लिए रोक लगाई गई थी। उस समय लगातार हो रही आग की घटनाओं को देखते हुए यह कदम उठाया गया था।

हालांकि, वर्तमान स्थिति की समीक्षा के बाद प्रशासन ने पाया कि अब क्षेत्र में अग्निकांड की घटनाओं में कमी आई है और विधि-व्यवस्था पूरी तरह सामान्य एवं नियंत्रण में है। इसी आधार पर प्रतिबंध को आगे जारी रखना आवश्यक नहीं समझा गया।

इस संबंध में अनुमंडल दंडाधिकारी ने 18 अप्रैल 2026 को नया आदेश जारी करते हुए पुराने आदेश को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है। साथ ही इस आदेश की प्रतिलिपि सभी संबंधित अधिकारियों—प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थानाध्यक्ष, प्रखंड कृषि पदाधिकारी समेत जिला स्तरीय पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई हेतु भेज दी गई है।

अब किसानों को गेहूं कटनी के लिए रीपर मशीन के उपयोग की अनुमति मिल गई है, जिससे फसल कटाई कार्य में तेजी आने की उम्मीद है।

## विश्व हिंदू परिषद ने राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी रोहतास श्रीमती उदिता सिंह को सौंपा ज्ञापन



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**सासाराम /रोहतास**। देश में बढ़ती विकृत जिहादी मानसिकता, अवैध कब्जों एवं सुनियोजित षडयंत्रों के विरोध कठोर कार्रवाई हेतु आज बजरंगदल, विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं आक्रोश मार्च निकालकर जिलाधिकारी उदिता सिंह के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा ।

आय दिन लव जिहाद जैसे षडयंत्र, हिंदू कन्याओं का शारीरिक शोषण , अल फलाह यूनिवर्सिटी - आतंकी कनेक्शन, अवैध लैंड जिहाद , अपवित्र खान पान , हिंदू परिवारों का उत्पीड़न जैसे राष्ट्र विरोधी और आपराधिक मानसिकता वाले तत्वों को चिन्हित कर उनके विरोध त्वरित एवं कठोर दंडात्मक कार्रवाई करने की मांग की । साथ ही साथ उन्होंने मांग की कि सार्वजनिक एवं सरकारी भूमि पर हुए सभी अवैध कब्जों को तत्काल हटाया जाए । लव जिहाद और जबरन धर्मांतरण जैसे कृत्यों को रोकने हेतु कठोर केंद्रीय कानून लागू किया जाए । जनजातीय क्षेत्रों में हो रहे शोषण को रोकने हेतु विशेष तंत्र विकसित किया जाए ।

## कटिहार निवासी दीपिका चंदा ने मैट्रिक में 97% अंक लाकर जिले में अव्वल स्थान प्राप्त की

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**कटिहार**। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित मैट्रिक परीक्षा में छोटी ढ्योहरी, बिनोदपुर, वार्ड नंबर 37,कटिहार निवासी दीपिका चंदा ने मैट्रिक में 97% अंक लाकर जिले में अव्वल स्थान प्राप्त की है। दीपिका चंदा का जन्म 20 जनवरी 2010 को हुई है। ये बचपन से ही पठन-पाठन के साथ-साथ अन्य विधाओं में काफी मेधावी रही है। मैट्रिक परीक्षा का परिणाम आते ही इनके माता पदमा कुमारी, पिता चंदन कुमार सिंह झा,दादा राजकुमार सिंह झा, दादी नीला झा, नाना शशी नाथ झा,नानी इंदिरा झा, छोटी बहन अनुष्का चंदा,दादा नागेश कुमार सिंह झा, ज्योतिष कुमार सिंह ने मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।

दीपिका चंदा की माता पदमा कुमारी प्राइवेट स्कूल में शिक्षिका है। पिता चंदन कुमार सिंह झा प्राइवेट स्कूल में कार्यालय सहायक हैं।छोटी बहन अनुष्का चंदा वर्ग 4 में पढ़ती है। माता पदमा कुमारी, पिता चंदन कुमार सिंह झा, दादा राजकुमार सिंह झा ने कहा कि दीपिका चंदा को 500 में अंक 485 यानी 97% अंक प्राप्त की है। अंग्रेजी में 92, संस्कृत में 99, गणित में 93, विज्ञान में 99, सोशल साइंस में 95, पेंटिंग में 100 अंक प्राप्त की है।

दीपिका चंदा की माता पदमा कुमारी पिता चंदन कुमार सिंह ने बताया कि 2022 में जब ये वर्ग सात में पढ़ती थी उस समय विद्यालय स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 2023 में जब वर्ग 8 में पढ़ती थी,तो विद्यालय स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर रही। 2024 में जब वर्ग 9 में पढ़ती थी,तो विद्यालय स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की ओर से ट्राफी कप,प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। 2025 में वाद विवाद प्रतियोगिता में अंग्रेजी और हिंदी विषय में यह द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 2 अक्टूबर 2024 को कटिहार जिला स्थापना दिवस समारोह में जिला पदाधिकारी मनीष कुमार मीणा ने पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर इन्हें मंच पर मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। 28 फरवरी 2025 को सी.वी.रमन की परीक्षा में नवे स्थान प्राप्त किया। बिहार काउंसिल ओंन साइंस एंड टेक्नोलॉजी के द्वारा आयोजित कार्यक्रम समारोह नेशनल साइंस डे 2025 के अवसर पर इन्हें ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र आईएएस अहमद मोहम्मद ने प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर के सम्मानित किया। 2024-25 में ओलंपियाड परीक्षा में नवे स्थान प्राप्त की। बिहार ओलंपियाड परीक्षा 2025-26 में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इन्हें पुरस्कृत किया गया। दीपिका चंदा डॉक्टर बनना चाहती है। डॉक्टर बनकर गरीब लाचार व्यक्तियों की सेवा करना चाहती है।दीपिका चंदा ने कहा कि जब मैं डॉक्टर बनूंगी,तो मेरा सबसे पहला उद्देश्य रहेगा कि समाज के निचले पदान में जीवन गुजर बसर करने वाले गरीब लोगों की स्वास्थ्य के क्षेत्र में सेवा करूंगी। दीपिका चंदा ने कहा की मैट्रिक की परीक्षा में अव्वल स्थान लाने का श्रेय अपने माता-पिता, पारिवारिक सदस्य के साथ-साथ विद्यालय के सभी शिक्षकों को जाता है। मेरी रुचि पेंटिंग में है। दीपिका चंदा ने छात्र-छात्राओं को संदेश देते हुए कहा कि लगातार पढ़ाई करना चाहिये,काम ही समय पढ़े लेकिन नियमित रूप से पढ़ें। सफलता हासिल होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### लव मैरिज करने वाला युवक गिरफ्तार

**बांका।** बांका जिले के रजौन क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग किशोरी से जुड़े प्रेम प्रसंग के मामले में गंभीर आरोप लगने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार युवक की पहचान बांका थाना क्षेत्र के भद्रार गांव निवासी राजा कुमार दास के रूप में हुई है। किशोरी के पिता ने थाना में आवेदन देकर आरोप लगाया कि राजा कुमार दास ने अपने एक सहयोगी के साथ मिलकर उनकी पुत्री का शादी की नीयत से अपहरण कर लिया।

**गाली-गलौज और मारपीट की गईः** उन्होंने बताया कि जब वे युवक के दोस्त के घर पूछताछ करने पहुंचे तो उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट की गई। इसके बाद जब वे आरोपी के घर पहुंचे तो उनकी पुत्री वहां मौजूद मिली, लेकिन विरोध करने पर उन्हें भगा दिया गया। साथ ही युवक पर किशोरी के साथ गलत काम करने का आरोप भी लगाया गया है। करीब एक वर्षों से दोनों के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था।

**दोनों ने मंदिर में शादी भी कर ली थीः** इधर, जानकारी के अनुसार किशोरी और युवक के बीच लंबे समय से प्रेम संबंध था और दोनों शादी करना चाहते थे। बताया जाता है कि किशोरी अपनी मर्जी से युवक के साथ घर से चली गई थी और दोनों ने मंदिर में शादी भी कर ली थी। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर दोनों को बरामद कर थाना लाया और कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद युवक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। किशोरी ने बताया कि उसने अपनी इच्छा से शादी की है, लेकिन नाबालिग होने के कारण पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया के तहत कार्रवाई की है। थानाध्यक्ष राज रतन ने बताया कि आरोपी को न्यायिक हिरासत भेज दिया गया है।

### स्वर्णिका ज्वेलर्सः सोने के जेवर पर सिर्फ 7% मेकिंग चार्ज

**भागलपुर।** तिलकामांझी क्षेत्र के प्रतिष्ठित स्वर्णिका ज्वेलर्स ने ग्राहकों के लिए अनोखा नो प्रॉफिट, नो लॉस ऑफर लॉन्च किया है। यह ऑफर केवल 7 दिनों के लिए लागू रहेगा। ऑफर के तहत सोने के आभूषणों पर मात्र 7% मेकिंग चार्ज लिया जा रहा है। इससे ग्राहकों को कम कीमत में बेहतर गुणवत्ता के आभूषण खरीदने का अवसर मिल रहा है। शोरूम के प्रोप्राइटर विशाल आनंद ने बताया कि ग्राहकों को किफायती दरों पर उच्च गुणवत्ता के आभूषण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। उन्होंने कहा कि इस ऑफर में आधुनिक और पारंपरिक दोनों तरह के डिजाइन उपलब्ध हैं। ऑफर की घोषणा के बाद से ही शोरूम में ग्राहकों की भीड़ बढ़ गई है। लोग इसे खरीदारी का सुनहरा मौका मान रहे हैं। प्रबंधन ने शहरवासियों से अपील की है कि वे इस सीमित अवधि के ऑफर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

### भक्ति व ध्यान से ही मिलेगी शांति : आधा

**भागलपुर।** वननेस के तत्वावधान में शुक्रवार को शहर दक्षिणी क्षेत्र स्थित एक मैरेज हॉल परिसर में एकम ऐश्वर्य पूजा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान पूजा, भक्ति और ध्यान का अद्भुत संगम देखने को मिला, जहां लोगों ने अपने जीवन में सुख, शांति और समृद्धि के लिए संकल्प लिया। मुख्य वक्ता आधा दास ने अपने प्रवचन से श्रद्धालुओं को प्रेरित किया। कहा कि जीवन में ऐसा कोई व्यक्ति नहीं है जो परेशान न होता हो। उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि पंखा चलने पर बाल उड़ते हैं और बंद होने पर गर्मी सताती है, यानी हर परिस्थिति में चुनौतियां बनी रहती हैं। कार्यक्रम में आधा दासा जी ने राम आएंगे भजन भी प्रस्तुत किया, जिससे पूरा पंडाल भक्तिमय हो उठा। आयोजन की सफलता में बबली किशोर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अंत में श्रद्धालुओं ने ऐसे आयोजनों को समाज के लिए उपयोगी बताया।

### एमजे पब्लिक स्कूल भवनाथपुर में आयुष ने 94% लाकर किया टॉप

**भागलपुर।** सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित होते ही एमजे पब्लिक स्कूल, भवनाथपुर में खुशी का माहौल है। विद्यालय के सभी छात्र सफल रहे हैं। विद्यालय के छात्र आयुष कुमार ने 94% अंक प्राप्त कर टॉप किया। इसके अलावा दो छात्रों ने 90% से अधिक अंक हासिल किए, जबकि 15 छात्र 80% से ऊपर अंक लाने में सफल रहे। बेहतर प्रदर्शन से अभिभावकों और शिक्षकों में भी खुशी है। रिजल्ट घोषित होने के बाद विद्यालय प्रबंधन द्वारा सफल छात्रों को मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार चौधरी, निदेशक अमरदीप एवं सभी शिक्षकों ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### आज से लगने वाले क्रिकेट समर कैंप पर कॉलेज की आपत्ति

**भागलपुर।** टीएनबी कॉलेज प्रशासन ने उसके स्टेडियम में शनिवार से लगने वाले निःशुल्क क्रिकेट समर कैंप पर आपत्ति कर दी है। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. दीपो महतो ने कहा कि आयोजकों ने कैंप लगाने के लिए अनुमति नहीं ली है। खेल विभाग को भी इसकी सूचना नहीं मिली है। उन्हें लोगों से इसके आयोजन का पता चला। बिना पूर्व अनुमति लिए कॉलेज के स्टेडियम का उपयोग गलत है। कैंप नहीं लगने दिया जाएगा। इधर आयोजक मनीष कुमार ने बताया कि मौखिक रूप से प्राचार्य को सूचना भेजी गई थी। कॉलेज के लोगों ने ही कहा था कि कैंप निःशुल्क है, इसलिए आवेदन देने की जरूरत नहीं है। मनीष ने कहा कि प्राचार्य से अनुमति के लिए बात की जाएगी।

### सामान्य योग्यता की होगी परीक्षा

**भागलपुर।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी (एईडीओ) भर्ती परीक्षा का आयोजन शुक्रवार को भी शहर के 32 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से जारी रहा। 17 अप्रैल को आयोजित परीक्षा में कुल 6521 परीक्षार्थियों ने भाग लिया, जबकि 7735 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली 2:30 बजे से 4:30 बजे तक चली। परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया परीक्षा शुरू होने से एक घंटे पहले कड़ी जांच के बाद शुरू की गई। मारवाड़ी पाठशाला परीक्षा केंद्र से परीक्षा देकर निकले अभ्यर्थी अभिषेक, गौरव ने बताया कि आज भाषा वन व भाषा टू की परीक्षा हुई। इसमें व्याकरण, निबंध पूछा गया था। शनिवार को सामान्य योग्यता की परीक्षा होगी।

### स्टेशन पर दोनाली बंदूक व छह खोखा के साथ युवक गिरफ्तार

**भागलपुर।** जीआरपी और आरपीएफ ने शुक्रवार को भागलपुर स्टेशन पर साहिबगंज-दानापुर इंटरसिटी ट्रेन से एक युवक को मुंगेरिया मेड के 12 बोर वाले दोनाली बंदूक और छह खोखा के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवक की पहचान बांका जिले के अमरपुर थाना क्षेत्र स्थित डुमरिया निवासी गोपेश कुमार सिंह के रूप में हुई है। पूछताछ में युवक ने स्वीकार किया कि उसने यह बंदूक मुंगेर के अकरम नाम के व्यक्ति से 80 हजार रुपए में खरीदी थी। युवक के पास से मिले कागजात की जांच में पुलिस ने पाया कि सस्त्र का लाइसेंस फर्जी है। गोपेश ने बताया कि वह इस बंदूक का उपयोग गार्ड की नौकरी के लिए करता था। एएसपी उमेश्वर चौधरी ने बताया कि रेल अधीक्षक के निर्देश पर चलाए गए अभियान में व्यक्ति को कंट्री मेड दोनाली बंदूक व छह खाली कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार युवक मिर्जाचौकी से वापस लौट रहा था। गिरफ्तार व्यक्ति व बेचने वाले व्यक्ति के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। मौके जीआरपी थानाध्यक्ष नसीम अहमद, आरपीएफ इंस्पेक्टर अमित गिरी समेत अन्य मौजूद थे।

# साहब आपने कहा था सिलेंडर की होम डिलीवरी होगी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर के नाथनगर क्षेत्र में गैस उपभोक्ता इन दिनों भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। यहां सरकारी दावे से उलट जमीनी हकीकत है। साईं बाबा गैस एजेंसी पर मनमानी का आरोप लगाते हुए 12 उपभोक्ता आज सदर अनुमंडल कार्यालय पहुंचे और उन्होंने अपनी शिकायत दर्ज कराई। उपभोक्ताओं ने आवेदन के माध्यम से सदर अनुमंडल कार्यालय भागलपुर के पदाधिकारी को जानकारी दी। इन्होंने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से गैस की होम डिलीवरी की व्यवस्था की बात कही जाती है। लेकिन इसका पालन नहीं हो रहा है। शिकायतकर्ताओं उमेश उपाध्याय का कहना है कि होम डिलीवरी तो दूर जब वे स्वयं एजेंसी पर गैस लेने जाते हैं, तब भी उन्हें सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराया जाता, कई बार चक्कर लगाने के बावजूद खाली हाथ लौटना पड़ता है, जिससे दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। उपभोक्ताओं ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाए, ताकि आम लोगों को समय पर गैस उपलब्ध हो सके। पीड़ित अमृतलाल ने बताया कि 15 दिन पहले वे लोग साईं बाबा गैस एजेंसी में शिकायत लेकर गए थे। वहां अधिकारियों ने एजेंसी को ग्रामीण क्षेत्र में होने की बात कही, जबकि इसके 90 प्रतिशत उपभोक्ता शहरी क्षेत्र से जुड़े हैं। इस बात को लेकर उन्होंने आवेदन भी दिया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि समस्या के समाधान के लिए वे एसडीएम कार्यालय पहुंचे, जहां उन्हें कभी गोपनीय शाखा, तो कभी आपूर्ति शाखा भेजा जाता रहा। दोनों ऑफिस के बीच लगातार चक्कर लगाते हुए करीब दो घंटे बीत गए, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हुई। अंत में काफी कहने के बाद उनका आवेदन लिया गया, फिर भी अब तक कोई ठोस समाधान नहीं मिल पाया है और वे लगातार परेशान हो रहे हैं।

**एलपीजी गैस और पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति सामान्यः** जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुधीर कुमार ने बताया कि भागलपुर में एलपीजी गैस और पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति सामान्य रूप से जारी है। गैस एजेंसियों की ओर से उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी के माध्यम से सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है और बुकिंग की तुलना में अधिक संख्या में डिलीवरी की जा रही है, जिससे बुकिंग में भी कमी आई है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे एजेंसी के गोदाम पर गैस लेने के लिए न जाएं, क्योंकि गोदाम से गैस वितरण पर रोक लगाई गई है। शादी-विवाह जैसे आयोजनों के लिए व्यावसायिक गैस की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए अनुमंडल स्तर पर व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से गैस आपूर्ति की लगातार निगरानी की जा रही है और जिला नियंत्रण कक्ष में प्राप्त शिकायतों का निपटारा किया जा रहा है। नियंत्रण कक्ष 24 घंटे संचालित है।।

## 1000 भक्तों ने निकाली कलश यात्रा




सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**भागलपु।** भागलपुर के जगदीशपुर में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ और श्रीमद्भागवत कथा को लेकर आज भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी से पूरा इलाका भक्तिमय माहौल में डूब गया। कलश यात्रा में महिलाओं की बड़ी भागीदारी रही, जिन्होंने पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश रखकर पूरे मार्ग में भक्ति गीतों के साथ वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। कलश यात्रा यज्ञ स्थल से प्रारंभ होकर क्षेत्र के अलग-अलग रास्तों से गुजरती हुई फिर से यज्ञ स्थल पर पहुंची। इस दौरान पुरुष, युवक और बच्चे भी बढ़-चढ़कर शामिल हुए। जगह-जगह स्थानीय लोगों ने श्रद्धालुओं के स्वागत की व्यवस्था की थी।

**आकर्षक झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्रः** यात्रा के दौरान निकाली गई आकर्षक झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। इन झांकियों में विभिन्न धार्मिक प्रसंगों का जीवंत चित्रण किया गया, जिसे देखने के लिए सड़क किनारे लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। यज्ञ स्थल पर पहुंचने के बाद वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। आयोजन समिति संरक्षक युगल मंडल न बताया कि महायज्ञ और श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 26 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान रोजाना सुबह की पूजा, कथा वाचन, भजन-कीर्तन और अलग-अलग धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे, जिसमें दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालु भी भाग लेंगे।

# बंदूक और फर्जी लाइसेंस के साथ युवक गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर में जीआरपी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। साहिबगंज इंटरसिटी ट्रेन से एक युवक को कंट्रीमेड अवैध दोनाली बंदूक और फर्जी आर्म्स लाइसेंस के साथ गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान बांका जिले के डुमरिया निवासी गोपेश कुमार सिंह के तौर पर हुई है। तलाशी के दौरान 6 खोखे भी बरामद हुए।

**सख्ती से पूछताछ पर खुला राजः** जमालपुर रेल एएसपी उमेश्वर चौधरी ने शुक्रवार रात 10:30 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि नियमित जांच अभियान के दौरान यह सफलता मिली है। भागलपुर जीआरपी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर नसीम अहमद अपनी टीम के साथ प्लेटफॉर्म संख्या- चार पर खड़ी ट्रेन में चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान एक संदिग्ध बैग पर उनकी नजर पड़ी। जिससे 12 बोर की बंदूक बरामद की गई। आसपास मौजूद यात्रियों से पूछताछ करने पर पुलिस की नजर गोपेश कुमार सिंह पर पड़ी, जो घबराया हुआ दिख रहा था। सख्ती से पूछताछ पर उसने बताया कि बैग उसी का है। जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। आर्म्स लाइसेंस उधमपुर का बताया जा रहा है। जिसकी सत्यता की जांच की जा रही है।

**पुलिस गंभीरता से जांच कर रही हैः** एएसपी ने आगे कहा कि आरोपी के पास से छह खोखा भी मिला है। अब यह जांच का विषय है कि इन खोखों का इस्तेमाल कहां और किस परिस्थिति में किया गया। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि आरोपी इस हथियार को लेकर कहां जा रहा था। इसका इस्तेमाल किस मकसद से किया जाना था।

**80 हजार में खरीदा था हथियारः** पूछताछ में आरोपी ने बताया कि साहिबगंज के एक अस्पताल में गार्ड की नौकरी के सिलसिले में गया था, लेकिन बात नहीं बनने पर वापस लौट रहा था। साल 2020 में वह कुशमाहा क्षेत्र में गार्ड की नौकरी करता था। उसी दौरान उसकी पहचान मुंगेर जिले के अकरम से हुई थी। शुरुआत में दोनों के बीच सामान्य बातचीत होती थी, लेकिन बाद में उसने अधिक कमाई का लालच दिया। अकरम ने कहा कि अगर मेरे पास हथियार और लाइसेंस होगा तो उसकी सैलरी दोगुनी हो सकती है। इसी झांसे में आकर 2024 में उसने अकरम से 80 हजार रुपए में यह दोनाली बंदूक और फर्जी लाइसेंस खरीद लिया। अकबरनगर आकर उसने मुझे हथियार सौंपा था। अकरम की तलाश में छापेमारी की जा रही है।

# कस्तूरबा स्कूलों में खाली सीटें भरने का अल्टीमेटम

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**भागलपुर।** भागलपुर जिले में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में रिक्त सीटों को भरने के लिए शिक्षा विभाग ने अब सख्त रुख अपना लिया है। राज्य परियोजना निदेशक के निर्देश पर जिले में 'अंतिम प्रहार' अभियान शुरू किया गया है, जिसके तहत 30 अप्रैल 2026 तक शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने का लक्ष्य तय किया गया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए हैं कि सभी प्रखंडों में विशेष रणनीति बनाकर नामांकन बढ़ाया जाए। जिले में संचालित कस्तूरबा विद्यालयों में खासकर कक्षा 9 से 12 तक नामांकन अपेक्षाकृत कम है। इसे देखते हुए शिक्षा विभाग ने ब्लॉक-टू-ब्लॉक रणनीति अपनाने का निर्णय लिया है। जिन प्रखंडों में 12वीं तक की पढ़ाई की सुविधा उपलब्ध नहीं है, वहां की छात्राओं को दूसरे प्रखंडों के कस्तूरबा विद्यालयों के छात्रावासों में प्राथमिकता के आधार पर नामांकित किया जाएगा। इससे छात्राओं की पढ़ाई बीच में बाधित न हो और वे उच्च कक्षाओं तक शिक्षा प्राप्त कर सकें।

**घर-घर दस्तक देगी टीमः** इस अभियान को 'प्रवेश उत्सव' के रूप में मनाने की योजना बनाई गई है, ताकि अधिक से अधिक छात्राओं और अभिभावकों को इससे जोड़ा जा सके। इसके तहत पंचायत स्तर तक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। आंगनबाड़ी सेविकाओं, जीविका समूहों, शिक्षकों और जनप्रतिनिधियों की मदद से घर-घर संपर्क कर छात्राओं को विद्यालय में नामांकन के लिए प्रेरित किया जाएगा। शिक्षा विभाग का मानना है कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों की बालिकाओं के लिए शिक्षा का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। यहां निशुल्क शिक्षा के साथ-साथ आवास, भोजन और अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाती है। इसके बावजूद कई विद्यालयों में सीटें खाली रहना चिंता का विषय है, जिसे अब अभियान चलाकर दूर करने की कोशिश की जा रही है। डीईओ ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे नियमित रूप से प्रगति की समीक्षा करें और जहां भी कमी पाई जाए, वहां तुरंत सुधारात्मक कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि 30 अप्रैल तक हर हाल में सभी सीटों को भरना है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# लाखों का उप स्वास्थ्य केंद्र खंडहर, उद्घाटन नहीं होने से बना नशे का अड्डा, ग्रामीण परेशान

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**अररिया।** अररिया के रानीगंज प्रखंड स्थित पचिरा गांव में लाखों रुपये की लागत से निर्मित एक उप स्वास्थ्य केंद्र खंडहर में तब्दील हो गया है। प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से बना यह केंद्र अब नशेड़ियों का अड्डा बन गया है, जिससे स्थानीय ग्रामीणों में भारी रोष है। यह केंद्र वर्षों पहले आम लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए बनाया गया था, लेकिन आज तक इसका उद्घाटन नहीं हो सका। उद्घाटन न होने के कारण असामाजिक तत्वों ने इसे पूरी तरह बर्बाद कर दिया है। केंद्र की कुर्सियां, बेसिन, दरवाजे, खिड़कियां और लोहे की ग्रिल तक उखाड़ ली गई हैं।

**रात के समय यहां नशेड़ी जमा होतेः** भवन की दीवारों पर नशे से जुड़े सामानों के अवशेष साफ दिखाई देते हैं, और रात के समय यहां नशेड़ी जमा होते हैं, जिससे इलाके का माहौल खराब हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि यह केंद्र समय पर शुरू हो जाता, तो उन्हें छोटी-मोटी बीमारियों के लिए दूर के अस्पतालों में नहीं भटकना पड़ता। ग्रामीणों के अनुसार, गंभीर मरीजों को अररिया या रानीगंज रेफर करना पड़ता है, जिससे समय और पैसे दोनों का नुकसान होता है। कई बार मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं। वर्तमान में, स्वास्थ्य विभाग पंचायत भवन में सीमित सुविधाएं दे रहा है, लेकिन स्टाफ और संसाधनों की कमी के कारण पूर्ण इलाज संभव नहीं है।

**सरकारी फंड की बर्बादी हुईः** स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही पर सवाल उठाए हैं, उनका कहना है कि सरकारी फंड की बर्बादी हुई है और हजारों ग्रामीणों की स्वास्थ्य सुविधाएं प्रभावित हुई हैं। इस संबंध में, जिला प्रोग्राम मैनेजर (डीपीएम) संतोष कुमार ने बताया कि उनके कार्यकाल से पहले ही केंद्र जर्जर हालत में था। उन्होंने कहा कि इसे दोबारा चालू करने के लिए बड़े पैमाने पर मरम्मत और पर्याप्त फंड की आवश्यकता है, और इस दिशा में प्रयास जारी हैं।

**केंद्र को शीघ्र शुरू करने की मांग कीः** रानीगंज विधायक अविनाश मंगलम ने इस मुद्दे को गंभीर बताते हुए केंद्र को शीघ्र शुरू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलनी चाहिए। विधायक ने स्वास्थ्य विभाग से तत्काल कार्रवाई की अपील की है। स्थानीय निवासी अब उम्मीद कर रहे हैं कि प्रशासन इस खंडहर को जल्द बहाल करेगा और पचिरा समेत आसपास के गांवों के लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस मामला बिहार के ग्रामीण स्वास्थ्य ढांचे की बदहाली को एक बार फिर उजागर कर दिया है।

# बरौनी के रास्ते दिल्ली-बेंगलुरु के लिए समर स्पेशल ट्रेन

**बेगूसराय।** गर्मियों की छुट्टी (Summer Vacation) में ट्रेनों में होने वाली भारी भीड़ को देखते हुए रेलवे ने यात्रियों को बड़ी राहत दी है। पूर्व मध्य रेल ने नई दिल्ली, आनंद विहार और बेंगलुरू के लिए तीन जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के परिचालन का निर्णय लिया है। सीपीआरओ सरस्वती चंद्र ने बताया कि तीनों ट्रेन बरौनी के रास्ते चलेगी। ट्रेन नंबर-04072/04071 नई दिल्ली-सुपौल-नई दिल्ली समर स्पेशल ट्रेन सहरसा-बरौनी-शाहपुर पटोरी-हाजीपुर-बलिया-गाजीपुर-वाराणसी-प्रयागराज के रास्ते चलेगी। ट्रेन नंबर- 04072 नई दिल्ली-सुपौल स्पेशल 15 जुलाई तक (21, 22, 23, 24 एवं 25 मई को छोड़कर) प्रतिदिन नई दिल्ली से 21.35 बजे खुलेगी। विभिन्न स्टेशनों पर रुकते हुए दूसरे दिन 21.05 बजे हाजीपुर, 22.10 बजे शाहपुर पटोरी, तीसरे दिन 00.35 बजे बरौनी, 01.03 बजे बेगूसराय, 02.18 बजे खगड़िया, 02.40 बजे मानसी, 03.10 बजे सिमरी बख्तियारपुर, 03.45 बजे सहरसा रुकते हुए 06.35 बजे सुपौल पहुंचेगी।

**वापसी में सुपौल नई दिल्सी दोपहर 3 बजे दिल्ली पहुंचेगीः** वापसी में ट्रेन नंबर-04071 सुपौल-नई दिल्ली स्पेशल 19 अप्रैल से 17 जुलाई तक (23, 24, 25, 26 एवं 27 मई को छोड़कर) रोज सुपौल से 7.45 बजे खुलकर 9.35 बजे सहरसा, 10.08 बजे सिमरी बख्तियारपुर, 10.53 बजे मानसी, 11.05 बजे खगड़िया, 11.38 बजे बेगूसराय, 12.20 बजे बरौनी, 13.30 बजे शाहपुर पटोरी, 14.50 बजे हाजीपुर सहित अन्य स्टेशनों पर रुकते हुए अगले दिन 15.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। ट्रेन नंबर- 04008/04007 आनंद विहार-जोगबनी-आनंद विहार समर स्पेशल ट्रेन अररिया कोर्ट- पूर्णिया-कटिहार-मानसी-बरौनी-शाहपुर पटोरी-हाजीपुर-छपरा-गोरखपुर-मुरादाबाद के रास्ते चलेगी। इसमें ट्रेन नंबर- 04008 आनंद विहार-जोगबनी स्पेशल 18 अप्रैल से 11 जुलाई तक (23 मई को छोड़कर) हर शनिवार को आनंद विहार से 08.30 बजे खुलेगी। विभिन्न स्टेशनों पर रुकते हुए अगले दिन 00.30 बजे हाजीपुर, 3.45 बजे शाहपुर पटोरी, 4.45 बजे बरौनी, 5.18 बजे बेगूसराय, 5.53 बजे खगड़िया, 6.05 बजे मानसी, 7.10 बजे नवगछिया, 10.50 बजे कटिहार,12.18 बजे पूर्णिया, 13.13 अररिया कोर्ट एवं 13.48 बजे फारबिसगंज रूकते हुए 15.00 बजे जोगबनी पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन नंबर-04007 जोगबनी-आनंद विहार स्पेशल 19 अप्रैल से 12 जुलाई तक (24 मई को छोड़कर) हर रविवार को जोगबनी से 18.30 बजे खुलकर 19.03 बजे फारबिसगंज, 19.43 बजे अररिया कोर्ट, 20.48 बजे पूर्णिया, 21.50 बजे कटिहार, 22.45 बजे नवगछिया, अगले दिन 00.13 बजे मानसी, 00.25 बजे खगड़िया, 1.00 बजे बेगूसराय, 2.30 बजे बरौनी, 3.30 बजे शाहपुर पटोरी, 4.55 बजे हाजीपुर रूकते हुए तीसरे दिन 03.00 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। ट्रेन नंबर- 05551/05552 सहरसा-यशवंतपुर-सहरसा समर स्पेशल ट्रेन मानसी-खगड़िया-न्यू बरौनी जं.-किउल-झाझा-आसनसोल-खड़गपुर-भुवनेश्वर-विशाखपत्तनम के रास्ते चलेगी।

# पुल के नीचे मिली युवक की लाश

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



◆ हत्या कर शव फेंकने की आशंका, मृतक की पहचान नहीं हो सकी है

**बेगूसराय।** बेगूसराय में पुल के नीचे से एक युवक का शव मिला है। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। हत्या की आशंका जताई जा रही है। सुबह लोगों की नजर बॉडी पर पड़ी। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। घटना मंसूरचक थाना क्षेत्र में बलान नदी के समसा घाट पुल के पास की है। घटनास्थल पर मौजूद लोगों का कहना है कि शरीर पर न तो किसी तरह का जख्म है और न ही पुल से नीचे गिरकर मौत होने का कोई चिन्ह दिख रहा है। लाश की स्थिति देखकर आशंका जताई जा रही है कि कहीं दूसरी जगह हत्या करके यहां फेंका गया है।

**पहचान में जुटी पुलिसः** लाश मिलने की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पहचान की कोशिश की जा रही है। फोटो सभी थाना में सर्कुलेट किया गया है। आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। वहीं, इस संबंध में मंसूरचक थानाध्यक्ष गोविंद कुमार पांडेय ने बताया कि स्थानीय लोगों से पुल के नीचे लाश पड़े होने की सूचना मिली थी। मृतक के पहचान की कोशिश की जा रही है। जांच-पड़ताल और पहचान के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। बॉडी को 72 घंटे तक सुरक्षित रखा जाएगा।

# करंट से झुलसकर मजदूर की मौत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बेगूसराय।** बेगूसराय में शादी समारोह में लगा पंडाल खोलने के दौरान हाई वोल्टेज बिजली तार की चपेट में आने से एक मजदूर की मौत हो गई। घटना चेरिया बरियारपुर प्रखंड कार्यालय के समीप स्थित नया टोला की है। मृतक की पहचान विक्रमपुर गांव के रहने वाले विजय पासवान के पुत्र रितेश कुमार (21) के रूप में हुई है। घटना के संबंध मृतक के चचेरे भाई सुजीत कुमार ने बताया कि रितेश, इंद्रदेव पोद्दार के टेंट हाउस में मजदूरी का काम करता था। चेरिया बरियारपुर प्रखंड कार्यालय के पीछे स्थित नया टोला में कल हुए एक शादी समारोह टेंट-पंडाल लगाया गया था। रितेश आज वही पंडाल खोल रहा था। इसी दौरान ऊपर से गुजर रहे 11000 वोल्टेज के बिजली तार की चपेट में आने से झुलस कर गिर गया।

**चेरिया बरियारपुर पीएचसी से बेगूसराय रेफर, रास्ते में तोड़ दमः** स्थानीय लोगों की ओर से तुरंत रितेश कुमार को उठाकर चेरिया बरियारपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (PHC) ले जाया गया। इसके बाद परिजनों को सूचना दी गई श। परिजन पहुंचे और हालत गंभीर रहने पर बेगूसराय रेफर कर दिया गया। परिजन एंबुलेंस से बेगूसराय ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में मौत हो गई। सदर अस्पताल लाते ही डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सुजीत का कहना है कि जहां पर बैठकर रितेश पंडाल खोल रहा था। वहां मात्र एक-डेढ़ फीट ऊपर से हाई वोल्टेज बिजली का तार गुजरा है।

बगल में कच्चा बांस भी था। आशंका है कि उसी के कारण करंट लगने से मौत हुई है। फिलहाल घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों की सूचना पर पहुंची नगर थाना की पुलिस ने लाश का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में कराया है। इधर चेरिया बरियारपुर थाना की पुलिस सभी पहलुओं पर जांच-पड़ताल कर रही है।

**आसनसोल मंडल के तहत ट्रैक रखरखाव कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

ट्रैक रखरखाव कार्य के लिए, आसनसोल मंडल के झाझा-सीतारामपुर अनुभाग में शंकरपुर एवं मथुरापुर स्टेशनों के बीच डाउन लाइन पर **दिनांक 19.04.2026 (रविवार)** को 13332 पटना-धनबाद इंटरसिटी एक्सप्रेस के गुजरने के बाद **3.5 घंटे** के लिए **(14.30 बजे से 18.00 बजे तक) ब्लॉक** आवश्यक होगा। फलस्वरूप, ट्रेनों के संचालन के लिए नीचे उल्लेखित व्यवस्थाएं की गई हैं:- • **पुनर्निर्धारण (दिनांक 19.04.2026 को): 63546** जसीडीह-अंडाल एमईएमयू पैसेंजर 3 घंटे 35 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी। • **संक्षिप्त यात्रा समाप्त (दिनांक 19.04.2026 को): 63509** बर्द्धमान-झाझा एमईएमयू पैसेंजर मधुपुर में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी। • **संक्षिप्त यात्रा शुरू (दिनांक 19.04.2026 को): 63510** झाझा-बर्द्धमान एमईएमयू पैसेंजर मधुपुर से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी। असुविधा के लिए खेद है।

**मंडल रेल प्रबंधक, आसनसोल**

**पूर्व रेलवे**

## संक्षिप्त समाचार

### डीके कारमेल व एमडी कारमेल का शानदार रिजल्ट

**आरा**। हर वर्ष की तरह इस बार भी आरा के डीके कारमेल स्कूल और दुलौर जगदीशपुर के एमडी कारमेल स्कूल के बच्चों ने शत-तिशत सफलता का परचम लहराया। डीके कारमेल की छात्रा ''श्री'' ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्र रविराज कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वंशिका वीर राय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दुलौर जगदीशपुर में एमडी कारमेल स्कूल की छात्रा आंचल कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त, छात्र विवेक कुमार सिंह ने द्वितीय स्थान और रीतेश कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष डॉ मधेश्वर सिंह ने सभी छात्रों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि डीके कारमेल समूह उत्कृष्ट शिक्षा देने के प्रति कृत-संकल्पित है।

### हेरोइन के साथ तीन तस्कर को एसटीएफ ने पकड़ा

**आरा**। बिहार एसटीएफ एवं भोजपुर पुलिस ने सूचना के आधार पर छापामारी कर टाउन थाना क्षेत्र के मझौआ बांध के पास से हेरोइन तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए गैंग में शामिल तीन तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तस्करों के पास से करीब 73 ग्राम हेरोइन और नकद बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में धोबहा थाना क्षेत्र के इंजरी पिपरा गांव के निवासी स्वर्गीय रमता सिंह के पुत्र अभिषेक कुमार,वीरेंद्र यादव के पुत्र राहुल कुमार और अखिलेश कुमार तिवारी के पुत्र मुकुल तिवारी उर्फ ब्रजेश तिवारी शामिल है।

### संतुलित उर्वरक उपयोग पर किया गया जागरूक

**कोईलवर**। स्थानीय प्रखंड कृषि कार्यालय कोईलवर में शुक्रवार को किसानों के लिए संतुलित उर्वरक उपयोग और समेकित उर्वरक प्रबंधन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम हुआ। प्रखंड के किसान, कृषि समन्वयक, प्रसार कर्मी, तकनीकी प्रबंधक और किसान सलाहकार शामिल हुए। कार्यक्रम कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के तहत आत्मा और कृषि विज्ञान केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस दौरान सहायक निदेशक राजेश कुमार पांडे ने किसानों को यूरिया और डीएपी का जरूरत से ज्यादा उपयोग नहीं करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि मिट्टी की जांच के आधार पर ही उर्वरक का इस्तेमाल करना चाहिए, ताकि फसल की पैदावार अच्छी हो और जमीन की उर्वरता बनी रहे।

### डीएम और एसपी ने मंडल कारा का किया निरीक्षण, सुरक्षा का किया गया मूल्यांकन

**आरा**। आरा डीएम और एसपी राज ने संयुक्त रूप से शुक्रवार को सुबह जेल की सुरक्षा व्यवस्था और अनुशासन का जायजा लेने के लिए मंडल कारा आरा में सघन छापेमारी सह संयुक्त निरीक्षण किया। इस उच्चस्तरीय निरीक्षण का नेतृत्व जिला पदाधिकारी भोजपुर एवं पुलिस अधीक्षक भोजपुर ने स्वयं किया। सुरक्षा और सुविधाओं का सूक्ष्म मूल्यांकन निरीक्षण दल में अनुमंडल पदाधिकारी सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर 1 सहित कई अन्य वरीय अधिकारी शामिल थे। टीम ने कारा परिसर के भीतर निम्नलिखित पहलुओं की बारीकी से जांच की। जेल की बाहरी और आंतरिक सुरक्षा दीवारों, सीसीटीवी कैमरों और सुरक्षा प्रहरियों की तैनाती की स्थिति का जायजा लिया। बंदियों को मिल रहे भोजन, पेयजल और स्वास्थ्य सुविधाओं की गुणवत्ता, कारा परिसर के विभिन्न वार्डों और अस्पताल क्षेत्र में साफ-सफाई का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डीएम और एसपी ने कारा प्रशासन को सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। निगरानी तंत्र को 24 घंटे सक्रिय रखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिए। कारा संचालन से संबंधित जेल मैनुअल के निर्धारित मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के साथ कारा प्रशासन को निर्देश दिया गया कि वे सुरक्षा और अनुशासन बनाए रखने के साथ-साथ बंदियों को मिलने वाली विधिक सुविधाओं के बीच बेहतर संतुलन स्थापित करें। एसपी राज ने कहा कि पुलिस जनसुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जेल के भीतर अनुशासनहीनता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह कार्रवाई भोजपुर पुलिस और जिला प्रशासन की उस निरंतर मुहिम का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखना है। निरीक्षण से कारा प्रशासन और बंदियों के बीच हड़कंप की स्थिति रही।

### नीलाम पत्रवाद के 20 मामलों की सुनवाई

**बक्सर**। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में डीडीसी निहारिका छवि ने नीलाम पत्र वाद से जुड़े 20 मामलों की सुनवाई की। कार्यवाही के दौरान उप विकास आयुक्त ने अधियाची विभाग को निर्देश दिया कि देनदारों द्वारा प्रस्तुत किए गए जवाबों का विधिवत प्रतियुत्तर समय पर दाखिल किया जाए, ताकि मामलों का त्वरित एवं न्यायसंगत निष्पादन सुनिश्चित हो सके। बैठक में संबंधित विभागीय पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

### सेंट्रल जेल में छापा, नहीं मिली आपत्तिजनक वस्तु

**बक्सर**। सेंट्रल जेल में शुक्रवार की सुबह डीएम साहिला और एसपी शुभम आर्य के नेतृत्व में छापेमारी की गई। करीब दो घंटे से अधिक समय तक चले इस अभियान में जेल परिसर के चप्पे-चप्पे की सघन तलाशी ली गई। हालांकि जांच के दौरान किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक वस्तु बरामद नहीं हुई। सुबह 5 बजे शुरू हुआ यह सर्च ऑपरेशन 7:20 बजे तक चला। इस दौरान सभी बैरकों, वार्डों, रसोईघर और अन्य संवेदनशील स्थानों की बारीकी से जांच की गई। इस कार्रवाई में डीएम और एसपी के साथ सदर एसडीएम अविनाश कुमार, सदर एसडीपीओ गौरव पांडेय, डुमरांव एसडीपीओ पोलस्त कुमार सहित कई थानों की पुलिस टीम मौजूद रही। वहीं जेल सुपरिटेंडेंट ज्ञानिता गौरव भी कारा कर्मियों के साथ पूरी कार्रवाई के दौरान उपस्थित रहीं। डीएम ने बताया कि यह अभियान जेल की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से चलाया गया था। उन्होंने कहा कि पूरी जांच के दौरान कोई भी संदिग्ध या आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली है। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि आगे भी इस तरह की औचक जांच जारी रहेगी, ताकि जेल के अंदर किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके और सुरक्षा व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त बनी रहे।

### साइबर ठगी में महिला को भेजा गया जेल

**बक्सर**। बावनबांध में साइबर ठगी के मामले में गिरफ्तार महिला ममता देवी को जेल भेज दिया गया। एसपी कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक आरोपी के पास से 03 नोटबुक, 01 लेडीज पर्स, 01 रजिस्टर तथा अन्य महत्वपूर्ण कागजात बरामद किए गए हैं। बरामद दस्तावेजों की जांच कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। कार्रवाई का नेतृत्व साइबर थानाध्यक्ष अविनाश कुमार कश्यप ने किया।

### नवादा थाना क्षेत्र की घटना, पत्नी और उसका प्रेमी गिरफ्तार, पिस्टल जब्त

**आरा**। आरा नवादा थाने की पुलिस ने हत्या करने की नीयत से की गई फायरिंग में प्रयुक्त पिस्टल और बाइक को तरारी थाने के भदसेरा गांव से बरामद कर लिया। नवादा थाना के थानाध्यक्ष विपिन बिहारी ने बताया कि नवादा थाना क्षेत्र में बैंक कॉलोनी के रहने वाले रणजीत कुमार ने अपनी पत्नी स्वीटी कुमारी और उसके प्रेमी सागर कुमार पर जान से मारने की नियत से फायरिंग करने का आरोप लगाया था। इस बारे में एफआईआर दर्ज कराया था। एफआईआर दर्ज होने के बाद घटना की जांच कर घटना में शामिल सागर कुमार पिता कन्हैया साह बीरमपुर थाना उदवंतनगर को हैदराबाद से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद ट्रांजिट रिमांड लेते हुए गुरुवार को आरा नवादा थाना वापस आया। पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि घटना में प्रयुक्त बाइक और अवैध हथियार भदसेरा गांव में छिपा कर रखा हुआ है। वहां से पुलिस ने हथियार और बाइक बरामद किया।टी कुमारी ने अपनी पति की हत्या के लिए प्रेमी सागर कुमार को 50 हजार रुपया पिस्टल और 2 लाख रुपया बाइक के लिए दी थी। सागर कुमार ने पुलिस को बताया था कि स्वीटी से जान-पहचान टेम्पू चलाने के दौरान हुआ था। बाद में हमदोनो आपस में बातचीत करने लगे। जिसकी जानकारी स्वीटी कुमारी के पति को हो गयी थी। स्वीटी कुमारी के पति रंजीत कुमार नेवी में काम करते हैं। वे जब भी घर आते में हमसे बातचीत करने पर स्वीटी कुमारी को काफी मारपीट करते थे।

# 30 लाख की पकड़ी गई शराब कूलर के अंदर छिपाई हुई मिली

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



♦ पुलिस ने वाहन जांच के दौरान किया गिरफ्तार

**बक्सर**। बक्सर जिले में उत्पाद विभाग ने अवैध शराब तस्करी के एक बड़े मामले का खुलासा किया है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में करीब 30 लाख रुपए मूल्य की शराब बरामद की गई। यह कार्रवाई वीर कुंवर सिंह चेक पोस्ट, ऊपरी गंगा पुल के पास रात करीब 10:30 बजे की गई। उत्पाद अधीक्षक अशरफ जमाल को गुप्त सूचना मिली थी कि एक डीसीएम ट्रक से भारी मात्रा में शराब की तस्करी की जा रही है। सूचना मिलते ही मध निषेध विभाग की टीम सक्रिय हो गई। चेक पोस्ट प्रभारी इंस्पेक्टर कुंदन कुमार के नेतृत्व में टीम ने वीर कुंवर सिंह चेक पोस्ट पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया।

**कूलर के अंदर छुपाकर ले जा रहे थे शराबः** जांच के दौरान एक संदिग्ध डीसीएम ट्रक को रोका गया। तलाशी लेने पर उसमें कूलर लदे मिले। शुरुआती तौर पर सब कुछ सामान्य लग रहा था, लेकिन गहन जांच में कूलर के अंदर भारी मात्रा में अवैध शराब छिपाई हुई मिली। तस्करों ने जांच से बचने के लिए शराब को कूलर के भीतर छुपाकर ले जाने का प्रयास किया था। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि यह शराब पंजाब के मंडी गोबिंदगढ़ से लोड की गई थी और इसे बिहार के जमुई जिले में पहुंचाया जाना था। उत्पाद विभाग की सतर्कता और समय पर मिली सूचना के कारण तस्करी का यह प्रयास विफल हो गया।

**नेटवर्क में शामिल लोगों की पहचान जारीः** उत्पाद विभाग ने ट्रक को जब्त कर लिया है। इस मामले में ट्रक चालक मुकेश कुमार और उसके सहयोगी सुबोध कुमार को गिरफ्तार किया गया है। दोनों जमुई जिले के सिकंदरपुर के निवासी हैं। उत्पाद विभाग ने आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। इस तस्करी नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों की पहचान और उनके ठिकानों का पता लगाने के लिए जांच जारी है। इस कार्रवाई से साफ है कि बक्सर प्रशासन और उत्पाद विभाग अवैध शराब के खिलाफ पूरी तरह सतर्क और सक्रिय है, और भविष्य में भी इस तरह के अभियान जारी रहेंगे।

# बच्चों के विकास के लिए 6 साल महत्वपूर्ण



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**ब्रह्मपुर**। पोषण पखवारा अभियान के तहत ब्रह्मपुर में जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। 23 अप्रैल तक चलने वाले इस अभियान की इस वर्ष की थीम "जीवन के पहले 6 वर्षों में मस्तिष्क विकास" रखी गई है। निमेज पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 19 पूरबा टोला में जनजागरुकता सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड अंचल अधिकारी सोनू कुमार के संरक्षण एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी रूबी कुमारी के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में पिरामल फाउंडेशन के गांधी फेलो प्रदीप केवट ने ग्रामीणों को बताया कि गर्भावस्था से लेकर बच्चे के छह वर्ष तक का समय उसके संपूर्ण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं को संतुलित एवं पौष्टिक आहार लेना चाहिए, ताकि बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास बेहतर हो सके। उन्होंने साफ-सफाई, नियमित स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण और उचित देखभाल के महत्व पर भी जानकारी दी। महिलाओं को दैनिक जीवन में पोषण संबंधी आदतों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

# पंखे से लटककर बार्बर ने की खुदकुशी



सोलु कुमार
मृतक



♦ दोस्तों ने खिड़की से देखकर पिता को दी सूचना, परिजन गांव गए थे

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। आरा शहर के नवादा थाना क्षेत्र के अनाइठ मोहल्ले में पंखे से लटका युवक का शव बरामद हुआ है। परिजन की ओर से खुदकुशी करने की बात कही जा रही है। मृतक रोहतास के नटवार थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव निवासी गोपाल ठाकुर का 19 साल का बेटा सोलु कुमार उर्फ करिया है। वर्तमान में नवादा थाना क्षेत्र के अनाइठ सिद्धार्थ नगर वार्ड नंबर 43 में करीब 20 साल से किराए के मकान में रहता था। वह आईटीआई की पढ़ाई के साथ बाजार समिति स्थित सैलून में नाई का काम करता था। इधर, मृतक के पिता गोपाल ठाकुर ने बताया कि घर के सभी लोग गांव गए हुए थे। वह और उनके बेटे घर पर थे। शुक्रवार की रात करीब नौ बजे जब दुकान से वापस घर लौटे तो घर का दरवाजा अंदर से बंद था। उन्होंने कई बार दरवाजा खटखटाया पर किसी ने जवाब नहीं दिया। तब गर्मी के कारण वह दरवाजे के बाहर ही गमछा बिछाकर सो गए।।शनिवार की सुबह जब उसका दोस्त ट्यूशन जाने के लिए आया और दीवाल तड़प के घर में गया तो उसने देखा कि उसके कमरे का दरवाजा बंद है।

**सुसाइड का कारण साफ नहींः** जब उन्होंने उसके कमरे की खिड़की से झांक कर देखा तो वह पंखे से गले में फंदा डाल लटक रहा था। तब उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पाकर स्थानीय थाना मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। दूसरी तरफ मृतक के पिता गोपाल ठाकुर ने बेटे की खुदकुशी करने की बात कही है। हालांकि, युवक ने खुदकुशी क्यों की। इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

# सड़क हादसे में दर्जी की मौत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा**। बिहिया-बिहटा स्टेट हाईवे पर भोजपुर के पीरो थाना क्षेत्र के देचना बाल गांव के पास अनियंत्रित होकर सवारियों से भरी ऑटो पलट गई। हादसे में ऑटो पर सवार बुजुर्ग की मौत हो गई। इलाज के लिए पीरो पीएचसी लाने के दौरान उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतक बुजुर्ग पेशे से दर्जी बताए जा रहे। हादसे में मृतक की बहू, पोती, भतीजा समेत 5 अन्य लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घायलों का सदर अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है।

**हादसे के शिकार घायलों में ये शामिलः** मृतक की पहचान हसन बाजार थाना क्षेत्र के कातर गांव के रहने वाले 67 साल के मकसूद आलम के रूप में हुई है। वहीं, घायलों में मृतक की बहू 38 साल की नासरीन खातून, 35 साल की हस्बु खातून, पोती 16 साल की आफरीन, 18 साल जासमीन और 42 साल का भतीजा इबरार अंसारी है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मकसूद आलम बहू ,भतीजे और पोतियों के साथ अपने साले के लड़के के शादी में शामिल होने के लिए बिहिया थाना क्षेत्र के बिहिया नगर गए थे। शादी समारोह में शामिल होने के बाद वह ऑटो रिजर्व पर अपने परिवार के सभी लोगों के साथ वापस गांव लौट रहे थे। उसी दौरान देचना बाल के समीप उनकी ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई। स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी को पीरो पीएचसी लाया गया, जहां डॉक्टरों ने मकसूद आलम को मृत घोषित कर दिया, वहीं सभी ज़ख्मियों को पीरो पीएचसी से सदर अस्पताल लाया गया।

**चार बेटे और दो बेटियों का पिता था बुजुर्गः** सूचना पाकर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। मृतक के परिवार में पत्नी मदीना खातून, चार पुत्र नसीम, अफजल , खुर्शीद, शमशेर व दो पुत्री शबाना एवं सहाना है। घटना के बाद मृतक के घर में हाहाकार मच गया है। इस घटना के बाद मृतक की पत्नी मदीना खातून एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# जिले में आरक्षण रोस्टर के लिए पंचायत राज विभाग ने जारी किया आदेश

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बक्सर**। जिले में इस वर्ष होने वाले पंचायत चुनाव को लेकर सरगर्मी बढ़ गयी है। हालांकि अभी चुनाव के लिए लगभग 6 माह शेष हैं। इस वर्ष होने वाले पंचायत चुनाव में जिले की सभी 136 पंचायतों में नए रोस्टर से चुनाव कराया जाएगा। 10 साल बाद नया रोस्टर बन रहा है। नये आरक्षण के लागू होने पर जिला परिषद अध्यक्ष, प्रमुख, मुखिया, पंचायत समिति व सरपंच पद की सीटों में भी बदलाव हो सकता है। इससे कई जनप्रतिनिधियों को अपना क्षेत्र बदलना पड़ेगा। इसमें कई लोगों को मौका मिलेगा वहीं कई लोगों को आरक्षण में बदलाव होने से चुनाव लड़ने से वंचित होना पड़ सकता है। इसी कारण पंचायत चुनाव की सरगर्मी बढ़ी हुई है। अनुसूचित जाति, अत्यंत पिछड़ा व महिला सीटों का आरक्षण है। इसमें इस बार बदलाव होगा। आरक्षण रोस्टर निर्धारण को लेकर पंचायत राज विभाग द्वारा आदेश जारी किया गया है। बता दें कि 73वें संविधान संशोधन के बाद पंचायत स्तर पर लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। इसी के तहत नया पंचायतीराज अधिनियम लागू किया गया है। 1995 में हुए पंचायत चुनावों में पहली बार आरक्षण रोस्टर लागू किया गया था। दूसरी ओर पंचायत चुनाव को लेकर संभावित उम्मीदवार सोशल मीडिया पर अभी से दावेदारी करने में जुटे हुए हैं। जनसंख्या के आधार पर आरक्षण रोस्टर नये सिरे से आरक्षण रोस्टर का निर्धारण होगा। इसका अर्थ यह है कि जो पूर्व से आरक्षित सीट है उसमें बदलाव हो जाएगा। हालांकि इस प्रक्रिया में भी जनसंख्या का ख्याल रखना होता है। इसका उद्देश्य यह है कि सामाजिक बसावट का ख्याल रखना है। पहले एससी, इसके बाद अत्यंत पिछड़ी और अंत में महिलाओं के लिए सीटें आरक्षित की जाती हैं। सबसे पहले अनुसूचित जाति, अत्यंत पिछड़ी जाति उसके बाद महिला आबादी। इसका डाटा वार्ड व पंचायत स्तर पर तैयार किया जाता है। अगर किसी प्रखंड में एससी वर्ग के लिए 4 सीटों का निर्धारण करना है तो एससी आबादी वाले सर्वाधिक पंचायतों के घटते क्रम के अनुसार निर्धारित की जाती है। इसी प्रक्रिया के तहत अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिए सीटों का निर्धारण किया जाना है। यानी जिस वर्ग की आबादी जितनी अधिक होगी, उसे उतना ही प्रतिनिधित्व दिया जाएगा। बीडीओ व बीपीआरओ को मिली जिम्मेवारी नये नियम लागू होने से आरक्षित सीट, गैर आरक्षित और गैर आरक्षित सीट, आरक्षित हो सकती है। जारी आदेश के अनुसार संबंधित प्रखंडों के बीडीओ को नियमों के अनुसार नये सिरे से आरक्षण रोस्टर का निर्धारण करने का निर्देश दिया गया है। विभागीय आदेश के अनुसार कार्य करने का आदेश बीडीओ व बीपीआरओ को दिया गया है। बक्सर जिले में 136 पंचायतें हैं। जिला परिषद क्षेत्रों की संख्या 13 है। 136 मुखिया 136 सरपंच का पद है। 1845 वार्डों की संख्या है।

# शिवम कुमार का साईं भारोत्तोलन केंद्र के लिए हुआ चयन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**आरा**। आरा भोजपुर जिले के उभरते खिलाड़ी शिवम कुमार का चयन स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) द्वारा संचालित भारोत्तोलन प्रशिक्षण केंद्र, काशीपुर (उत्तराखंड) के लिए किया गया है। शिवम आरा के मीरगंज निवासी सुरेंद्र प्रसाद के पुत्र हैं और अपनी मेहनत व उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर यह उपलब्धि हासिल की है। शिवम फिलहाल आरा के स्थानीय खेल भवन में प्रशिक्षक सह सचिव मुकेश कुमार और संतोष कुमार की देखरेख में अभ्यास कर रहे हैं। वे आदर्श मध्य विद्यालय, मीरगंज के छात्र हैं। उनके चयन पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक हरेंद्र कुमार सिंह, खेल शिक्षक पंकज कुमार शर्मा व सुशील कुमार ने खुशी जताई है और विद्यालय स्तर पर सम्मानित करने की घोषणा की है। प्रशिक्षक मुकेश कुमार ने बताया कि साई सेंटर में चयन के बाद शिवम के रहने, खाने, शिक्षा और प्रशिक्षण की पूरी जिम्मेदारी स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा उठाई जाएगी। शिवम की इस उपलब्धि पर जिला खेल पदाधिकारी आलोक गौतम, भारोत्तोलन संघ के अध्यक्ष डॉ. विजय गुप्ता, खेल प्रेमी अजय कुमार सिंह समेत कई खेल प्रशिक्षकों व समाजसेवियों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# सीएचसी में गर्भवती महिलाओं के लिए लगाई गई सीटीजी डिजिटल मशीन



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गड़हनी**। गड़हनी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गड़हनी में गर्भवती महिलाओं की जांच करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने सीटीजी मशीन लगायी है। इस मशीन के माध्यम गर्भवती महिलाओं का जांच की जाएगी। मशीन बताएगी कि गर्भ में पल रहे बच्चे की धड़कन कितनी है और स्थिति क्या है। कितने बार बच्चे का मूवमेंट हो रहा है। यदि धड़कन 120 से 160 के बीच रहा तो सामान्य माना जाएगा यदि 160 से ज्यादा है तो वैसी गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी नॉर्मल नहीं होगी और गर्भवती महिला को सदर अस्पताल भेज दिया जाएगा। बीसीएम प्रकाश कुमार में बताया कि यदि 120 से 160 तक धड़कन है और बच्चे का मूवमेंट सही है तो सीएचसी में नॉर्मल डिलीवरी कराई जा सकती है। 160 से अधिक है तो रिस्क नहीं लिया जाता है वैसी गर्भवती महिलाओं को जिला अस्पताल में भेज दिया जाता है और ज्यादा उम्मीद रहती है कि ऑपरेट कर के ही डिलीवरी हो सकती है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुनील महेंद्र कपूर ने कहा कि पहले ये मशीन नहीं होने के कारण हम लोग गर्भवती महिलाओं को तुरंत जिला अस्पताल भेज देते हैं। मशीन इंस्टॉल कराते प्रभारी

# कचरा उठा रहीं महिला चालकों ने मांगा वेतन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**बक्सर**। नगर परिषद क्षेत्र में ई रिक्शा चलाकर कचरे का उठाव रही महिलाओं को दो माह से वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। काम करने के बावजूद पगार नहीं मिलने से उनकी आजीविका प्रभावित हो रही है। महिला चालकों के सामने आर्थिक संकट पैदा हो गया है, क्योंकि ये घर चलाने के लिए इसी आमदनी पर निर्भर हैं। सूत्रों की मानें तो दो माह से बिना पगार की 27 महिलाएं प्रचंड गर्मी में ई रिक्शा चलाकर कचरा संग्रह कर रही हैं। महिलाओं ने कहा कि पैसे के अभाव में एक तरफ जहां बच्चों की फी नहीं जमा कर पा रही हैं। भोजन पर भी आफत आ गया है। फरवरी और मार्च माह का वेतन नहीं मिला है। अप्रैल माह में सोलह दिन निकल गये। किराना दुकानदार भी उधार में राशन देने से मना कर रहे हैं। नारी सशक्तीकरण को लेकर सरकार हर क्षेत्र में तमाम योजनाएं चलाई जा रही हैं। नारियों के उत्थान के लिए सरकार नारी शक्ति वंदन अधिनियम ला रही है। वहीं बक्सर में ई-रिक्शा पर कचरा उठा रहीं महिला चालकों का दो माह से मानदेय का भुगतान लंबित पड़ा है। यह सोचनीय है। जिले को सफाई की सीख दे रहीं महिलाओं का जीवन ही कष्ट में गुजर रहा है। 400 रुपए प्रतिदिन तय है पारिश्रमिक भाकपा-माले सह मजदूर नेता संजय शर्मा ने बताया कि पहले 250 रुपए प्रति दिन के हिसाब से मानदेय मिलता था। न्यूनतम मानदेय 528 रुपए प्रति दिन के लिए आंदोलन हुआ। तब नप प्रशासन ने फरवरी और मार्च माह में 400 रुपए और 1 अप्रैल 2026 से 528 रुपए प्रति दिन का मानदेय देने के भरोसा मिलने पर सभी सफाई कर्मी हड़ताल खत्म कर काम पर लौटे। लेकिन, फरवरी और मार्च माह में 27 ई-रिक्शा के महिला चालकों का भुगतान नहीं किया गया है। शीघ्र बकाया मानदेय का भुगतान नहीं किया गया तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। काम करने के बावजूद महिला ई रिक्शा चालकों का दो माह से मानदेय लंबित होना नगर परिषद प्रशासन की लापरवाही को उजागर कर रहा है। उपस्थिति सत्यापन के बाद होगा भुगतान ई-रिक्शा चालक महिलाओं का पहले एनजीओ के माध्यम से भुगतान किया जाता था। बोर्ड की बैठक में निर्णय प्रस्तावित है कि अब इनके मानदेय का भुगतान नगर परिषद करेगी। उपस्थिति सत्यापन के बाद मानदेय भुगतान की अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### सीएसपी में लूट का दावा निकला झूठा, संचालक बोला- मोबाइल में पर्सनल फोटो विवाद में हुई थी तोड़फोड़

**हाजीपुर**। वैशाली के भगवानपुर बाजार स्थित एक ग्राहक सेवा केंद्र (सीएसपी) में शुक्रवार देर शाम हुई तोड़फोड़ और मारपीट की घटना में नया खुलासा हुआ है। पुलिस जांच में सीएसपी संचालक द्वारा डेढ़ लाख रुपये की लूट का दावा झूठा पाया गया है। संचालक ने स्वीकार किया है कि लूट नहीं हुई थी, बल्कि केवल तोड़फोड़ की गई थी। शुरुआती जानकारी के अनुसार, आधा दर्जन अज्ञात बदमाशों ने सीएसपी केंद्र पर हमला किया था। उन्होंने संचालक के साथ मारपीट की और दुकान में तोड़फोड़ की। घटना की सूचना मिलते ही भगवानपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस पूछताछ में सीएसपी संचालक मनीष कुमार ने स्वीकार किया कि उसने लूट की झूठी कहानी गढ़ी थी। उसने बताया कि वास्तव में केवल तोड़फोड़ हुई थी। संचालक के अनुसार, किरतपुर गांव निवासी जयनाथ कुमार ने सुबह उसे फोन कर आरोप लगाया था कि उसने किसी के मोबाइल से निजी तस्वीरें निकालकर वायरल कर दी हैं। संचालक ने इस आरोप का खंडन करते हुए कहा था कि वह मोबाइल बनाने का काम नहीं करता है। शाम होते ही आधा दर्जन अज्ञात बदमाशों ने सीएसपी केंद्र पर हमला कर दिया। संचालक ने आशंका जताई है कि यह घटना मोबाइल से तस्वीरें वायरल करने के विवाद से जुड़ी हो सकती है। पुलिस मामले के सभी पहलुओं से गहनता से छानबीन कर रही है। इस संबंध में भगवानपुर थाना अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार सत्यार्थी ने बताया कि मोबाइल फोन से फोटो वायरल करने का आरोप लगाकर कुछ लड़कों ने सीएसपी सेंटर में तोड़फोड़ की थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सीएसपी संचालक द्वारा डेढ़ लाख रुपये की लूट की घटना बताई गई थी, जो पूरी तरह गलत है। थाना अध्यक्ष ने पुष्टि की कि सीएसपी संचालक मनीष कुमार ने स्वीकार किया है कि कोई रुपए लूटे नहीं गए हैं।

### हाजीपुर इंडस्ट्रियल एरिया की फोम फैक्ट्री में आग, फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर

**हाजीपुर**। वैशाली के हाजीपुर स्थित इंडस्ट्रियल एरिया में एक फोम फैक्ट्री में आग लग गई। आग की लपटें दूर से ही दिखाई दे रही थीं।



सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। अग्निशमन कर्मी आग पर काबू पाने का लगातार प्रयास कर रहे हैं। आग लगने की जानकारी मिलते ही इंडस्ट्रियल थाना पुलिस अधिकारी और फायर ब्रिगेड की टीम घटनास्थल पर पहुंची। इसके बाद आग पर काबू पाने की कोशिश लगातार की जा रही है। घटना की सूचना के बाद देखते ही देखते भारी संख्या में लोग भी जमा हो गए। पुलिस अधिकारियों ने फोम फैक्ट्री से लोगों को बाहर निकालने के लिए निर्देश दिए। वे सायरन बजाते और लोगों को बाहर जाने का इशारा करते देखे गए। आग इतनी तेज थी कि फैक्ट्री परिसर को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

### 51 ग्राम हेरोइन जब्त, एक तस्कर गिरफ्तार, मदारपुर चौक से चंदन कुमार को न्यायिक हिरासत में भेजा

**हाजीपुर**। वैशाली जिले की गंगाब्रिज थाना पुलिस ने 16 अप्रैल 2026 को मदारपुर चौक से एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया। उसके पास से 51 ग्राम हेरोइन बरामद हुई है। 17 अप्रैल की शाम में SP ने प्रेस कांफ्रेंस कर मामले की जानकारी दी है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गंगाब्रिज थाना क्षेत्र के मदारपुर चौक पर एक तस्कर हेरोइन बेचने आने वाला है। इस सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए वैशाली पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक विशेष अभियान चलाया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-1, हाजीपुर सुबोध कुमार के नेतृत्व में दंडाधिकारी और गंगाब्रिज थाना पुलिस की टीम ने त्वरित कार्रवाई की।




टीम ने मदारपुर चौक से चंदन कुमार को गिरफ्तार किया। चंदन कुमार मानसिंहपुर, थाना- सराय, जिला- वैशाली निवासी बीरचंदर चौरसिया का पुत्र है। वैशाली पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग ने बताया कि गिरफ्तार चंदन कुमार के पास से कुल 110 छोटी डिबियों में रखी 51 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक (हेरोइन) बरामद हुई है। पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि वह यह अवैध मादक पदार्थ कहां से लाया था और किसे बेचने वाला था। इस संबंध में गंगाब्रिज थाना में कांड संख्या 100/26 दर्ज किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस उसके आपराधिक इतिहास का भी पता लगा रही है। वैशाली पुलिस जिले में अवैध मादक पदार्थों के सेवन और बिक्री पर रोक लगाने तथा तस्करों की गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चला रही है। यह गिरफ्तारी इसी अभियान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

### वांछित अपराधी सुनील कुमार अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार, पुलिस ने लूट के एक दर्जन मामले सुलझाए

**हाजीपुर**। वैशाली पुलिस ने एक वांछित अपराधी सुनील कुमार को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। इस गिरफ्तारी से लूटपाट के लगभग एक दर्जन मामलों का खुलासा हुआ है। सदर थाना पुलिस ने आरोपी को पकड़ा और उसकी निशानदेही पर एक देशी कट्टा तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया। यह कार्रवाई जिले में वांछित और गंभीर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई। पुलिस के अनुसार, फरवरी माह में सदर थाना क्षेत्र में लूट की दो बड़ी घटनाएं हुई थीं। 22 फरवरी को विशनपुर बालाधारी में एक मोटरसाइकिल सवार से बाइक लूटी गई थी। इसके बाद, 27 फरवरी को मलमल्ला चौड़ में एक अन्य मोटरसाइकिल सवार से बाइक और मोबाइल लूटा गया था। इन घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए वैशाली पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया था। इस टीम का नेतृत्व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-1, हाजीपुर, सुबोध कुमार कर रहे थे, जिसमें सदर थानाध्यक्ष भी शामिल थे। गठित विशेष टीम ने लगातार छापेमारी की। मानवीय और तकनीकी अनुसंधान के आधार पर सुनील कुमार को उसके ननिहाल साहदुल्लाहपुर से गिरफ्तार किया गया। सुनील कुमार पुत्र लखेन्दर पासवान, निवासी चकबालाधारी, थाना सदर, जिला वैशाली का रहने वाला है। उसकी निशानदेही पर चकबालाधारी से एक देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस के मुताबिक, आरोपी सुनील कुमार पर पहले से लगभग एक दर्जन गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह सदर और आसपास के थाना क्षेत्रों का एक सक्रिय अपराधी रहा है। इस संबंध में सदर थाना में कांड संख्या 246/26 दर्ज किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

### मुजफ्फरपुर एसकेएमसीएच में युवक की मौत

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर में श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में मरीज की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। मृतक की पहचान कांटी कोठिया के निवासी महेंद्र पासवान के पुत्र संतोष पासवान के तौर पर हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, संतोष पासवान बीते दिनों बोचहां थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। हादसे के बाद SKMCH भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। परिजनों का आरोप है कि समय पर और उचित इलाज नहीं मिलने के कारण संतोष की जान गई। मरीज की स्थिति को लेकर डॉक्टरों की ओर से सही जानकारी नहीं दी गई। कई बार पूछने पर भी संतोषजनक जवाब नहीं मिला। परिजनों का आरोप है कि जब डॉक्टरों से जानकारी लेने पहुंचे और सवाल-जवाब करने लगे, तो वहां मौजूद सुरक्षा गार्ड ने उनके साथ मारपीट की। मारपीट में मृतक के पिता महेंद्र पासवान समेत तीन लोग घायल हो गए। परिजनों और सुरक्षा कर्मियों के बीच विवाद बढ़ने से स्थिति कुछ समय के लिए बिगड़ गई। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची और हालात को काबू में किया। अस्पताल प्रशासन की ओर से फिलहाल कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। पुलिस अपने स्तर से छानबीन कर रही है।

---

#### पटना में बुजुर्ग पर फायरिंग मामले में खुलासा, बेटा समेत तीन अरेस्ट, एक फरार

# 5 करोड़ की संपत्ति विवाद में पिता पर चलवाई गोली

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। पटना के शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र में 14 मार्च की सुबह एजी कॉलोनी स्थित खटाल में सो रहे बुजुर्ग को गोली मारने के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस वारदात के पीछे पारिवारिक संपत्ति विवाद सामने आया है। इस मामले में बुजुर्ग के बेटा दीपक कुमार, नरेश यादव, मिथलेश यादव समेत शास्त्रीनगर थाने की पुलिस ने 3 आरोपियों को अरेस्ट किया है, जबकि एक आरोपी राज्य से बाहर फरार हो गया।

**बेटा समेत अन्य पर जताई साजिश की आशंका**: एजी कॉलोनी स्थित खटाल में सो रहे एक बुजुर्ग को बदमाशों ने गोली मार दी थी। इसके बाद उसे पीएमसीएच में एडमिट कराया गया था। इलाज के दौरान उनकी जान बच गई। घायल की पहचान 60 वर्षिय शिव कुमार यादव के रूप में हुई। बुजुर्ग ने घटना के बाद बेटा समेत अन्य लोगों पर भी साजिश की आशंका जताई थी। इसके बाद SIT का गठन किया गया था, जिसका नेतृत्व सचिवालय SDPO 2



साकेत कुमार कर रहे थे।

**5 करोड़ की संपत्ति को लेकर था विवाद**: पुलिस के मुताबिक, शिवकुमार यादव के तीन बेटे हैं- रवि, शुभम और दीपक। शिवकुमार यादव अपने दूसरे बेटे शुभम के साथ रहते हैं, जबकि रवि और दीपक एक साथ रहते हैं। खासबात यह है कि रवि और दीपक की शादी जहानाबाद में हुई है। दोनों की पत्नी सगी बहनें हैं। रवि और दीपक को लग रहा था कि पिता शिवकुमार यादव संपत्ति बेच-बेचकर दूसरे नंबर के भाई शुभम को दे रहे हैं। गया के नवाडीह, पटना के परसा और शास्त्री नगर इलाके के एजी कॉलोनी में शिवकुमार की जमीन है, जिसकी कीमत तकरीबन 4 से 5 करोड़ रुपए है।

**एक ही भाई को सारी संपत्ति देने क शक**: दीपक और रवि दोनों कुरियर कंपनी में काम करते हैं। पूछताछ के दौरान उन्होंने बताया कि पिता शिवकुमार यादव ने हाल ही में एजी कॉलोनी स्थित एक कट्ठा के प्लाट की डील 56 लाख रुपए में की थी। उसे बेचकर जमीन के रुपए शुभम को देने वाले थे। इसीलिए अपने ससुराल पक्ष के लोगों से बातचीत करके रास्ते से शिवकुमार यादव को हटाने का फैसला किया। दीपक ने अपने ससुर से बातचीत की और दीपक के ससुर ने अपने रिश्तेदारों को हत्या करने की नीयत से पटना बुला लाया। दीपक ने यहां पटना में हथियार की व्यवस्था की थी। सेंट्रल एसपी दीक्षा ने बताया कि, पारिवारिक विवाद में इस घटना को अंजाम दिया गया था। दीपक के ससुर मिथिलेश राय और उनके रिश्तेदार को अरेस्ट किया गया है। घटना में शामिल की गई बाइक और हथियार बरामद कर लिए गए हैं। आरोपी दीपक की निशानदेही पर दो देशी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं।

---

## पटना के बेउर जेल में देर रात छापेमारी, 200 पुलिसकर्मियों ने वार्ड-बैरकों की ली तलाशी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। पटना के अति संवेदनशील बेउर जेल में देर रात पुलिस ने बड़े पैमाने पर छापेमारी की। इस दौरान जेल परिसर से एक मोबाइल फोन और कुछ अन्य संदिग्ध सामान बरामद किए गए। यह कार्रवाई अपराध नियंत्रण को ध्यान में रखते हुए की गई थी। यह अभियान शुक्रवार रात करीब 11:10 बजे शुरू हुआ, जब लगभग 200 पुलिसकर्मियों की टीम ने जेल को चारों ओर से घेर लिया। पटना के सिटी एसपी पश्चिम भानु प्रताप सिंह ने इस अभियान का नेतृत्व किया। अचानक हुई इस कार्रवाई से जेल के अंदर हड़कंप मच गया और कैदियों के बीच हलचल तेज हो गई।

**वार्ड-बैरकों की सघन तलाशी**: पुलिस टीम ने जेल के विभिन्न वार्डों, बैरकों और संदिग्ध स्थानों की गहन तलाशी ली। तलाशी के दौरान एक जगह छिपाकर रखा गया मोबाइल फोन और अन्य संदिग्ध वस्तुएं मिलीं। हालांकि बरामद सामग्री की संख्या और प्रकृति के बारे में विस्तृत जानकारी अभी सार्वजनिक नहीं की गई है।

**अपराध नियंत्रण के लिए कार्रवाई**: सिटी एसपी पश्चिम भानु प्रताप सिंह ने बताया कि,



◆ मोबाइल समेत संदिग्ध सामान बरामद

'यह छापेमारी अभियान पूरी तरह योजनाबद्ध था। अपराध नियंत्रण और जेल में अनुशासन बनाए रखने के लिए ऐसी कार्रवाई समय-समय पर की जाती है। बरामद मोबाइल और अन्य संदिग्ध वस्तुओं की जांच की जा रही है, और इस मामले में आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।'

**सुरक्षा व्यवस्था होगी और कड़ी**: इस छापेमारी के बाद जेल प्रशासन भी सतर्क हो गया है। सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। अधिकारियों का मानना है कि जेल के अंदर मोबाइल फोन जैसे उपकरणों का इस्तेमाल बाहरी दुनिया से संपर्क बनाए रखने और आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने में किया जा सकता है।

---

## पटना के एलएनजेपी ट्रॉमा सेंटर में सर्जिकल सेवाएं शुरू

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। पटना के लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल (LNJP) ट्रॉमा सेंटर में बहुप्रतीक्षित सर्जिकल सेवाओं की शुरुआत हो गई है। अस्पताल प्रशासन ने इमरजेंसी ऑपरेशन थिएटर को सक्रिय कर ट्रायल फेज में सर्जरी शुरू की है। इस पहल से सड़क दुर्घटनाओं में गंभीर रूप से घायल मरीजों को 'गोल्डन ऑवर' (पहले एक घंटे) के भीतर समुचित इलाज मिलने की उम्मीद है। पहले ऐसे मरीजों को प्राथमिक उपचार के बाद बड़े अस्पतालों में रेफर करना पड़ता था, जिससे इलाज में देरी होती थी और जान का जोखिम बढ़ जाता था।

**मरीजों को अस्पतालों में भटकना नहीं पड़ेगा**: अस्पताल प्रशासन के अनुसार, ट्रॉमा सेंटर में अब जनरल सर्जरी, न्यूरो सर्जरी



और क्रिटिकल केयर जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं शुरू की जा रही हैं। दुर्घटना में घायल मरीजों को अक्सर सिर, छाती, पेट या आंतरिक अंगों में गंभीर चोटें आती हैं, जिनका इलाज अब यहीं संभव हो सकेगा। इसके लिए अस्पताल में ऑर्थोपेडिक सर्जनों के अलावा न्यूरो सर्जन, जनरल सर्जन और कार्डियक विशेषज्ञों की टीम उपलब्ध कराई जा रही है। इससे मरीजों को अलग-अलग अस्पतालों में भटकना नहीं पड़ेगा और समय पर इलाज सुनिश्चित हो सकेगा।

---

## बिहार के सभी एसटीपी कंट्रोल रूम से जुड़ेंगे

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। बिहार के सभी STP (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) सेंटर्लाइज्ड SCADA सिस्टम से कनेक्ट होंगे। सभी STP एक कंट्रोल रूम से जुड़ेंगे। इससे पानी की गुणवत्ता, फ्लो रेट और पंपों की स्थिति रीयल-टाइम में देखी जा सकेगी। वहीं, किसी भी गड़बड़ी पर तुरंत अलर्ट मिलेगा। इसी सिस्टम से ऑनलाइन मॉनिटरिंग भी होगी। इससे ट्रांसपेरेंसी और एफिशिएंसी दोनों बढ़ेगी। बुडको SCADA (Supervisory Control and Data Acquisition) सिस्टम को पूरी तरह सेन्टर्लाइज तरीके से लागू करेगा।

**वर्ल्ड बैंक टीम ने नमामि गंगे परियोजनाओं का निरीक्षण किया**: दरअसल, बुडको की नमामि गंगे परियोजनाओं का वर्ल्ड



बैंक टीम ने निरीक्षण किया। बिहार के विभिन्न जिलों में जाकर टीम ने वाटर ट्रीटमेंट, वाटर रियूज, ऑनलाइन मॉनिटरिंग सहित कई बिन्दुओं की जांच की। इस निरीक्षण के बाद टीम ने प्रबंध निदेशक अनिमेष कुमार पराशर के साथ बैठक की, जहां वे एसटीपी की स्थिती से खुश नजर आए। वर्ल्ड बैंक की टीम ने 13 से 17 अप्रैल तक भागलपुर, मुंगेर और बेगूसराय, पटना के कई STP (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) और अन्य जल उपचार इकाइयों का स्थलीय निरीक्षण किया था।

**ट्रीटेड पानी का अधिकतम उपयोग करने का प्रयास**: टीम ने STP की स्थिति उम्मीद

❐ रीयल-टाइम होगी मॉनिटरिंग, गड़बड़ी पर तुरंत मिलेगा अलर्ट, वर्ल्ड बैंक ने किया निरीक्षण

से बेहतर पाई। टीम ने पानी के फिर से इस्तेमाल और ऑनलाइन मॉनिटरिंग प्रणाली की विशेष प्रशंसा की और नए आयाम सेट करने के लिए कई सुझाव दिए। अनिमेष कुमार पराशर ने कहा कि उनका प्रयास ट्रीटेड पानी का अधिकतम उपयोग करना है। उन्होंने कहा कि अब हरियाली और उद्योगों में लगाने की योजना विभाग स्तर पर तैयार की जा रही है। इसके साथ ही STP में संचालित SCADA सिस्टम को और मजबूत की जाएगी, जिससे हर प्लांट की रीयल-टाइम निगरानी हो सके।

---

## गेहूं की फसल में लगी आग, 50 बीघे से अधिक फसल जलकर राख, किसानों को लाखों का नुकसान

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। पटना जिले के पालीगंज अनुमंडल के बिक्रम प्रखंड अंतर्गत पतुत गांव के बधार में शनिवार को भीषण आग लग गई। इस घटना में गांव के कई किसानों की 50 बीघे से अधिक कई किसानों के गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। माना जा रहा है कि इस आगजनी से किसानों को 10 लाख से अधिक का नुकसान हुआ है। आग लगने का कारण तेज हवा और बिजली का शॉर्ट सर्किट फिलहाल बताया जा रहा है। जानकारी मिलते ही स्थानीय ग्रामीण और प्रशासन आग बुझाने में जुट गए।

**किसानों की पूरी फसल जलकर राख**: ग्रामीणों ने बताया कि आग की सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक

सरकार से मुआवजे की रखी मांग



आग पूरी तरह फैल चुकी थी। घटना की जानकारी स्थानीय प्रशासन और दमकल विभाग को दी गई। मौके पर दमकल की दो गाड़ियां भी पहुंचीं, लेकिन उनके पहुंचने से पहले ही किसानों की पूरी फसल जलकर राख हो चुकी थी।

**पीड़ित किसानों ने सरकार से मांगा मुआवजा**: इस आगजनी में किसान रेवती रमण सिंह, राधा रमण सिंह, राज कुमार सिंह, संजय सिंह और सरोज सिंह सहित कई अन्य किसानों की गेहूं की फसल प्रभावित हुई है। पीड़ित किसानों ने सरकार से जल्द से जल्द उचित मुआवजे की मांग की है।

**आग कैसे लगी, इसकी जांच की जारी- पुलिस**: घटना को लेकर थाना प्रभारी सह प्रशिक्षु डीएसपी विनय रंजन ने बताया कि, पतुत गांव के ग्रामीणों से गेहूं की फसल में आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल को सूचना दी गई। स्थानीय प्रशासन दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पहुंची, जहां काफी मशक्कत के बाद आग पर को पाया गया। हालांकि, आग कैसे लगी है, इसकी जांच की जारी है। स्थानीय तेज हवा और बिजली की शॉट सर्किट की वजह से आग लगने की संभावना जता रहे हैं।

---

## पटना में एग्जीक्यूटिव इंजीनियर के ठिकानों पर एसवीयू की छापेमारी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। नगर विकास एवं आवास विभाग के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर राजीव कुमार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में बड़ी कार्रवाई की गई है। स्पेशल विजिलेंस यूनिट (SVU) ने उनके खिलाफ 1 करोड़ 10 लाख 24 हजार 271 रुपये की अवैध संपत्ति अर्जित करने के आरोप में FIR दर्ज किया है। विशेष निगरानी इकाई की टीम लगभग सुबह 7: 30 मिनट पर 8 सदस्यीय टीम रामनगरी स्थित सुमित चंद्र गृहम अपार्टमेंट पहुंची। एसवीयू के डीएसपी चंद्र भूषण श्रीवास्तव के नेतृत्व में 8 सदस्यीय टीम घर में छानबीन कर रही है। बताया जाता है कि राजीव कुमार अपने परिवार के सदस्यों के साथ इसी अपार्टमेंट में रहते हैं। आज SVU की टीम ने एग्जीक्यूटिव इंजीनियर राजीव कुमार



के 3 ठिकानों पर छापेमारी शुरू की है। इनमें, पहला ठिकाना पटना के रामनगरी में सुमित गृहम अपार्टमेंट के वेस्ट ब्लॉक में फ्लैट नंबर- B 202 है। दूसरा ठिकाना दानापुर के खगौल रोड में लैंडमार्क गोल्ड का फ्लैट नंबर 807 है। वहीं, तीसरा ठिकाना पंत भवन के 6वें फ्लोर स्थित इनका सरकारी ऑफिस है।

दानापुर सगुना खगौल रोड स्थित अपार्टमेंट लैंडमार्क गोल्ड में फ्लैट संख्या 807 एक्जीक्यूटिव इंजीनियर राजीव कुमार का है। आय से अधिक सम्पत्ति मामले में SUV की टीम यहां छापेमारी करने पहुंची है।

---

## जू परिसर में 15 सेल्फी प्वाइंट बनेंगे, 4.87 करोड़ की लागत से तैयार होगा नया कैफेटेरिया

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। पटना जू परिसर में 15 सेल्फी प्वाइंट बनेंगे। इसके अलावा गेट नंबर-1 के पास 4 करोड़ 87 लाख रुपए की लागत से नया कैफेटेरिया भी बनेगा। इसके साथ ही 2 नए फूड कियोस्क भी बनाए जाएंगे। ये सभी जानकारी पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव आनंद किशोर ने दी। संजय गांधी जैविक उद्यान प्रबंधन समिति की आज बैठक आयोजित की गई, जिसमें यह सभी फैसले लिए गए। उन्होंने बताया कि पटना जू का कायाकल्प होने वाला है।

**जू में 23 पदों पर बहाली को स्वीकृति मिली**: पटना जू में बड़ी बहाली और विकास योजनाओं को भी मंजूरी मिली है। जू में 23 पदों पर बहाली को स्वीकृति मिल गई है। अब फार्मासिस्ट, प्लंबर, वेल्डर और कारपेंटर समेत कई पदों पर नियुक्ति होगी। वहीं, जू के 346 कर्मियों के वेतन में 2000 रुपए की बढ़ोतरी की गई है। इसके साथ ही पटना जू के



❐ गाइड के लिए देने होंगे 10 रुपए

1 और 2 नंबर गेट को पुनर्निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा स्टाफ रूम और शौचालय का भी निर्माण कराया जाएगा।

**पटना जू में 16 गाइड रखे जाएंगे**: इसके साथ ही करीब 4 करोड़ 94 लाख रुपए की लागत से टिकट काउंटर, शॉप और सामान रखने की जगह बनेगी। पर्यटकों के लिए ट्री टॉप वॉक बनाया जाएगा। चिल्ड्रेन पार्क को भी नए स्वरूप में विकसित किया जाएगा। पटना जू में 16 गाइड रखे जाएंगे। गाइड सेवा के लिए 10 रुपए शुल्क देना होगा। जू में बैठने के लिए 150 ईको-फ्रेंडली बेंच भी लगाए जाएंगे। टॉय ट्रेन को लेकर बड़ा अपडेट दिया गया है। इंडियन रेलवे को 5 करोड़ रुपए भेजा गया है।

---

## पटना में कांग्रेस नेताओं को गांधीगिरी की ट्रेनिंग सदाकत आश्रम में सर्वोदय संकल्प शिविर शुरू

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आज तीन दिवसीय 'सर्वोदय संकल्प शिविर' का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में सभी 40 जिला पर्यवेक्षकों को गांधीगिरी की क्लास दी जाएगी। इस शिविर में सभी पर्यवेक्षकों को तमिलनाडु के रिटायर्ड DGP करुणा सागर ट्रेनिंग देंगे। इस कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने किया। यहां गांधी जी से प्रेरित वर्धा से खास चरखा मंगाया गया है। इस शिविर के सफल आयोजन के बाद हर जिलों और प्रखंड में जाकर ऐसे ही ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

**सदाकत आश्रम लगी गांधीगिरी की क्लास**: प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि, 'इस कार्यक्रम का आयोजन गांधी जी के विचारधारा को फिर से जिंदा करने के लिए किया गया है। जिस तरह से गांधी जी अपने सत्य-अहिंसा के विचारों से, बिना लाठी गोली




❐ तमिलनाडु के रिटायर्ड डीजीपी दे रहे प्रशिक्षण

और हथियार के देश को आजादी दिलाई। वही विचारधारा कांग्रेस के विचारधारा के साथ जुड़ी हुई है। पूरे देश में सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही है जो बापू के विचारधारा के साथ राजनीति कर रही है।

**जमीन पर सो रहे हैं सभी जिला पर्यवेक्षक**: इस कार्यक्रम के लिए सदाकत आश्रम में ही सभी जिला पर्यवेक्षकों के रहने-खाने के इंतजाम किए गए हैं। सभी लोग सदाकत आश्रम में ही एक व्यवस्थित स्थान पर जमीन पर सो रहे हैं। सुबह-सुबह फ्रेश होने के बाद श्रमदान और प्रभात फेरी कराई जा रही है।

**सुबह नाश्ता, दोपहर में लंच का इंतजाम**: सुबह में नाश्ते में पूड़ी, चने-आलू की सब्जी और जलेबी दी गई। वहीं, दोपहर लंच में चावल, दाल और दो तरह के सब्जी के साथ पापड़, अचार का इंतजाम किया गया है। इस कार्यक्रम के लिए प्रदेश अध्यक्ष ने कमेटी का भी गठन किया था, जिसमें 9 लोगों का नाम शामिल था।

## संक्षिप्त समाचार

### विपक्षी दलों के लिए महिलाओं के अधिकारों से ज्यादा उनकी राजनीतिक रणनीति अहमः पूर्णिमा

**पूर्वी सिंहभूम।** लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक पारित नहीं हो पाने के बाद राजनीतिक माहौल एक बार फिर गरमा गया है। इस मुद्दे को लेकर पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है। इसी क्रम में जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने कांग्रेस और इंडी अलायंस पर कड़ा हमला बोला है। शनिवार को जारी अपने बयान में पूर्णिमा साहू ने विपक्षी दलों के रवैये को महिलाओं के प्रति नकारात्मक बताते हुए कहा कि संसद जैसे महत्वपूर्ण मंच पर इस तरह का व्यवहार लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि देश की महिलाओं को समान भागीदारी देने के सवाल पर विपक्ष का रुख निराशाजनक रहा है। विधायक ने आरोप लगाया कि महिला सशक्तिकरण की बात करने वाले दल जब वास्तविक निर्णय का समय आया, तब पीछे हट गए। उन्होंने कहा कि इससे यह स्पष्ट होता है कि विपक्षी दलों के लिए महिलाओं के अधिकारों से ज्यादा उनकी राजनीतिक रणनीति अहम है। पूर्णिमा साहू के अनुसार, यह रुख देश की मातृशक्ति के सम्मान के विपरीत है। पूर्णिमा साहू ने यह भी कहा कि महिला आरक्षण का मुद्दा केवल राजनीति का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और समान अवसर का प्रश्न है। ऐसे में इस पर दलगत राजनीति करना उचित नहीं है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में इस दिशा में सकारात्मक पहल होगी और महिलाओं को उनका अधिकार मिल सकेगा।

### झारखंड के 17 आईएएस अधिकारियों का तबादला, राजीव रंजन जमशेदपुर के उपायुक्त बने




**रांची।** राज्य सरकार ने एक साथ 17 आईएएस अधिकारियों का तबादला और पदस्थापन करते हुए कई जिलों में नए उपायुक्तों की नियुक्ति की है। इस संबंध में कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग की ओर से शुक्रवार देर रात अधिसूचना जारी की गई है।

**जारी अधिसूचना के अनुसार-** राजीव रंजन को जमशेदपुर, संदीप कुमार को लातेहार, अनन्य मित्तल को गढ़वा, कर्ण सत्यार्थी को गुमला और मेघा भारद्वाज को पाकुड़ का उपायुक्त बनाया गया है। मनीष कुमार को चाईबासा, ऋतुराज को रामगढ़, रवि आनंद को चतरा और दीपक कुमार दुबे को साहिबगंज का उपायुक्त बनाया गया है। लोकेश मिश्रा को गोड्डा, शशि प्रकाश सिंह को देवघर, उत्कर्ष गुप्ता को कोडरमा और हेमंत सती को हजारीबाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, दिलीप प्रताप सिंह को पलामू, सौरभ कुमार भुवानिया को खूंटी, संदीप कुमार मीणा को लोहरदगा और आलोक कुमार को जामताड़ा का नया उपायुक्त नियुक्त किया गया है।

### असहाय मंदबुद्धि लाया गया सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम

**रांची।** प्रणामी ट्रस्ट रांची के अंतर्गत काम कर रही सामाजिक संस्था श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम पुंदाग में शुक्रवार को एक मंदबुद्धि असहाय व्यक्ति को आश्रम में लाया गया। इसके साथ ही आश्रम में निराश्रितों की संख्या 47 हो गई है। यह जानकारी देते हुए सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल ने शनिवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी। उन्होंने बताया कि सूचना मिली कि एक व्यक्ति सेवा सदन मार्ग बड़ा तालाब के नजदीक लावारिस अवस्था में घूम रहा है। आश्रम की टीम ने उस व्यक्ति को बड़ा तालाब के पास से रेस्क्यू करके आश्रम लाई। टीम में आश्रम के सेवा साथी मुकुंद यादव, सूरज कुमार, धीरज कुमार गुप्ता और सत्यम कुमार शामिल थे। उसके बाद अस्पताल में उसकी मेडिकल जांच कराई गई। बाद में सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम (सत्य प्रेम सभागार) में लाया गया। उस व्यक्ति का नाम और पते की कोई जानकारी नहीं मिली है। याददाश्त भी खो चुका था। आश्रम कमेटी ने उस व्यक्ति का नाम गोविंद रखा है। प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि आश्रम की टीम को सूचना मिलने पर समय-समय पर जरूरतमंदों को रेस्क्यू किया जाता है। आश्रम में रह रहे इन सभी निराश्रितों को गुरुजी सदानंद जी महाराज के सहयोग से घर जैसा माहौल देने की कोशिश की जाती है, क्योंकि मानव सेवा से बढ़कर कोई सेवा कार्य नहीं है।

### घाटी में कोल्ड ड्रिंक से लदा ट्रक पलटा



**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा स्थित सेरेंगसिया घाटी में शनिवार सुबह एक बड़ा हादसा उस समय हो गया, जब कोल्ड ड्रिंक्स से लदा टाटा 407 ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे के बाद जहां एक ओर चालक घायल अवस्था में मदद का इंतजार करता रहा, वहीं दूसरी ओर मौके पर जुटी भीड़ ने इंसानियत को दरकिनार करते हुए बिखरे पड़े कोल्ड ड्रिंक के कार्टन और बोतलों को लूटना शुरू कर दिया। जानकारी के अनुसार, ट्रक चाईबासा की ओर कोल्ड ड्रिंक्स की खेप लेकर जा रहा था। सेरेंगसिया घाटी के खतरनाक और तीखे मोड़ों में से एक पर चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा, जिसके बाद ट्रक पलट गया। हादसे में चालक को हल्की चोटें आईं, जिसे स्थानीय लोगों की मदद से प्राथमिक उपचार के लिए भेजा गया। हालांकि, ट्रक के पलटते ही उसमें लदे सैकड़ों कार्टन सड़क पर बिखर गए। हादसे के तुरंत बाद आसपास के गांवों के लोग और राहगीर मौके पर पहुंचने लगे। देखते ही देखते हालात ऐसे बन गए कि लोग कोल्ड ड्रिंक की बोतलें और कार्टन उठाकर भागने लगे। कुछ लोग हेलमेट पहनकर बोतलों को सुरक्षित ले जाते भी नजर आए, ताकि पहचान छिपाई जा सके। स्थिति इतनी तेजी से बिगड़ी कि मौके पर मौजूद कुछ लोग वीडियो बनाने में लगे रहे, जबकि बड़ी संख्या में लोग लूटपाट में शामिल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। आधे से ज्यादा सामान लोगों द्वारा ले जाया जा चुका था। पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए मौके पर मौजूद लोगों को खदेड़ा और बचे हुए सामान को सुरक्षित कराया। साथ ही सड़क से क्षतिग्रस्त वाहन को हटाने की प्रक्रिया भी शुरू की गई। इस घटना में ट्रक मालिक को लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। पुलिस ने चालक का बयान दर्ज कर लिया है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि लूट-पाट करने वाले दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। हादसे के कारण सेरेंगसिया घाटी मार्ग पर करीब एक घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही, जिससे आने-जाने वाले वाहनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। बाद में पुलिस और स्थानीय प्रशासन की पहल पर यातायात को सामान्य कराया गया।

### महिला आरक्षण विधेयक को पारित होने से रोकना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफः डॉ. पवन पांडेय

**पूर्वी सिंहभूम।** महिला आरक्षण विधेयक को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है। इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए एनसीपी नगर निकाय के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. पवन पांडेय ने शनिवार को बयान जारी कर विपक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। डॉ. पांडेय ने कहा कि जब देश में महिला सशक्तिकरण की बात होती है तो सभी दल बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, लेकिन जब महिलाओं को वास्तविक अधिकार देने की बारी आती है, तब कुछ दल पीछे हट जाते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि महिला आरक्षण विधेयक को पारित होने से रोकना न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है, बल्कि यह देश की आधी आबादी के साथ अन्याय भी है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने के लिए लंबे समय से यह मांग उठती रही है कि संसद और विधानसभाओं में उन्हें पर्याप्त प्रतिनिधित्व मिले। ऐसे में यदि इस दिशा में ठोस कदम उठाने का प्रयास होता है और उसे बाधित किया जाता है, तो यह दुर्भाग्यपूर्ण है। डॉ. पांडेय ने यह भी कहा कि देश की महिलाएं अब जागरूक हो चुकी हैं और वे इस तरह के राजनीतिक व्यवहार को भली-भांति समझती हैं।

# रांची में अवैध गैस कारोबार पर कार्रवाई, 265 सिलेंडर जब्त

एजेंसी। रांची

रांची में रसोई गैस की कालाबाजारी और अवैध रिफिलिंग के खिलाफ जिला प्रशासन ने सख्त अभियान चलाते हुए एक संगठित नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। यह कार्रवाई उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देश पर की गई। अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) के नेतृत्व में चुटिया थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में छापेमारी की गई। जांच में सामने आया कि घरेलू और व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की अवैध जमाखोरी कर उन्हें छोटे सिलेंडरों में भरकर ऊंचे दामों पर बेचा जा रहा था। यह गतिविधि आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 तथा एलपीजी (विनियमन एवं वितरण) आदेश, 2000 का उल्लंघन है और आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए भी



गंभीर खतरा है। छापेमारी के दौरान उत्तम कुमार साहु के परिसर से करीब 10 गैस सिलेंडर (भरे एवं खाली) बरामद किए गए। साथ ही रिफिलिंग में उपयोग होने वाले पाइप, कनेक्शन और अन्य उपकरण भी जब्त किए गए। वहीं साई कॉलोनी स्थित अमन सिंह के मकान में बने कमरे से लगभग 85 गैस सिलेंडर बरामद किए गए। जांच में यह भी सामने आया कि उक्त मकान को किराए पर लेकर बड़े पैमाने पर अवैध गैस कारोबार संचालित किया जा रहा था। इसके अलावा शारदा कॉलोनी स्थित एक अन्य परिसर से करीब 110 गैस सिलेंडर जब्त किए गए।

यहां भी अवैध रिफिलिंग के लिए उपयोग में लाए जा रहे उपकरण और पाइप बरामद हुए। तीनों स्थानों से कुल 265 गैस सिलेंडर जब्त कर उनकी विधिवत सूची तैयार की गई और सभी सिलेंडरों को संबंधित गैस एजेंसी के सुपुर्द कर दिया गया। इस मामले में चुटिया थाना में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और आरोपितों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। साथ ही इस अवैध नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान कर जांच आगे बढ़ाई जा रही है। रांची जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे केवल अधिकृत गैस एजेंसियों से ही सिलेंडर प्राप्त करें और किसी भी प्रकार की कालाबाजारी या अवैध रिफिलिंग की सूचना तुरंत प्रशासन को दें। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि जिले में कालाबाजारी, जमाखोरी और अवैध गतिविधियों के खिलाफ "जीरो टॉलरेंस" नीति के तहत सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## टेंडर कमीशन घोटालाः दो सेवानिवृत्त अभियंताओं ने किया आत्मसमर्पण, पीएमएलए अदालत ने दी सशर्त ज़मानत




एजेंसी। रांची

रांची के चर्चित टेंडर कमीशन घोटाला मामले में दो आरोपित अधिकारियों ने अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। सेवा निवृत्त अधीक्षण अभियंता उमेश कुमार और तत्कालीन अधिशाषी अभियंता (अब रिटायर्ड) अजय तिर्की ने पीएमएलए अदालत में आत्मसमर्पण किया, जिसके बाद अदालत ने उन्हें सशर्त जमानत दे दी। अदालत ने स्पष्ट किया कि दोनों आरोपितों को हर सुनवाई की तारीख पर अदालत में अनिवार्य रूप से उपस्थित होना होगा। जमानत पर सुनवाई के दौरान प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार काका ने पक्ष रखा। इस मामले में ईडी ने 14 आरोपितों के खिलाफ पूरक अभियोजन शिकायत (प्रॉसीक्यूशन कंप्लेंट) दाखिल की थी। अदालत ने संज्ञान लेते हुए सभी आरोपितों के खिलाफ समन जारी किया था। अब तक 8 से अधिक आरोपित अदालत में आत्मसमर्पण कर चुके हैं। उल्लेखनीय है कि टेंडर कमीशन घोटाले में ईडी ने पहली कार्रवाई वर्ष 2023 में की थी, जब कई अभियंताओं के ठिकानों पर छापेमारी की गई थी। इसके बाद 6 मई 2024 को दूसरी बड़ी कार्रवाई हुई, जिसमें अभियंता, ठेकेदार और कांट्रैक्टर से जुड़े ठिकानों पर भी छापेमारी की गई थी। मामले की जांच जारी है और आने वाले समय में इसमें और खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

## झारखंड में भीषण गर्मी का प्रकोप, 8 जिलों में लू का अलर्ट जारी

एजेंसी। रांची

झारखंड की राजधानी रांची समेत राज्य के विभिन्न जिलों में इन दिनों भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। कई इलाके लू की चपेट में हैं, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है। मौसम विभाग ने 20 और 21 अप्रैल को राज्य के 8 जिलों में लू चलने की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने जिन जिलों में लू का अलर्ट जारी किया गया है, उनमें गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और खूंटी शामिल हैं। मौसम विभाग के अनुसार, पूर्वी और पश्चिमी दिशा से एक निम्न दबाव का क्षेत्र विकसित हो रहा है, जो पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, मणिपुर, हिमालयी क्षेत्रों और



पश्चिम बंगाल होते हुए सक्रिय हो रहा है। इसके प्रभाव से आने वाले दिनों में झारखंड समेत आसपास के राज्यों में मौसम का असर देखने को मिल सकता है। पिछले 24 घंटे के आंकड़ों के अनुसार, राज्य में सबसे अधिक तापमान डाल्टनगंज में 42.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम तापमान गुमला में 17.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। शनिवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा और लोगों को तेज गर्मी का सामना करना पड़ा। हाल के तापमान आंकड़ों के मुताबिक, रांची में अधिकतम तापमान 37.1डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 22.2° डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम 36.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 27.1 डिग्री सेल्सियस, डाल्टनगंज में 42.1 डिग्री सेल्सियस और 22.8 डिग्री सेल्सियस, बोकारो में 38.2 डिग्री सेल्सियस और 27.1 डिग्री सेल्सियस तथा चाईबासा में अधिकतम 37.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 25.8 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने लोगों को सावधानी बरतने, दोपहर के समय अनावश्यक रूप से बाहर न निकलने और पर्याप्त मात्रा में पानी पीने की सलाह दी है। गर्मी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए प्रशासन भी सतर्क हो गया है।

## सरकारी अस्पतालों में होगी 666 विशेषज्ञ चिकित्सकों की बहाली

एजेंसी। रांची

झारखंड में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। सरकारी अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी को दूर करने के लिए 666 विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके लिए कार्मिक विभाग ने झारखंड लोक सेवा आयोग को अधियाचना पत्र भेज दी है। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा है कि इस बहाली से सरकारी अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी दूर होगी। मरीजों को बेहतर इलाज मिल सकेगा। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार आने की उम्मीद है। स्वास्थ्य विभाग झारखंड सरकार की ओर से उठाए गए इस पहल के तहत स्वास्थ्य



विभाग ने पत्र लिखकर जेपीएससी को अधियाचना भेजने का अनुरोध किया था, ताकि नियमित नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू हो सके। इसके बाद कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग ने इस पर कार्रवाई करते हुए जेपीएससी को पत्र लिखकर नियुक्ति करने के लिए अधियाचना भेज दी है। उल्लेखनीय है कि नियमित 506 पदों में बैकलॉग पदों की संख्याा 160 है। विभाग की ओर से पदवार रिक्तियों में फिजिशियन 214 (नियमित), 12 (बैकलॉग), शिशु रोग विशेषज्ञ – 172, 52 (बैकलॉग), निश्चेतक (एनेस्थेटिस्ट) – 28, 29(बैकलॉग), स्त्री रोग विशेषज्ञ – 12, 16(बैकलॉग), सर्जन – 10, 14(बैकलॉग), रेडियोलॉजिस्ट – 26, 02(बैकलॉग), फोरेंसिक विशेषज्ञ – 18, 02 (बैकलॉग), चर्म रोग विशेषज्ञ 06, 07 (बैकलॉग), ईएनटी 04, 05 (बैकलॉग), नेत्र रोग विशेषज्ञ 04, 06 (बैकलॉग), अस्थि रोग विशेषज्ञ 04, 08 (बैकलॉग), पैथोलॉजिस्ट 04, मनोचिकित्सा 04, 07 (बैकलॉग) संख्या हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से बताया गया है कि यह बहाली झारखंड राज्य के गैर-शैक्षणिक विशेषज्ञ चिकित्सक (भर्ती, प्रोन्नति एवं सेवा शर्त) नियमावली, 2015 एवं इसके संशोधित प्रावधानों के अनुसार की जाएगी।

## एमएनपीएस में अग्नि सुरक्षा सशक्तिकरण सत्र आयोजित

एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम

मोटिलाल नेहरू पब्लिक स्कूल (एमएनपीएस) में शनिवार सुबह 9 बजे टाटा स्टील के सहयोग से विद्यालय के प्रार्थना स्थल पर एक व्यापक अग्नि सुरक्षा सशक्तिकरण सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का मुख्य उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों को आग से संबंधित आपातकालीन परिस्थितियों में संयम और तकनीकी दक्षता के साथ कार्य करने के लिए प्रशिक्षित करना था। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की उप-प्राचार्य राखी मित्रा एवं समन्वयक पिकु कुमारी के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। दोनों ने यह सुनिश्चित किया कि सत्र में दी जाने वाली जानकारी उच्च औद्योगिक सुरक्षा मानकों के अनुरूप हो। सत्र का तकनीकी संचालन शिक्षिका नरेश इशर ने किया, जिन्होंने अपने अनुभव और ज्ञान के माध्यम से विषय को सरल और प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर टाटा स्टील के फायर सेफ्टी






विभाग से आए संसाधन व्यक्ति संतोष शुक्ला ने अग्नि सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने आग लगने के कारणों, उससे बचाव के उपायों, रासायनिक प्रक्रिया, सुरक्षित निकासी (इवैक्युएशन) और आपातकालीन प्रबंधन पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उनके व्याख्यान को छात्रों और शिक्षकों ने गंभीरता से सुना और उससे लाभान्वित हुए। सत्र में अग्निशामक यंत्रों के सही उपयोग, "स्टॉप, ड्रॉप एंड रोल" तकनीक तथा आपातकाल के दौरान सुरक्षित स्थानों और एकत्रीकरण बिंदुओं (असेंबली पॉइंट) को बनाए रखने के महत्व पर विशेष जोर दिया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय की प्राचार्य संगीता सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिनकी छात्रों के समग्र विकास और सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता सराहनीय है। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अखिलेश दुबे और सचिव डॉ. डी.पी. शुक्ला के साथ-साथ अन्य सदस्यों के सहयोग से इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने टाटा स्टील के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के संयुक्त प्रयास न केवल छात्रों को जागरूक बनाते हैं, बल्कि उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए भी तैयार करते हैं। इस पहल के माध्यम से मोटिलाल नेहरू पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर संस्थागत सुरक्षा और सामाजिक जिम्मेदारी के क्षेत्र में एक मिसाल कायम की है।

## बहन की शादी से चार दिन पहले युवक ने की खुदकुशी

एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम

पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा थाना क्षेत्र में खुशियों से भरा एक घर अचानक मातम में बदल गया। जिस परिवार में चार दिन बाद शादी की तैयारियां अपने चरम पर थीं, वहीं अब शहनाइयों की जगह सिसकियों की आवाज गूंज रही है। उईनाला गांव निवासी 23 वर्षीय अनिमेष साहू ने कथित तौर पर शुक्रवार रात खुदकुशी कर ली। उसका शव शनिवार सुबह पॉलिटेक्निक कॉलेज के पीछे स्थित काजू बागान में पेड़ से लटका मिला। सूचना मिलते ही बहरागोड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की प्रक्रिया पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए घाटशिला अनुमंडल अस्पताल भेज दिया। परिजनों के अनुसार, अनिमेष अपनी बहन की शादी को लेकर पिछले कुछ दिनों से काफी परेशान था। 21 अप्रैल को शादी तय थी और घर में तैयारियां चल रही थीं, लेकिन आर्थिक तंगी के कारण वह लगातार



तनाव में था। पिता महादेव साहू ने पुलिस को बताया कि परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति के चलते शादी के खर्चों को लेकर अनिमेष गहरे मानसिक दबाव में आ गया था। वह अक्सर पैसों की चिंता करता था और खुद को असहाय महसूस कर रहा था। बताया जा रहा है कि 17 अप्रैल से ही अनिमेष घर से लापता था। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद तकनीकी सेल की मदद से उसकी मोबाइल लोकेशन ट्रैक की गई। इसी दौरान काजू बागान क्षेत्र में उसकी अंतिम लोकेशन मिली, जहां खोजबीन के दौरान उसका शव पेड़ से लटका हुआ बरामद हुआ।

## रांची में नए ग्रामीण एसपी के रूप में गौरव गोस्वामी ने संभाला पदभार, अपराध नियंत्रण पर रहेगा फोकस

एजेंसी। रांची

झारखंड की राजधानी रांची में नए ग्रामीण पुलिस अधीक्षक (एसपी रूरल) के रूप में भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी गौरव गोस्वामी ने शनिवार को अपना कार्यभार संभाल लिया। इससे पहले वे पतरातू में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) के पद पर कार्यरत थे। शनिवार को समाहरणालय स्थित ग्रामीण एसपी कार्यालय में पदभार ग्रहण करने के बाद गोस्वामी ने कहा कि रांची के ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाली आपराधिक घटनाओं का गहन विश्लेषण किया जाएगा। इसके आधार पर अपराध के हॉटस्पॉट चिन्हित कर प्रभावी कार्रवाई की जाएगी, ताकि ग्रामीण इलाकों को अपराध मुक्त बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि राजधानी के ग्रामीण क्षेत्रों में अपराध के ग्राफ का विस्तृत अध्ययन किया जाएगा। बेहतर पुलिसिंग के लिए यह जरूरी




है कि शहरी के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में भी सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हो। गौरव गोस्वामी ने यह भी कहा कि पूर्व ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर द्वारा किए गए अच्छे कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा और पुलिसिंग को और सशक्त बनाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार देर रात झारखंड पुलिस महकमे में बड़े स्तर पर फेरबदल किया गया, जिसमें एक साथ 46 आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया गया। इसी क्रम में रांची के पूर्व ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर को देवघर का नया एसपी नियुक्त किया गया है।

## रांची में नशा मुक्ति पर जागरूकता कार्यक्रम, छात्रों को ड्रग्स से दूर रहने का संदेश

एजेंसी। रांची

रांची के छोटानागपुर लॉ कॉलेज में शनिवार को छात्र-छात्राओं के लिए नशा मुक्ति को लेकर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (झालसा) के तत्वावधान में "डॉन अभियान" के तहत आयोजित हुआ।[ कार्यक्रम का आयोजन न्यायामूर्ति सह कार्यपालक अध्यक्ष सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश और सदस्य सचिव कुमारी रंजना अस्थाना तथा न्यायायुक्त सह अध्यक्ष अनिल कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम के दौरान डिप्टी एलएडीसी राजेश कुमार सिन्हा ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 47 की जानकारी देते हुए कहा कि नशीले पदार्थों जैसे अफीम या पोस्ता के उत्पादन अथवा कब्जे पर एनडीपीएस अधिनियम 1985 के तहत कड़ी सजा का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि मात्रा के आधार पर दोषी को 20 साल तक का कठोर कारावास और दो लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा**
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114
Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com

**प्रथम शुद्धि-पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा अन्तर्गत आमंत्रित ई–प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना संख्या– **DWSD/GAR/02/2026-27**, दिनांक–11.04.2026 द्वारा **Relocation of Defunct T/Well 125 x 115 mm dia and 70 and 90mtr (av.) deep Drilled Tube well** कार्य जो **PR No. 377500** Drinking Water and Sanitation (26-27):D द्वारा प्रकाशित है, जिसे अपरिहार्य कारणों से तिथि एवं समय मे निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है :–

| क्र0 | विवरण | पूर्व में प्रकाशित तिथि एवं समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 16.04.2026 को 02:00 बजे अपराह्न तक। | 20.04.2026 को 02:00 बजे अपराह्न तक। |
| 2 | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 22.04.2026 को 5:00 बजे अपराह्न तक। | 25.04.2026 को 5:00 बजे अपराह्न तक। |
| 3 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0 गवर्नेस,झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.23 के आलोक में विपत्र का मूल्य –एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 22.04.2026 समय 05:00 बजे अपराह्न तक। | 25.04.2026 समय 05:00 बजे अपराह्न तक। |
| 4 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | 23.04.2026 को 05:00 बजे अपराह्न। | 27.04.2026 को 10:30 बजे पूर्वाह्न। |

नोट – (i) शेष सभी शर्तें यथावत रहेगा।
(ii) यह शुद्धि–पत्र परिमाण विपत्र का भाग होगा।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा

PR 377808 Water Resource (26-27)_D

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


## संक्षिप्त समाचार

### जेवर एयरपोर्ट के पास दो गुना मुआवजे के लालच में रात में लेंटर डालते पकड़ा

**जेवर, एजेंसी।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए अधिग्रहण की जा रही जमीन पर दो गुने



मुआवजे के लालच में हो रहे निर्माण पर तहसील प्रशासन बेहद सख्ती बरत रहा है। बृहस्पतिवार तड़के तहसील प्रशासन की टीम ने जेवर के मुकीमपुर सिवारा गांव में चार लोगों द्वारा रात के अंधेरे में लेंटर डालने की सूचना मिली थी। तड़के तीन बजे टीम ने मौके पर पहुंची तो आरोपित काम बंद कर मौके से भाग खड़े हुए। टीम ने मौके से पकड़ी गई गाड़ी को पुलिस को सौंपते हुए सीज करा दिया। निर्माण करने वाले चार लोगों के खिलाफ एफआइआर दर्ज करने के लिए पुलिस को शिकायत दी है। निर्माण सामग्री की आपूर्ति करने वाली फर्म को प्रतिबंधित क्षेत्र में आपूर्ति न करने की चेतावनी देते हुए भविष्य में पकड़े जाने पर फर्म को ब्लैक लिस्ट करने का नोटिस भी दिया गया। उपजिलाधिकारी जेवर दुर्गेश सिंह ने बताया कि एयरपोर्ट के दूसरे व तीसरे चरण के लिए जेवर के 21 गांव की जमीन का अधिग्रहण किया जा रहा है। इस जमीन पर कुछ लोग धारा 11 के बाद नियमों का उल्लंघन करते हुए दुर्भावना से प्रेरित होकर अनुचित लाभ लेने एवं राज्य सरकार को वित्तीय क्षति पहुंचाने के लिए अवैध निर्माण कर रहे हैं। बृहस्पतिवार सुबह तीन बजे उन्हें जेवर के मुकीमपुर सिवारा गांव की एक बीघा जमीन पर लेंटर डालने की सूचना मिली थी।

### मिलेनियम सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन के पास जेड चौक पर जाम से राहत

**नया गुरुग्राम, एजेंसी।** शहर के सबसे व्यस्त जंक्शनों में शामिल मिलेनियम सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन के पास स्थित जेड चौक पर लगने वाले रोजाना जाम से राहत दिलाने की कवायद तेज हो गई है। प्रदेश के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि एक महीने के भीतर इस चौक के लिए प्रभावी यातायात प्रबंधन योजना तैयार की जाए। दरअसल, जेड चौक से प्रतिदिन करीब एक लाख वाहन गुजरते हैं। दिल्ली–जयपुर हाईवे और गोल्फ कोर्स रोड की ओर जाने वाले वाहनों का भारी दबाव यहां सुबह–शाम पीक



आवर्स में जाम की स्थिति पैदा कर देता है। कई बार वाहन चालकों को इस चौराहे को पार करने में 10 से 15 मिनट तक लग जाते हैं। इसी को देखते हुए मंत्री ने जीएमडीए, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग तथा गुरुग्राम व मानेसर नगर निगम के अधिकारियों के साथ बैठक कर विस्तृत योजना बनाने के निर्देश दिए हैं। योजना तैयार करने की जिम्मेदारी विभाग के डीटीपीई अमित मधोलिया को सौंपी गई है। जीएमडीए ने इसके लिए करीब 80 करोड़ रुपये का प्रारंभिक अनुमान तैयार किया है जिसे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मंजूरी मिल चुकी है। फिलहाल परियोजना की डीपीआर तैयार की जा रही है। साथ ही, गुरुग्राम मेट्रो रेल लिमिटेड द्वारा ओल्ड गुरुग्राम मेट्रो परियोजना के तहत मिलेनियम सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन के सामने एक नया मेट्रो स्टेशन विकसित किया जाना प्रस्तावित है।

इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच का अहम आदेश

# बिजली कनेक्शन मौलिक अधिकार का हिस्सा

**लखनऊ, एजेंसी।** इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक मामले में फैसला सुनाते हुए गुरुवार को कहा कि बिजली कनेक्शन पाना संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के मौलिक अधिकार का हिस्सा है। हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया कि किसी भी व्यक्ति को उसके निवास स्थान पर बिजली जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित नहीं किया जा सकता है। इस टिप्पणी के साथ कोर्ट ने याचिका कर्ता को नया बिजली कनेक्शन देने का आदेश दिया। यह आदेश न्यायमूर्ति शेखर बी. सराफ और न्यायमूर्ति एके चौधरी की बेंच ने प्रीति शर्मा की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया।

याचिका में कहा गया था कि याची पिछले करीब 20 वर्षों से एक घर में रह रही हैं। उनके छोटे बच्चे भी हैं। आरोप है कि पारिवारिक विवाद के चलते ससुराल पक्ष के लोगों ने उनका बिजली कनेक्शन कटवा दिया जबकि वह नियमित रूप से बिजली के बिल का भुगतान कर रही थीं। कनेक्शन कटने के बाद उन्होंने नए कनेक्शन के लिए आवेदन किया था लेकिन बिजली विभाग ने कनेक्शन नहीं दिया। बिजली से वंचित होने के कारण बच्चों की पढ़ाई और परीक्षाओं की तैयारी पर बुरा असर पड़ रहा था। इस याचिका पर हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति किसी परिसर में निवास कर रहा है, तो वह बिजली जैसी मूलभूत सुविधा का हकदार है। यह अधिकार अनुच्छेद 21 के तहत संरक्षित है। कोर्ट ने बिजली विभाग



द्वारा आवेदन खारिज करने के आदेश को रद कर दिया और निर्देश दिया कि याची के आवेदन पर आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करके चार हफ्ते के अंदर नया कनेक्शन दे। इसके साथ ही कोर्ट ने यह भी कहा कि जरूरत होने पर विभाग याची से कोई बांड ले सकता है।

### बड़ी संख्या में भटक रहे लोग

बिजली कनेक्शन के मौलिक अधिकार का हिस्सा होने के बावजूद बड़ी संख्या में लोग कनेक्शन के लिए भटक रहे हैं। बिजली कनेक्शन न मिल पाने की सबसे बड़ी वजह परिसर पर बकाया होना है। भले ही मकान बहुत पुराना है और वह कई बार खरीदा और बेचा जा चुका हो। दूसरी वजह मकान मालिक का किरायेदार को कनेक्शन देने से मना करना है। हालांकि किरायेदार के बंधपत्र देने के बाद प्रीपेड कनेक्शन देने का प्रावधान है लेकिन विभाग विवाद से बचने के लिए कनेक्शन नहीं देता है।

### क्या बोले अधिकारी

केस्को के एमडी सैमुअल पॉल एन ने बताया कि बकाया पर कनेक्शन नहीं दिया जाता है। गैर विद्युतीकरण इलाकों में कनेक्शन देने के लिए 70 रुपए प्रति वर्ग फुट की दर से भुगतान करने पर कनेक्शन मिलता है।

### मकान बेचकर वर्षों पहले चले गए, अब कनेक्शन का रोड़ा

कानपुर में बड़ी तादाद में ऐसे लोग हैं, जिन्हें मकान-दुकान पर बकाया होने से कनेक्शन नहीं मिल पा रहे हैं। कइयों ने मकान तो खरीद लिया लेकिन कनेक्शन का आवेदन पर केस्को ने बताया कि उस परिसर पर वर्षों पहले का बिजली बिल बाकी है, जो सरचार्ज के बाद बहुत अधिक हो चुका है। इसमें हातों में रहने वाले लोग अधिक प्रभावित होते हैं। हाता का मकान नंबर एक होता है, लेकिन मकान 100 से अधिक तक हो सकते हैं। शहर में बड़ी तादाद ऐसे लोगों की है, जिन्हें कनेक्शन नहीं दिया जा रहा है। गैरविद्युतीकृत वाले क्षेत्रों के निवासियों को कनेक्शन देने के लिए नियामक आयोग ने परिसर के क्षेत्रफल का अमाउंट 70 रुपये प्रति वर्ग फुट की दर से जमा कर कनेक्शन ले सकते हैं। इस नियम के लागू हुए करीब एक साल हुए हैं। लेकिन उन्हें कनेक्शन नहीं दिए गए हैं। इस योजना के तहत उपभोक्ता लाभ नहीं ले पा रहे हैं।

# गुरुग्राम में पिंक कैब योजना से 10 हजार महिलाएं बनेंगी आत्मनिर्भर

## सरकार देगी ये मदद

**गुरुग्राम , एजेंसी।** अपने खुद के रोजगार का सपना देख रही महिलाओं के लिए अच्छी खबर है। गुरुग्राम जिले में पिंक कैब योजना से दस हजार गरीब-शिक्षित महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। योजना के तहत महिलाओं को इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चलाने का विशेष प्रशिक्षण मिलेगा।

प्रशिक्षण के बाद ई-कैब खरीदने के लिए उन्हें 10 लाख रुपये तक के ब्याज मुक्त ऋण दिए जाएंगे। इससे महिलाएं न केवल स्वरोजगार अपनाकर आर्थिक रूप से सशक्त बनेंगी, बल्कि परिवहन क्षेत्र में भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकेंगी।

**पिंक कैब योजना को लखपति दीदी से जोड़ा गया:** गुरुग्राम में जल्द ही पिंक कैब योजना शुरू कर महिलाओं को वाहन चलाने का प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा, जिससे उनमें आत्मनिर्भरता और सुरक्षा की भावना बढ़ सके। सरकार का उद्देश्य महिलाओं को न



सिर्फ रोजगार देना है, बल्कि उन्हें सुरक्षित और सम्मान जनक आजीविका उपलब्ध कराना भी है। महिलाओं को इलेक्ट्रिक वाहन चलाने के लिए बैंकों से ऋण मिलेंगे। ऋण पर पांच लाख तक क्रेडिट गारंटी और तीन लाख पर ब्याज में छूट होगी। पिंक कैब योजना को केंद्र सरकार की लखपति दीदी से जोड़ा गया है, ताकि महिलाएं नियमित आय स्रोत से जुड़ सकेंगी। गुरुग्राम में दस हजार से अधिक महिलाएं योजना से जोड़ने की तैयारी शुरू कर दी गई है। एडीसी सोनू भट्ट की ओर से सभी बैंकों को इस योजना को गंभीरता से लेने के निर्देश दिए है। पिंक कैब योजना के तहत महिलाएं स्वयं वाहन चलाकर आय अर्जित कर सकेंगी। इसमें वाहन चलाने का प्रशिक्षण, इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद के लिए दस लाख तक का ब्याज मुक्त ऋण, सुरक्षित परिवहन सेवाओं से जोड़ने की व्यवस्था होगी। जिला अग्रणी प्रबंधन विनोद कुमार बजाज ने कहा कि पिंक कैब योजना के तहत महिलाएं स्वयं वाहन चलाकर आय अर्जित कर सकेंगी और परिवहन क्षेत्र में अपनी भागीदारी बढ़ा सकेंगी।

सपा कार्यालय के बाहर महिलाओं का प्रदर्शन

# अपर्णा यादव ने सपा-कांग्रेस का झंडा जलाया; बोलीं- नारी शक्ति इन्हें माफ नहीं करेगी

**लखनऊ, एजेंसी।** लखनऊ में महिला आरक्षण बिल को लेकर सियासी टकराव खुलकर सामने आ गया। भाजपा नेता और यूपी महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने शुक्रवार देर रात विधानसभा के सामने समर्थकों के साथ प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने सपा और कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी की और दोनों दलों के झंडे जलाकर विरोध जताया। अपर्णा यादव ने कहा कि विपक्ष महिला आरक्षण के मुद्दे पर सिर्फ दिखावा कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी दल कभी नहीं चाहते कि आम घर की महिलाएं आगे बढ़कर संसद तक पहुंचें। उनके मुताबिक, ये दल केवल अपने परिवारवाद को आगे बढ़ाने में लगे रहते हैं और 'नारी



शक्ति' उन्हें कभी माफ नहीं करेगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने महिला आरक्षण कानून पास कराने के लिए गंभीर प्रयास किए, लेकिन जो कुछ लोकसभा में हुआ वह 'कलंकित करने वाली घटना' है। अपर्णा ने कहा कि अगर बिल पास हो जाता तो देशभर में जश्न मनाया जाता, जिसके लिए पहले से कार्यक्रम तय किए जा रहे थे। अखिलेश यादव व राहुल गांधी के खिलाफ नारे लगाए। महिला आयोग की एक सदस्य ने कहा कि बिल पास न होने से महिलाओं की उम्मीदें टूट गईं और इसके लिए विपक्ष जिम्मेदार है। वहीं अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया पर तंज कसते हुए लिखा कि भाजपा को प्रदर्शन के लिए 'कम से कम 12 महिलाएं' तो भेजनी चाहिए थीं। दरअसल महिला आरक्षण से जुड़ा 131वां संविधान संशोधन विधेयक 2026 लोकसभा में गिर गया। मत विभाजन के दौरान इसके पक्ष में 298 और विरोध में 230 वोट पड़े।

## ग्रेटर नोएडा में शादी के मौसम में गहराया सिलिंडर संकट

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** सहालग शुरू होते ही गैस सिलिंडर की किल्लत तेज हो गई है। शादी-ब्याह के मौसम में एलपीजी एजेंसियों के बाहर लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं। बारी आने पर लोगों को कल आने का आश्वासन मिल रहा है। गोदाम से सिर्फ 100 लोगों को ही सिलिंडर दिए जा रहे हैं। लोग शादी का कार्ड हाथ में लेकर सिलिंडर के लिए चक्कर काट रहे हैं। जिससे आम उपभोक्ताओं को परेशानी हो रही है। दरअसल, जिला प्रशासन ने गैस वितरक एजेंसियों को शादी समारोह के लिए सिलिंडर वितरण के लिए सख्त निर्देश पूर्व में ही जारी कर दिए हैं। अतिरिक्त या कमर्शियल सिलिंडर जारी करने से पहले भौतिक सत्यापन अनिवार्य कर दिया गया है। शादी समारोहों में अतिथि और रिश्तेदारों की बढ़ती संख्या से गैस की खपत अचानक बढ़ गई है। घरों में बड़े-बड़े भंडारे, रसोई और विवाह आयोजन हो रहे हैं, जिससे मांग सामान्य से कई गुना बढ़ गई

## दुष्कर्म के आरोपित ढोंगी खरात के सहयोगी की सड़क हादसे में मौत

**मुंबई।, एजेंसी।** महाराष्ट्र के अहिल्यानगर जिले में समृद्धि एक्सप्रेसवे पर एक ट्रक से कार के टकराने से जेल में बंद ढोंगी बाबा अशोक खरात के करीबी सहयोगी और उनकी पत्नी की मौत हो गई। एक अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान जितेंद्र शेल्के और उनकी पत्नी अनुराधा के रूप में हुई है। इस दुर्घटना में उनका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। शेल्के खरात के करीबी सहयोगी थे। अधिकारी के अनुसार, शेल्के खरात के व्यापारिक साझेदार और उसके द्वारा स्थापित शिवानिका ट्रस्ट के उपाध्यक्ष भी थे। उन्होंने बताया कि यह दुर्घटना दोपहर करीब 12 बजे पश्चिमी महाराष्ट्र के कोपरगांव पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आने वाले धोत्रे गांव के पास हुई, जो मुंबई से लगभग 250 किलोमीटर दूर है। कार चला रहे शेल्के, उनकी पत्नी और बेटा छत्रपति संभाजीनगर से मुंबई-नागपुर समृद्धि एक्सप्रेसवे होते हुए ठाणे आ रहे थे। धोत्रे पहुंचते ही शेल्के ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और सड़क किनारे खड़े ट्रक से उनकी कार टकरा गई। अहिल्यानगर के पुलिस अधीक्षक सोमनाथ घरगे ने बताया कि पुलिस दुर्घटना के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# योगी कैबिनेट विस्तार को हरी झंडी जल्द, प्रधानमंत्री मोदी और नितिन नवीन से मिले यूपी बीजेपी अध्यक्ष

**लखनऊ, एजेंसी।** योगी मंत्रिमंडल के विस्तार और प्रदेश भाजपा की नई टीम के गठन को हरी झंडी दिए जाने का काम अंतिम चरण में है। गुरुवार को देर रात तक भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन के यहां यूपी को लेकर चली मैराथन बैठक के बाद शनिवार शाम प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। यह मुलाकात संसद भवन स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में हुई। इस मुलाकात में यूपी को लेकर विमर्श की खबर है।

चर्चा है कि टीम योगी के विस्तार को जल्द हरी झंडी मिल सकती है। इसके लेकर दिल्ली में इन दिनों मंथन का सिलसिला चल रहा है। इसे लेकर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी और महामंत्री संगठन दो दिन से दिल्ली में ही डेरा डाले हैं। गुरुवार को देर रात तक भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन और राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष के साथ प्रदेश अध्यक्ष और महामंत्री संगठन की लंबी बैठक हुई थी।

यह बैठक भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े के दो दिनी लखनऊ यात्रा की रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद हुई। हालांकि इस मुलाकात की कोई तस्वीर जारी नहीं हुई। पार्टी में चल रही इस पूरी कवायद के मूल में सर्वाधिक चर्चा मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर है। बता दें कि टीम योगी में अभी 54 मंत्री हैं और छह पद रिक्त हैं। वहीं प्रदेश की नई टीम का भी गठन होना है। आयोग, निगम, बोर्डों के खाली पदों को उसके बाद ही भरे



जाने की संभावना है। लखनऊ दौरे के दौरान तावड़े ने पार्टी के राज्य मुख्यालय पर दिनभर वरिष्ठ नेताओं से बंद कमरे में मुलाकात की। उनसे रायशुमारी के साथ ही सूबे की सियासत का जमीनी फीडबैक भी लिया योगी मंत्रिमंडल के विस्तार की चर्चाएं इन दिनों फिर तेज हैं। वहीं करीब तीन दर्जन आयोग-निगम, बोर्डों के खाली पदों को भरे जाने की कवायद भी बीते काफी दिनों से चल रही है। इसके अलावा प्रदेश संगठन की नई टीम भी बननी है। इन्हीं सबको लेकर इन दिनों पार्टी में सरगर्मियां तेज हैं। यूपी प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी। पार्टी सूत्रों की मानें तो जिन लोगों ने मुलाकात की उन्होंने मंत्रिमंडल विस्तार में सामाजिक और क्षेत्रीय संतुलन साधे जाने पर जोर दिया। अवध क्षेत्र में पासी और कुर्मियों की नाराजगी के कारण पार्टी को नुकसान हुआ। इसी तरह ब्राह्मणों की नाराजगी का विषय भी लगातार उठता है। सुझाव दिया गया कि पार्टी को बैकवर्ड राजनीति करनी है तो अगड़ों को भी साधना होगा।

### कई जातियों में बिखराव की अटकलें

आयोग, निगम, बोर्डों के खाली पदों को भी जल्द भरे जाने की बात कही गई क्योंकि पहले ही काफी विलंब हो चुका है। इसके अलावा 2014 की तर्ज पर पार्टी के सामाजिक समीकरणों को फिर दुरुस्त करने का फीडबैक भी दिया गया है। कहा गया कि यह ताना-बाना बिखरा है।

## वेदांता पावर प्लांट ब्लास्ट: बॉयलर में ईंधन और दबाव बढ़ने से हुआ था विस्फोट; तकनीकी जांच में बड़ी चूक उजागर

**सक्ती , एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में वेदांता पावर प्लांट में हुए विस्फोट की प्रारंभिक तकनीकी जांच में पता चला है कि बॉयलर फर्नेस के अंदर अत्यधिक मात्रा में ईंधन जमा होने से तेज दबाव बना, जिसके कारण विस्फोट हुआ। अधिकारियों ने गुरुवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सिंघीतराई गांव स्थित इस प्लांट में 14 अप्रैल को हुए धमाके में 20 मजदूरों की मौत हो गई थी और 16 अन्य घायल हो गए थे। हादसा उस समय हुआ, जब बॉयलर से टर्बाइन तक हाई प्रेशर वाली भाप ले जाने वाला स्टील पाइप फट गया।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, डभरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत सिंघीतराई गांव स्थित वेदांता पावर प्लांट में 14 अप्रैल को दोपहर 2:33 बजे बॉयलर-एक में भीषण विस्फोट हुआ, जिसमें भारी जनहानि हुई। बॉयलर फटने की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए रायगढ़ जिले के विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया। अधिकारियों ने कहा कि घटनास्थल पर मौजूद बॉयलर मुख्य निरीक्षक की प्रारंभिक तकनीकी रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि फर्नेस के भीतर अत्यधिक ईंधन जमा होने से दबाव बढ़ गया, जिससे बॉयलर में



विस्फोट हुआ। दबाव बढ़ने के कारण बॉयलर का निचला पाइप अपनी स्थिति से हट गया, जिसके चलते यह गंभीर दुर्घटना हुई। फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल), सक्ती की रिपोर्ट में भी यह पुष्टि हुई है कि अत्यधिक ईंधन संचय और उससे उत्पन्न अतिरिक्त दबाव ही विस्फोट का मुख्य कारण रहा। जांच में यह भी सामने आया कि वेदांता कंपनी तथा एनजीएसएल द्वारा मशीनरी और उपकरणों के रखरखाव तथा संचालन संबंधी मानकों का समुचित पालन नहीं किया गया। उपकरणों की देखरेख में लापरवाही और संचालन में उपेक्षा के कारण बॉयलर के दबाव में अचानक उतार-चढ़ाव आया, जिससे यह हादसा हुआ। अधिकारियों के अनुसार उपलब्ध साक्ष्यों और तकनीकी रिपोर्ट के आधार पर लापरवाही स्पष्ट पाई गई है। इन परिस्थितियों में पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर के निर्देश पर वेदांता कंपनी के जिम्मेदार लोगों सहित कई अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की प्रासंगिक धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# हिमाचल में कांस्टेबल के 1000 पद भरे जाएंगे, रिटायर्ड प्रोफेसरों को दोबारा मौका; कैबिनेट ने कई फैसले लिए

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में पंचायत व शहरी निकाय चुनाव से पहले नौकरी का पिटारा खोलते हुए कांग्रेस की सुक्खू सरकार ने विभिन्न विभागों में 1550 पद भरने समेत कई अहम फैसले लिए हैं। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई कैबिनेट बैठक में सरकार ने बजट घोषणाओं को आगे बढ़ाते हुए किसानों, युवाओं, कर्मचारियों और आम लोगों से जुड़े कई निर्णय मंजूर किए।

**एमएसपी में बढ़ोतरी को मंजूरी:** कैबिनेट ने प्राकृतिक खेती से उत्पादित फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी को मंजूरी दी है। इसके तहत गेहूं का एमएसपी 60 रुपये से बढ़ाकर 80 रुपये प्रति किलो, मक्की 40 रुपये से 50 रुपये प्रति किलो, चंबा जिले की पांगी घाटी के जौ का ~~स्स्क~~ 60 रुपये से 80 रुपये प्रति किलो, कच्ची हल्दी का ~~स्स्क~~ 90 रुपये से बढ़ाकर 150 रुपये प्रति किलो कर दिया गया है। वहीं अदरक को 30 रुपये प्रति किलो ~~स्स्क~~ पर खरीदने का निर्णय लिया गया है और इसके लिए अलग-अलग जिलों में खरीद केंद्र खोलने की मंजूरी भी दी गई है।

**इन विभागों में नियुक्तियां:** युवाओं को रोजगार देने के लिए कैबिनेट ने पुलिस विभाग में 1000 पुलिस कांस्टेबल के पद भरने को मंजूरी दी है। इनमें लगभग 30 प्रतिशत पद महिलाओं के लिए रखे जाएंगे। इसके अलावा वन विभाग में 500 असिस्टेंट फॉरेस्ट गार्ड के पद भरने का निर्णय लिया गया है, जिनमें 50 प्रतिशत पद वन मित्रों के लिए आरक्षित रहेंगे। राजस्व विभाग के सेवानिवृत्त 8 नायब तहसीलदार, 20 कानूनगो और 44 पटवारियों को निश्चित मानदेय पर वन विभाग में सेवाएं देने के लिए नियुक्त करने का फैसला भी लिया गया है। साथ ही वन विभाग के 10 टेरिटोरियल सर्किलों में 10 लीगल कंसल्टेंट रखने की मंजूरी भी दी गई है।



**रिटायर्ड प्रोफेसरों की नियुक्ति:** राज्य के नए मेडिकल कॉलेजों में फैकल्टी की कमी दूर करने के लिए कैबिनेट ने सेवानिवृत्त मेडिकल प्रोफेसरों को अनुबंध आधार पर नियुक्त करने का निर्णय लिया है। जानकारी के अनुसार इन प्रोफेसरों को आकर्षक मानदेय दिया जाएगा, जबकि रेडियोलॉजी विशेषज्ञों को इससे अधिक मानदेय देने का प्रावधान रखा गया है, ताकि कॉलेजों में पढ़ाई और स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित न हों।

सामाजिक सुरक्षा पेंशन में संशोधन

कैबिनेट ने जिला सिरमौर में जल शक्ति विभाग के डिवीजनों के प्रशासनिक ढांचे को विधानसभा क्षेत्रों के आधार पर पुनर्गठित करने का फैसला भी लिया है, जिससे लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। सामाजिक सुरक्षा पेंशन समय पर लाभार्थियों तक पहुंचे, इसके लिए हिमाचल प्रदेश सामाजिक सुरक्षा (पेंशन/भत्ता) नियम, 2010 के नियम 10 (2) और (3) में संशोधन करने को भी मंजूरी दी गई है। सरकार ने फायर एनओसी की प्रक्रिया को सरल बनाने का निर्णय लिया है। इससे होम स्टे मालिकों को राहत मिलेगी और कारोबार को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, साथ ही सुरक्षा मानकों को भी मजबूत किया जाएगा। इसके अलावा राज्य के युवाओं को सेना में भर्ती के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से परमवीर चक्र विजेता ऑनरेरी कैप्टन संजय कुमार की सेवाएं 1 मई 2026 से लेने का फैसला किया गया है। कैबिनेट ने वर्ष 2006 की जलविद्युत नीति के तहत पात्र स्वतंत्र विद्युत उत्पादकों को 71 लघु जलविद्युत परियोजनाएं आवंटित करने का निर्णय लिया है। वहीं हाई कोर्ट के न्यायाधीशों के लिए चार इनोवा वाहन खरीदने को भी मंजूरी दी गई है। इन सभी फैसलों को पंचायत और शहरी निकाय चुनावों से पहले अहम माना जा रहा है। प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं और शहरी निकायों के चुनाव की तैयारी चल रही है और जल्द ही आदर्श आचार संहिता लागू होने की संभावना है। ऐसे में माना जा रहा है कि आचार संहिता लगने से पहले यह कैबिनेट की आखिरी बैठक हो सकती है।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## महंगाई -बढ़ते दामों के बीच आम आदमी की जेब पर दोहरी मार

यह बात छिपी नहीं है कि देश में सामाजिक स्तर पर आर्थिक असंतुलन एक बड़ी चुनौती के रूप में सामने आया है। रोजगार और आय के मामले में देश की बड़ी आबादी के लिए स्थिति अब भी संतोषजनक नहीं है। यह विचित्र बात है कि एक ओर सरकार महंगाई को नियंत्रण में रखने का दावा करती है, तो दूसरी ओर आवश्यक वस्तुओं की कीमतें लगातार बढ़ती जा रही हैं। इसका सीधा असर आम आदमी पर जरूरी खर्च में कटौती और आर्थिक परेशानियों के रूप में देखने को मिल रहा है। जब आय के साधन सीमित हों, तो आम आदमी की यही अपेक्षा होती है कि जरूरी वस्तुओं के दाम उसकी पहुंच में हों, ताकि परिवार के भरण–पोषण का संकट पैदा न हो।मगर हाल के वर्षों में आमदनी उस स्तर पर नहीं बढ़ी है, जितनी तेजी से वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। सरकार की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, खुदरा महंगाई मार्च में बढ़कर 3.4 फीसद हो गई, जबकि फरवरी में यह 3.2 फीसद के स्तर पर थी। खबरों के मुताबिक, पश्चिम एशिया में संघर्ष से उत्पन्न संकट के कारण खुदरा महंगाई में वृद्धि हुई है। मगर सवाल है कि अगर सरकार आवश्यक वस्तुओं की कीमतों को नियंत्रित या स्थिर करने के लिए उचित कदम उठा रही है, तो फिर महंगाई में उछाल कैसे आ रहा है?यह बात छिपी नहीं है कि देश में सामाजिक स्तर पर आर्थिक असंतुलन एक बड़ी चुनौती के रूप में सामने आया है। रोजगार और आय के मामले में देश की बड़ी आबादी के लिए स्थिति अब भी संतोषजनक नहीं है। आमदनी में स्थिरता और घटती क्रयशक्ति की स्थिति में जब आवश्यक वस्तुओं पर आम लोगों का खर्च थोड़ा भी बढ़ता है, तो उनके लिए परेशानियां पैदा होना स्वाभाविक है। दरअसल, मार्च में महंगाई के आंकड़ों में बढ़ोतरी का मुख्य कारण खाद्य पदार्थों की कीमतों में इजाफा रहा।खुदरा महंगाई से इस बात का पता चलता है कि उपभोक्ताओं की खपत और खर्च की स्थिति क्या है। यही कारण है कि रिजर्व बैंक अपनी नीति तय करते वक्त खुदरा महंगाई को ही आधार बनाता है। सरकार का दावा है कि खुदरा महंगाई अभी रिजर्व बैंक के चार फीसद के औसत अनुमान से नीचे बनी हुई है।

## शांत हिमाचल में बढ़ती अपराध की छाया

मंडी जिले के सरकाघाट में सोमवार को मानवीय संवेदनाओं को झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। कालेज जा रही एक छात्रा की दिन–दहाड़े गला रेत कर हत्या कर दी गई और हमलावर मौके से फरार हो गया। हिमाचल प्रदेश को शांतिप्रिय राज्य माना जाता रहा है। मगर पिछले कुछ वर्षों से यहां अपराध और नशीले पदार्थों का जाल जिस तरह से फैल रहा है, वह गंभीर चिंता का विषय है। खासकर महिलाओं के खिलाफ हिंसा की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे राज्य की कानून व्यवस्था पर सवाल उठना स्वाभाविक है। युवाओं में नशाखोरी की बढ़ती लत इस समस्या को और गहरा कर रही है। मंडी जिले के सरकाघाट में सोमवार को मानवीय संवेदनाओं को झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। कालेज जा रही एक छात्रा की दिन–दहाड़े गला रेत कर हत्या कर दी गई और हमलावर मौके से फरार हो गया। खबरों के मुताबिक, आरोपी वारदात के वक्त नशे की हालत में था, जिसे बाद में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सवाल है कि आखिर समाज में कानून का खौफ और मानवीय मूल्य क्यों खत्म होते जा रहे हैं? जाहिर है कि इसके पीछे सुरक्षा एजंसियों का ढुलमुल रवैया और लापरवाही भी जिम्मेदार है। गौरतलब है कि हिमाचल प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ हिंसा के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। इससे पहले हमीरपुर जिले में भी पिछले साल नवंबर में ऐसी ही एक घटना सामने आई थी। नशे की हालत में एक किशोर ने खेत में काम कर रही महिला पर दराती से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था। कुछ दिन बाद अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। सरकाघाट में हुई वारदात के पीछे क्या कारण थे, इसका पता तो जांच के बाद ही चल पाएगा, लेकिन पुलिस को आशंका है कि इसके पीछे साजिश हो सकती है। सवाल है कि अगर आरोपी को इस कदर नशे की लत थी, तो उसके परिवार या आस–पड़ेस के लोगों ने समय रहते इस संबंध में पुलिस या किसी अन्य संस्था को सूचना क्यों नहीं दी? इसमें दोराय नहीं कि इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए न केवल कानूनी, बल्कि सामाजिक मोर्चे पर भी काम करने की जरूरत है।

*राजनीतिक दलों की आंतरिक संरचना में भी परिवर्तन आवश्यक है। यदि दल अपने संगठनात्मक ढांचे में महिलाओं को पर्याप्त स्थान नहीं देंगे, तो केवल आरक्षण के माध्यम से वास्तविक सशक्तिकरण संभव नहीं होगा। दलों को चाहिए कि वे महिलाओं को नेतृत्व के अवसर प्रदान करें, उन्हें चुनाव लड़ने के लिए प्रोत्साहित करें और उनके लिए अनुकूल वातावरण तैयार करें।*

## नारी-आरक्षणः नये भारत का आधार एवं संभावनाओं का शिखर

**(ललित गर्ग)**

सरकारी योजनाओं ने भी इस परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उज्ज्वला योजना के माध्यम से रसोई गैस की उपलब्धता, जनधन योजना के तहत बैंकिंग सुविधा, स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालय निर्माण और मातृत्व लाभ योजनाओं ने महिलाओं के जीवन में प्रत्यक्ष सुधार किया है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर भारत की राजनीति और समाज में जो नई चेतना उभरकर सामने आई है, वह केवल एक विधायी परिवर्तन का संकेत नहीं, बल्कि एक व्यापक सामाजिक रूपांतरण एवं नये भारत-निर्माण की संभावनाओं की प्रस्तावना है। निश्चिततौर पर भारत अब अपने विकास की धुरी में महिलाओं की सक्रिय और निर्णायक भागीदारी को अनिवार्य मानने लगा है। दशकों से लंबित महिला आरक्षण का मुद्दा केवल संसद के गलियारों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह भारतीय समाज की उस अंतर्धारा से जुड़ा रहा है, जिसमें बराबरी, सम्मान और अवसर की मांग निरंतर उठती रही है। लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत स्थान आरक्षित करने वाले नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह सही कहा कि यह इस सदी के महत्वपूर्ण कदमों में से एक है। पहले यह अधिनियम नई जनगणना के बाद लागू होना था, पर उसमें देरी के चलते सरकार ने इसे 2011 की जनगणना के आधार पर लागू करने का निर्णय किया। इस पर विपक्षी दलों ने आपत्ति जताई है, पर इस आपत्ति को महत्व देने से अगले लोकसभा चुनाव में महिला आरक्षण लागू करना संभव नहीं होगा, क्योंकि ताजा जनगणना के आंकड़ों के आधार पर बनने वाले परिसीमन आयोग की रिपोर्ट आने में समय लगता और तब तक 2029 के आम चुनाव हो जाते। इसी कारण इस अधिनियम में संशोधन करने हेतु संसद का एक विशेष सत्र बुलाया गया है। चूंकि यह सत्र विधानसभा चुनावों के बीच बुलाया जा रहा है, इसलिए भी कई विपक्षी दलों को यह कांटों की तरह चुभन दे रहा है। भारतीय लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी का इतिहास विरोधाभासों से भरा रहा है। एक ओर देश ने इंदिरा गांधी जैसी सशक्त महिला नेतृत्व को देखा, वहीं दूसरी ओर संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की संख्या लंबे समय तक सीमित बनी रही। वर्तमान में लोकसभा में महिलाओं की भागीदारी लगभग 15 प्रतिशत के आसपास है, जो यह बताती है कि राजनीतिक प्रतिनिधित्व के स्तर पर अभी भी एक बड़ा अंतर विद्यमान है। इस संदर्भ में महिला आरक्षण अधिनियम उस अंतर को पाटने का एक संगठित और संरचनात्मक प्रयास है। महत्वपूर्ण यह भी है कि इस अधिनियम को लागू करने के संदर्भ में जनगणना और परिसीमन को लेकर जो विवाद सामने आया है, वह भारतीय लोकतंत्र की जटिलताओं को भी उजागर करता है। सरकार द्वारा 2011 की जनगणना के आधार पर इसे लागू करने का निर्णय एक व्यावहारिक दृष्टिकोण को दर्शाता है, क्योंकि नई जनगणना और उसके बाद परिसीमन की प्रक्रिया में होने वाली देरी महिला आरक्षण को वर्षों तक टाल सकती थी। विपक्ष की आशंकाएं अपनी जगह पर हैं, परंतु अभी तक उनके समर्थन में ठोस तथ्य सामने नहीं आए हैं। भारतीय राजनीति में किसी भी बड़े निर्णय को राजनीतिक दृष्टिकोण से देखने की परंपरा रही है और महिला आरक्षण भी इससे अछूता नहीं है। विपक्ष द्वारा यह आरोप लगाना कि सरकार इस पहल के माध्यम से राजनीतिक लाभ लेना चाहती है, लोकतांत्रिक विमर्श का हिस्सा है। किन्तु यह भी उतना ही सत्य है कि लोकतंत्र में लिए जाने वाले अधिकांश निर्णयों के पीछे राजनीतिक गणित काम करता है। प्रश्न यह नहीं होना चाहिए कि निर्णय के पीछे राजनीतिक लाभ है या नहीं, बल्कि यह होना चाहिए कि उसका प्रभाव समाज पर कितना सकारात्मक पड़ता है। यदि महिला आरक्षण से महिलाओं की भागीदारी बढ़ती है और नीति निर्माण में उनका दृष्टिकोण शामिल होता है, तो यह संपूर्ण समाज के लिए लाभकारी होगा। पिछले कुछ वर्षों में भारतीय राजनीति में महिलाओं की भूमिका में एक उल्लेखनीय परिवर्तन देखने को मिला है। महिलाएं अब केवल मतदाता नहीं रहीं, बल्कि वे एक निर्णायक मतदाता वर्ग के रूप में उभरी हैं। 2019 के आम चुनावों में महिला मतदाताओं की भागीदारी पुरुषों के लगभग बराबर रही और कई राज्यों में उन्होंने पुरुषों से अधिक मतदान किया। यह परिवर्तन केवल संख्या का नहीं, बल्कि चेतना का संकेत है। महिलाएं अब अपने अधिकारों और हितों के प्रति अधिक सजग हो रही हैं और राजनीतिक निर्णयों को प्रभावित करने की क्षमता रखती हैं। सरकारी योजनाओं ने भी इस परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उज्ज्वला योजना के माध्यम से रसोई गैस की उपलब्धता, जनधन योजना के तहत बैंकिंग सुविधा, स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालय निर्माण और मातृत्व लाभ योजनाओं ने महिलाओं के जीवन में प्रत्यक्ष सुधार किया है। इन योजनाओं का प्रभाव केवल आर्थिक या भौतिक नहीं, बल्कि सामाजिक और मनोवैज्ञानिक भी रहा है, जिससे महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ा है और वे सार्वजनिक जीवन में अधिक सक्रिय हुई हैं। डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों को इस संदर्भ में विशेष रूप से स्मरण किया जाना चाहिए। उन्होंने भारतीय संविधान के माध्यम से समानता और न्याय के सिद्धांतों को स्थापित करते हुए महिलाओं को समान अधिकार देने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया। उनका यह विश्वास था कि किसी भी समाज की प्रगति का आकलन वहां की महिलाओं की स्थिति से किया जा सकता है। आज जब महिला आरक्षण की बात हो रही है, तो यह उसी विचारधारा का विस्तार प्रतीत होता है, जिसमें महिलाओं को केवल संरक्षण नहीं, बल्कि सशक्तिकरण का अवसर प्रदान किया जाता है। हालांकि यह भी समझना आवश्यक है कि महिला आरक्षण अपने आप में कोई अंतिम समाधान नहीं है। यह एक आवश्यक कदम है, परंतु पर्याप्त नहीं। राजनीतिक प्रतिनिधित्व बढ़ने से महिलाओं की आवाज अवश्य मजबूत होगी, परंतु सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक स्तर पर समानता स्थापित करने के लिए और भी प्रयास करने होंगे। आज भी भारत में महिला श्रम भागीदारी दर लगभग 25 प्रतिशत के आसपास है, जो वैश्विक औसत से काफी कम है। शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति हुई है, परंतु उच्च शिक्षा और तकनीकी क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी को और बढ़ाने की आवश्यकता है। महिला आरक्षण के क्रियान्वयन के सामने कुछ चुनौतियां भी हैं। यह आशंका व्यक्त की जाती रही है कि कई स्थानों पर महिलाएं केवल नाममात्र की प्रतिनिधि बनकर रह जाएंगी और वास्तविक निर्णय उनके पुरुष परिजन लेंगे। पंचायत स्तर पर इस तरह के उदाहरण देखने को मिले हैं, परंतु समय के साथ महिलाओं ने इस स्थिति को बदला भी है और अपने अधिकारों को स्वयं संभालने की क्षमता विकसित की है। इसी प्रकार राजनीतिक प्रशिक्षण और नेतृत्व विकास की आवश्यकता भी महत्वपूर्ण है, ताकि महिलाएं केवल प्रतिनिधि न होकर प्रभावी नीति निर्माता बन सकें।

## परिसीमन मुद्दे पर उत्तर बनाम दक्षिण का नैरेटिव खड़ा कर रहे नेताओं से कुछ सवाल

**(नीरज कुमार दुबे)**

केंद्र सरकार का तर्क है कि देश की जनसंख्या संरचना में भारी बदलाव आया है और प्रतिनिधित्व को वास्तविक स्थिति के अनुरूप बनाया जाना आवश्यक है। साथ ही महिला आरक्षण को लागू करने के लिए भी यह प्रक्रिया महत्वपूर्ण मानी जा रही है। केंद्र सरकार और तमिलनाडु सरकार के बीच परिसीमन को लेकर छिड़ा विवाद अब राजनीतिक टकराव के नए चरण में पहुंच चुका है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन द्वारा राज्य भर में काला झंडा प्रदर्शन की घोषणा ने इस मुद्दे को और अधिक तीखा बना दिया है। यह विवाद उत्तर और दक्षिण के बीच राजनीतिक शक्ति संतुलन के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, जो कई सवाल खड़े करता है। देखा जाये तो परिसीमन का अर्थ है जनसंख्या के आधार पर लोकसभा सीटों का पुनर्निर्धारण और निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाओं का पुनर्गठन। संविधान के अनुच्छेद 82 के अनुसार यह प्रक्रिया प्रत्येक जनगणना के बाद होनी चाहिए। वर्तमान में लोकसभा की 543 सीटें 1971 की जनगणना पर आधारित हैं, क्योंकि लंबे समय से परिसीमन पर रोक लगी हुई थी ताकि जनसंख्या नियंत्रण में सफल राज्यों को नुकसान नहीं हो। अब केंद्र सरकार इस रोक को हटाकर 2011 की जनगणना के आधार पर नई व्यवस्था लागू करना चाहती है और सीटों की संख्या को बढ़ाकर लगभग 850 तक करने का प्रस्ताव है। केंद्र का तर्क है कि देश की जनसंख्या संरचना में भारी बदलाव आया है और प्रतिनिधित्व को वास्तविक स्थिति के अनुरूप बनाया जाना आवश्यक है। साथ ही महिला आरक्षण को लागू करने के लिए भी यह प्रक्रिया महत्वपूर्ण मानी जा रही है। लेकिन दक्षिण के कई नेता इस प्रस्ताव को संदेह की नजर से देख रहे हैं। एमके स्टालिन ने इसे दक्षिणी राज्यों के खिलाफ पक्षपात बताया है। उनका कहना है कि जिन राज्यों ने जनसंख्या नियंत्रण में सफलता पाई, उन्हें इस प्रक्रिया के जरिए दंडित किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि केंद्र सरकार ने उनकी चिंताओं को नजरअंदाज किया तो उसे भारी राजनीतिक कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने इस मुद्दे को केवल तमिलनाडु का नहीं बल्कि संघीय ढांचे की रक्षा का सवाल बताया है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने भी इस प्रस्ताव पर गंभीर चिंता जताई है। उनका कहना है कि जनसंख्या के आधार पर सीटों का पुनर्वितरण दक्षिणी राज्यों की राजनीतिक शक्ति को कमजोर कर सकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि एक संतुलित मॉडल अपनाया जाए जिसमें जनसंख्या के साथ-साथ आर्थिक योगदान को भी ध्यान में रखा जाए। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने भी चेतावनी दी है कि यह प्रक्रिया कुछ बड़े राज्यों के पक्ष में शक्ति का केंद्रीकरण कर सकती है और संघीय संतुलन को बिगाड़ सकती है। देखा जाये तो यहां तक तो बहस एक लोकतांत्रिक विमर्श का हिस्सा लगती है, लेकिन जिस तरह से इसे उत्तर बनाम दक्षिण की लड़ाई के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, वह चिंताजनक है। भारत एक संघीय गणराज्य है जहां सभी राज्यों की समान भागीदारी और राष्ट्रीय एकता सर्वोपरि है। ऐसे में क्षेत्रीय भावनाओं को भड़काना और राजनीतिक लाभ के लिए विभाजन की रेखाएं खींचना एक गलत मानसिकता को दर्शाता है। कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम का बयान भी कई सवाल खड़े करता है। उन्होंने दावा किया कि परिसीमन से दक्षिणी राज्यों की आवाज दब जाएगी और संसद सत्र को चुनाव के समय बुलाना एक सुनियोजित साजिश है। लेकिन यह समझना जरूरी है कि परिसीमन एक संवैधानिक प्रक्रिया है।

### सुडोकू पहेली क्रमांक- 6066

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 3 | | | | | | |
| 2 | | | 3 | | | | | |
| | 4 | | 7 | 1 | | 2 | | 3 |
| | | 5 | 4 | | | | 7 | 1 |
| | | 4 | 2 | | 1 | 8 | | |
| 6 | 8 | | | | 7 | 5 | | |
| 1 | | 7 | | 6 | 9 | | 3 | |
| | | | | | 4 | | | 6 |
| | | | | | | 9 | | 5 |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6065

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 3 | 1 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 5 | 1 | 8 | 6 | 2 | 3 | 4 | 7 | 9 |
| 6 | 7 | 4 | 9 | 8 | 5 | 2 | 3 | 1 |
| 3 | 8 | 5 | 2 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 |
| 1 | 6 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 | 2 | 3 |
| 7 | 4 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 4 | 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 8 | 2 | 6 | 3 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 |
| 9 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 | 6 | 5 | 8 |

### वर्ग पहेली 6066



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 27 अगस्त 1976 की वो बेरहम शाम जब कायनात ने इस प्रसिद्ध पार्श्व गायक को हमसे छीन लिया (3)
4. लिखने वाला, लेखक (3)
7. समालापक, गायक, आलाप लेने वाला (4)
9. मध्यप्रदेश के अंचलों में से एक जहां लता मंगेशकर की जन्म भूमि है (3)
10. उड़ानहीन पक्षी (4)
12. अपवित्र, अशुद्ध, अशुचि (3)
14. ईश्वर, प्रभु (3)
16. कौच, किसी को बैठने के लिए बनाया गया एक वस्तु (2)
18. मर्यादा, गौरव, दृढ़ प्रतिज्ञा (2)
19. जालिम, अन्यायी (5)
22. उपहार में देना, रिश्वत देना (6)
24. कोमल, मुलायम, मृदुल (3)
25. पिरोना, नत्थी करना, वशाधीन करना, बस में करना (3)

**ऊपर से नीचे**

1. निरीक्षण, परीक्षण (उर्दू)(4)
2. इस फल को कदरी या कदली भी कहते है (2)
3. शपथ ग्रहण करने वाला, शपथ ग्रहीता, शपथी (5)
4. कामेश्वरी देवी का एक नाम, तंत्रोक्त की एक देव की मूर्ति (3)
5. शरीर पर काले रंग का ऊभरा हुआ दाग या धब्बा (2)
6. यह रोग पाइल्स भी कहलाता है (4)
8. बीता या आने वाला दिन (2)
11. क्षण, लम्हा (2)
13. वह व्यक्ति जिसकी दृष्टि बुराई पर न पड़े (5)
15. काव्य मर्मज्ञ (3)
16. गुजरात में स्थित बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक (4)
17. होलिकात्सव पर गाया जाने वाली गीत (2)
18. मुंखमंडल, चेहरा (3)
20. सद्गति प्राप्त करना (3)
21. जले या कटे हुए कपड़े को तागे से भरकर उसे बराबर करना (2)
23. प्रेमकर्ता, प्रसन्ताप्रद (2)

### वर्ग पहेली 6065 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | मे | रि | का | | रो | च | ना |
| शो | ला | | या | द | क | र | ना |
| क | | अ | प | ना | | क | |
| कु | रू | | ल | द | ना | | शौ |
| मा | प | | ट | न | क | ना | |
| र | व | | | | | ते | ज |
| | ती | ज | न | बा | ई | | ल |
| | | या | द | बू | द | | ना |

## आज का राशिफल

### मेष

आज चंद्रमा आपकी राशि के पहले भाव में संचरण करेंगे.आज आपका दिन थोड़ी भागदौड़ वाला रह सकता है, लेकिन इसी भागदौड़ में आपको कुछ अच्छे मौके भी मिलेंगे. मन में कई विचार एक साथ चलेंगे, जिससे थोड़ी उलझन भी हो सकती है. घर-परिवार में आपकी बात सुनी जाएगी. आज अपने फैसलों पर भरोसा रखना जरूरी है। घर में माहौल ठीक रहेगा।

### वृष

आज चंद्रमा आपकी राशि के छठे भाव में संचरण करेंगे.आज का दिन आपके लिए ऊर्जा से भरा रहेगा. आप जो ठान लेंगे, उसे पूरा करके ही दम लेंगे. आज आपकी इच्छाशक्ति मजबूत रहेगी, जिससे मुश्किल काम भी आसान लगेंगे. हालांकि गुस्से पर कंट्रोल रखना जरूरी है, नहीं तो छोटी बात बड़ी बन सकती है. दिन के अंत में कोई अच्छी खबर मिल सकती है। घर में थोड़ी बहस हो सकती है।

### मिथुन

आज चंद्रमा आपकी राशि के पंचम भाव में संचरण करेंगे.आज आपका दिन काफी सकारात्मक रहने वाला है. मन में उत्साह रहेगा और आप नए काम करने के लिए तैयार रहेंगे. आज आप अपनी सोच से दूसरों को भी प्रभावित कर सकते हैं. कहीं से अचानक लाभ मिलने के संकेत हैं।

### तुला

आज चंद्रमा आपकी राशि के द्वादश भाव में संचरण करेंगे.आज आपका दिन काफी स्थिर और संतुलित नजर आ रहा है. आप जो भी काम करेंगे, उसमें धीरे-धीरे सफलता मिलेगी. मन शांत रहेगा और फैसले लेने में आसानी होगी. आर्थिक मामलों में भी सुधार के संकेत हैं. आज किसी पुराने दोस्त से बातचीत हो सकती है, जिससे मन खुश रहेगा।

### वृश्चिक

आज चंद्रमा आपकी राशि के दशम भाव में संचरण करेंगे.आज आपका मन थोड़ा भावुक रह सकता है. छोटी-छोटी बातों का असर जल्दी पड़ेगा, इसलिए खुद को संतुलित रखना जरूरी है. दिन के दूसरे हिस्से में स्थिति बेहतर होगी और कुछ अच्छी खबर भी मिल सकती है. पुराने कामों को पूरा करने का सही समय है। घर में प्यार और अपनापन रहेगा. माता-पिता का आशीर्वाद मिलेगा।

### धनु

आज चंद्रमा आपकी राशि के एकादश भाव में संचरण करेंगे.आज का दिन आपके लिए थोड़ा व्यस्त लेकिन फायदेमंद रहने वाला है. कई काम एक साथ आ सकते हैं, जिससे आप थोड़ा दबाव महसूस करेंगे. लेकिन आपकी समझदारी आपको सही रास्ता दिखाएगी. आज नए लोगों से मिलने का मौका मिलेगा, जो आगे काम आ सकते हैं। घर में थोड़ी हलचल रहेगी।

### कर्क

आज चंद्रमा आपकी राशि के तीसरे भाव में संचरण करेंगे.आज का दिन आपके लिए थोड़ा अलग सोच और नए नजरिए के साथ आगे बढ़ने का है. आप चीजों को सामान्य तरीके से नहीं बल्कि कुछ हटकर करने की कोशिश करेंगे, जो आपको दूसरों से अलग बनाएगा. मन में नए आइडियाज आएंगे और अगर आप उन पर काम करते हैं तो अच्छा फायदा मिल सकता है।

### सिंह

आज चंद्रमा आपकी राशि के दूसरे भाव में संचरण करेंगे.आज आपका दिन थोड़ा भावनात्मक लेकिन खास रहेगा. आप अपने दिल की सुनेंगे और दूसरों की मदद करने के लिए तैयार रहेंगे. आज कोई पुरानी याद या व्यक्ति आपके मन में आ सकता है. आपकी संवेदनशीलता आपको दूसरों के करीब लाएगी. दिन के अंत में मन को शांति मिलेगी।

### कन्या

आज चंद्रमा आपकी राशि के चौथे भाव में संचरण करेंगे.आज का दिन थोड़ा मेहनत वाला रहेगा, लेकिन इसका फल भी आपको जरूर मिलेगा. आप अपने काम में पूरी ईमानदारी दिखाएंगे, जिससे लोगों का भरोसा बढ़ेगा. आज धैर्य रखना बहुत जरूरी है, क्योंकि कुछ काम देर से पूरे होंगे. आर्थिक मामलों में सुधार के संकेत हैं। घर में जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं।

### मकर

आज चंद्रमा आपकी राशि के नवम भाव में संचरण करेंगे.आज का दिन आपके लिए आत्मविश्वास से भरा रहेगा. जो भी काम हाथ में लेंगे, उसमें सफलता मिलने की पूरी संभावना है. लोग आपकी बातों से प्रभावित होंगे. आज कुछ नया करने का मन करेगा और उसमें आपको सफलता भी मिलेगी। घर में खुशी का माहौल रहेगा. परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे. किसी शुभ समाचार की संभावना है।

### कुंभ

आज चंद्रमा आपकी राशि के अष्टम भाव में संचरण करेंगे.आज का दिन आपके लिए सोच-समझकर आगे बढ़ने वाला है. मन में कई योजनाएं बनेंगी, लेकिन हर काम में जल्दबाजी से बचना जरूरी रहेगा. आज आप चीजों को गहराई से समझने की कोशिश करेंगे, जिससे सही फैसले ले पाएंगे. आसपास के लोग आपसे सलाह भी ले सकते हैं. अपने समय का सही इस्तेमाल करना आज आपकी सबसे बड़ी ताकत रहेगा।

### मीन

आज चंद्रमा आपकी राशि के सातवें भाव में संचरण करेंगे.आज का दिन संतुलन बनाने का है. कई बार आपको दो विकल्पों के बीच चुनाव करना पड़ सकता है, लेकिन आपकी समझदारी आपको सही दिशा देगी. मन में थोड़ी उलझन जरूर रहेगी, लेकिन धीरे-धीरे चीजें साफ होती जाएंगी. आज आप अपने व्यवहार से लोगों का दिल जीत सकते हैं. किसी पुराने रिश्ते में फिर से नजदीकियां आ सकती हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

# अमेरिका में लोकेश सत्यनाथन ने लॉन्ग जंप में गोल्ड जीता

## ● 8.21 मीटर छलांग लगाई ● नेशनल कॉलेजिएट एथलेटिक एसोसिएशन डिवीजन-आई खिताब जीतने वाले चौथे भारतीय

**अर्कांसस (एजेंसी)।** भारतीय लॉन्ग जंपर लोकेश सत्यनाथन ने अमेरिका के अर्कांसस में आयोजित एनसीएए (नेशनल कॉलेजिएट एथलेटिक एसोसिएशन) डिवीजन-आई




चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता है। लोकेश ने 8.21 मीटर की छलांग लगाकर न केवल अपना पिछला इंडोर नेशनल रिकॉर्ड (8.01 मीटर) तोड़ा, बल्कि वे यह खिताब जीतने वाले चौथे भारतीय खिलाड़ी भी बन गए हैं।

**केजीएफ के डायलॉग से मिलती है प्रेरणा** – टेक्सास के टार्लेटन स्टेट यूनिवर्सिटी में हेल्थ साइंस की पढ़ाई कर रहे लोकेश अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के आशीर्वाद को देते हैं। वे फिल्म केजीएफ चैप्टर 2 के उस दृश्य को याद करते हैं जिसमें नायक अपनी मां से कहता है,यही तुम्हारा सपना था और अब मैं इसे जीतकर दिखाऊंगा।' लोकेश के मुताबिक, अपनी मां के त्याग और उनके शब्दों को याद करने पर आज भी उनके रोंगटे खड़े हो जाते हैं। हादसे में चेहरे पर आई थीं गंभीर चोटें, फिर भी नहीं हारी हिम्मत लोकेश की यह कामयाबी आसान नहीं थी। साल 2022 में अमेरिका जाने से पहले बेंगलुरु में उनका एक भयानक एक्सीडेंट हुआ था, जिसमें उनके चेहरे पर गंभीर चोटें आई थीं। चोटों, दर्द और करियर में आए उतार-चढ़ाव के बावजूद उन्होंने अपने पिता की ताकत और मां के विश्वास के दम पर मैदान पर वापसी की।

**ऑल टाइम लिस्ट में तीसरे नंबर पर पहुंचे** – इस शानदार जीत के साथ लोकेश सत्यनाथन अब भारत के ऑल टाइम लॉन्ग जंपर्स की लिस्ट में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। उनसे आगे अब केवल जेस्विन एल्ड्रिन और मुरली श्रीशंकर जैसे स्थापित नाम ही हैं।

# नोवाक जोकोविच चोट के कारण मैड्रिड ओपन से हटे



**मैड्रिड (एजेंसी)।** विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने लंबे समय से चली आ रही चोट के कारण मैड्रिड ओपन से नाम वापस ले लिया है। जोकोविच ने इंडियन वेल्स में आयोजित बीएनपी परीबस ओपन के बाद से कोई प्रतियोगिता नहीं खेली है। वह दाहिने कंधे की चोट के कारण मियामी ओपन से बाहर रहे थे और मोंटे कार्लो मास्टर्स में भी हिस्सा नहीं लिया। जोकोविच ने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा, दुर्भाग्यवश, मैं इस साल मैड्रिड ओपन में हिस्सा नहीं ले पाऊंगा। मैं जल्द वापसी के लिए अपनी रिकवरी जारी रखे हुए हूं। हस्ता प्रोंतो (जल्द ही फिर मिलेंगे)। जोकोविच मैड्रिड में तीन बार के चैंपियन रह चुके हैं। टूर्नामेंट की ओर से जारी बयान में कहा गया, हम उम्मीद करते हैं कि आप जल्द ही यहां वापसी करेंगे, ताकि हम काजा मागिका (मैंड्रिड ओपन की मेजबानी करने वाले स्टेडियम) में एक बार फिर आपके खेल का आनंद ले सकें। जैसा कि हमने पहले कई बार किया है।

# आज अजेय पंजाब किंग्स के सामने लखनऊ सुपर जाइंट्स

## पंत की चोट से जूझ रही है लखनऊ सुपर जाइंट्स

**मुल्लांपुर (एजेंसी)।** पंजाब किंग्स रविवार को मुल्लांपुर में खेले जाने वाले आईपीएल मुकाबले में लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ अपनी जीत की लय बरकरार रखने उतरेगी। पंजाब इस सीजन में शानदार फॉर्म में है, जबकि लखनऊ संघर्ष करता नजर आ रहा है। कप्तान ऋषभ पंत की चोट ने एलएसजी की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं, जिससे यह मुकाबला और भी अहम बन गया है।




**पंजाब किंग्स का दमदार प्रदर्शन** – पंजाब किंग्स इस सीजन में अब तक अजेय रही है और टीम ने पांच में से चार मुकाबले जीते हैं, जबकि एक मैच बारिश के कारण रद्द हुआ था। कप्तान श्रेयर्स अय्यर की अगुवाई में टीम का नेट रन रेट +1.067 है, जो उनकी मजबूत बल्लेबाजी और शानदार प्रदर्शन को दर्शाता है।

**लक्ष्य का पीछा करने में माहिर पंजाब** – पंजाब किंग्स ने 2025 से अब तक लक्ष्य का पीछा करते हुए 11 में से 9 मुकाबले जीते हैं, जो टीम की बेहतरीन रणनीति और आत्मविश्वास को दिखाता है। मुंबई इंडियंस के खिलाफ हालिया जीत में भी यह बात साफ नजर आई, जहां टीम ने दबाव में शानदार खेल दिखाया।

**लखनऊ के लिए बढ़ी मुश्किलें** – लखनऊ सुपर किंग्स फिलहाल अंक तालिका में सातवें स्थान पर है और लगातार दो हार के बाद दबाव में है। टीम का प्रदर्शन इस सीजन में उतार-चढ़ाव भरा रहा है, जिससे खिलाड़ियों पर दबाव साफ दिखाई दे रहा है।

**पंत की चोट बनी चिंता** – पिछले मुकाबले में कप्तान ऋषभ पंत महज तीन गेंद खेलने के बाद रिटायर्ड हर्ट हो गए थे, हालांकि बाद में वह बल्लेबाजी के लिए लौटे लेकिन उनकी कोहनी पर पट्टी बंधी थी। ऐसे में उनकी फिटनेस को लेकर संशय बना हुआ है, जो टीम के लिए बड़ी चिंता है।

**लखनऊ की बल्लेबाजी कमजोर कड़ी** – आरसीबी के खिलाफ मुकाबले में एसएलजी केवल 146 रन ही बना सकी थी, जहां मुकुल चौधरी और आयुष बदोनी ने संघर्ष जरूर किया, लेकिन टीम बड़ा स्कोर नहीं बना सकी। पूरे सीजन में टीम अभी तक 200 रन का आंकड़ा पार नहीं कर पाई है, जो उसकी बल्लेबाजी की कमजोरी को दिखाता है।

### पंजाब की बल्लेबाजी शानदार

इसके विपरीत पंजाब किंग्स ने इस सीजन में दो बार 200 से ज्यादा रन बनाए हैं और मुंबई के खिलाफ पिछले मैच में टीम 16.3 ओवर में 198/3 तक पहुंच गई थी। प्रभसिमरन सिंह (211 रन) और श्रेयस अय्यर (203 रन) शानदार फॉर्म में हैं और दोनों का स्ट्राइक रेट भी काफी प्रभावशाली रहा है। प्रिंस यादव 9 विकेट के साथ टीम के सबसे सफल गेंदबाज हैं, जबकि आवेश खान (5 विकेट) और मोहम्मद शमी (4 विकेट) उनका साथ दे रहे हैं। हालांकि पिछले मैच में शमी विराट कोहली और रजत पाटीदार के सामने संघर्ष करते दिखे, वहीं दिग्वेश राठी भी महंगे साबित हुए।

### बल्लेबाजों से उम्मीदें

मुकुल चौधरी, एडेन मार्करम, मिचेल मार्श और आयुष बदोनी ने अब तक रन बनाए हैं, लेकिन टीम को वापसी के लिए ज्यादा आक्रामक खेल दिखाना होगा। खास तौर पर मार्श, मार्करम और निकोलस पूरन से बड़ी पारी की उम्मीद रहेगी।

# कोहली ने पोस्ट लाइक किया तो चर्चा में आई जर्मन मॉडल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्रिकेटर विराट कोहली सिर्फ अपने खेल और उम्दा प्रदर्शन के लिए ही चर्चा में नहीं रहते, बल्कि सोशल मीडिया पर भी उनका तहलका है। वे सोशल मीडिया पर क्या पोस्ट कर रहे हैं और किसकी पोस्ट पर रिएक्शन दे रहे हैं? इस पर खूब चर्चाएं हो जाती हैं। कुछ समय पहले विराट कोहली ने अवनीत कौर की तस्वीर लाइक की थी। इंटरनेट पर जब इसकी चर्चा शुरू हुई तो क्रिकेटर ने इसे एल्गोरिदम की दिक्कत करार दिया। अब उन्होंने जर्मन इन्फ्लुएंसर लिजलैज की तस्वीर लाइक की है, जिस पर खूब चर्चा हो रही है।



### वायरल हुआ विराट कोहली का लाइक

विराट कोहली ने लिजलैज की एक पोस्ट पर लाइक किया है। जर्मन इन्फ्लुएंस ने यह पोस्ट 30 जनवरी को साझा की थी। उन्होंने अपनी कई स्टाइलिश फोटोज शेयर की हैं। वे लाइट ब्लू कलर की शॉर्ट ड्रेस में नजर आ रही हैं। तस्वीरों के साथ उन्होंने कैप्शन लिखा है, 'कुछ गोल्डन शूट्स'। लिजलैज की इन ग्लैमरस फोटोज पर विराट कोहली के लाइक वाला स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया पर जबर्दस्त तरीके से वायरल हो रहा है।

### आरसीबी को सपोर्ट करती हैं लिजलैज

लिजलैज दरअसल, विराट कोहली की फैन हैं। उन्होंने मार्च में फिल्मी मंत्रा मीडिया को दिए इंटरव्यू में विराट को अपना पसंदीदा क्रिकेटर बताया था। दरअसल, उनसे सवाल किया गया था कि उनका फेवरेट इंडियन क्रिकेटर कौन है? इस पर लिजलैज ने विराट कोहली का नाम लिया था। अब उनकी पोस्ट पर विराट कोहली के लाइक ने ध्यान खींचा है।

# लोगों की सोच कितनी छोटी है

## ● युजवेंद्र चहल के साथ डेटिंग पर बोलीं शेफाली बग्गा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन क्रिकेट युजवेंद्र चहल के साथ अफेयर की खबरों पर अब स्पोर्ट्स एंकर शेफाली बग्गा ने चुप्पी तोड़ी है। दरअसल धनश्री वर्मा से अलग होने के बाद चहल का नाम लगातार शेफाली के साथ जोड़ा जा रहा है। हाल ही में एक पॉडकास्ट में शेफाली ने इन अफवाहों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि लोग बहुत जल्दी किसी भी मुलाकात को गलत नाम दे देते हैं। शेफाली बग्गा ने कहा कि वे डेटिंग की खबरों से अब परेशान हो चुकी हैं। उन्होंने कहा, मुझे हैरानी होती है कि लोगों की सोच कितनी छोटी है। अगर आप किसी के साथ डिनर पर जाते हैं, तो लोग उसे डेटिंग समझ लेते हैं। यह बहुत अजीब है।बता दें कि कुछ समय पहले चहल और शेफाली एक साथ नजर आए थे, जिसके बाद से ही सोशल मीडिया पर उनके अफेयर की चर्चा शुरू हो गई थी।





### पूर्व क्रिकेटर इरफान बोले-

# श्रेयस टी20 में वापसी से ज्यादा दूर नहीं

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान का कहना है कि जिस तरह का प्रदर्शन श्रेयस कर रहे हैं, उसे देखते हुए वह भारतीय टी20 टीम में मजबूत वापसी से ज्यादा दूर नहीं हैं। पठान ने पंजाब किंग्स के प्रदर्शन पर भी अपनी राय दी।

इरफान पठान ने कहा, 'पंजाब किंग्स शुरू से ही पूरी तरह नियंत्रण में दिखी। उनकी योजना साफ थी। अर्शदीप सिंह ने नई गेंद से शानदार तरीके से लय बनाई। लक्ष्य का पीछा करते हुए उनके कप्तान ने आगे बढ़कर नेतृत्व किया और पूरे समय नियंत्रण में रहे। एक खिलाड़ी जो मेरे लिए सबसे अलग था, वह प्रभसिमरन सिंह थे। विकेटकीपर और ओपनर के तौर पर दोहरी भूमिका निभाते हुए, उन्होंने बहुत परिपक्वता दिखाई है। पिछले सीजन में, वह इस रोल में नहीं थे, लेकिन इस साल, उन्होंने बहुत अच्छा काम किया है। उन्होंने जो संयम दिखाया, उससे पंजाब का प्रदर्शन और शानदार हो गया है।




**श्रेयस की वापसी पर इरफान की राय** – श्रेयस अय्यर के भारत की टी20 टीम में वापसी की संभावनाओं पर पठान ने कहा, 'बेशक एमआई के खिलाफ वो पारी नहीं आई होती, लेकिन मुझे अब भी लगता है कि श्रेयस अय्यर दावेदारी में होते। मैंने यह बात बहुत पहले से कही है क्योंकि उनके पास बीच के ओवरों के लिए जरूरी स्किल सेट है। वह स्पिन को बहुत अच्छी तरह खेलते हैं और दबाव वाली स्थितियों को संभालने की तकनीक भी रखते हैं। उन्होंने तेज गेंदबाजों के खिलाफ काफी सुधार किया है, लेकिन उनकी मुख्य ताकत स्पिन पर हावी होकर डटे रहने और अच्छा प्रदर्शन करने की है। उनमें एक लीडर की सभी खूबियां भी हैं। जिस तरह से वह खेल रहे हैं, उससे लगता है कि वह पूरी तरह से नियंत्रण में हैं और मजबूत वापसी करने से ज्यादा दूर नहीं हैं।'

# गिल की फिफ्टी से गुजरात लगातार तीसरा मैच जीता

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गुजरात टाइटंस ने आईपीएल के मौजूदा सीजन में लगातार तीसरी जीत हासिल की है। टीम ने शुक्रवार को कोलकाता नाइट राइडर्स को 5 विकेट से हराया। अहमदाबाद में 181 रन का टारगेट गुजरात ने 19.4 ओवर में 5 विकेट पर हासिल कर लिया। टॉस जीतकर बैटिंग कर रही कोलकाता 20 ओवर में 180 रन पर ऑलआउट हो गई। जीटी की टीम तीसरी जीत के साथ पॉइंट्स टेबल के चौथे स्थान पर आ गई है। जबकि, केकेआर सबसे निचले पायदान पर है। टीम को पहली जीत की तलाश है।

# स्मृति मंधाना ने रचा इतिहास, रोहित शर्मा को पीछे छोड़ बनाया बड़ा रिकॉर्ड

**डरबन (एजेंसी)।** भारतीय महिला टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टी-20 मैच में बड़ा इतिहास रच दिया। भले ही वह इस मैच में सिर्फ 13 रन बनाकर आउट हो गईं, लेकिन उन्होंने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में रोहित शर्मा को पीछे छोड़ दिया।



**रोहित का रिकॉर्ड किया पार** – रोहित शर्मा ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 के बाद इस फॉर्मेट से संन्यास लिया था और उनके नाम 159 मैचों में 4231 रन थे। उन्होंने 5 शतक और 32 अर्धशतक लगाए थे। अब मंधाना उनसे आगे निकलकर भारत की सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी बन गई हैं, चाहे पुरुष क्रिकेट हो या महिला।

# भारतीय महिला हॉकी टीम की जबरदस्त वापसी, अर्जेंटीना के खिलाफ सीरीज 2-2 पर खत्म

**ब्यूनस आयर्स।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने अर्जेंटीना के खिलाफ चार मुकाबलों के दौरे को 2-2 की बराबरी पर खत्म किया। सीरीज की मुश्किल शुरुआत के बाद, भारतीय टीम ने शानदार वापसी करते हुए अपने आखिरी 2 मैच जीतकर दौरे का शानदार अंत किया।

इस दौरे की शुरुआत 13 अप्रैल को एक कड़े मुकाबले वाले मैच से हुई, जिसमें नवनीत कौर (22') और अन्नू (29') ने भारत के लिए गोल किए। हालांकि, अर्जेंटीना ने यह मैच 4-2 से जीता, जिसमें मारिया एमिलिया लार्सन (11'), विक्टोरिया ग्रैनाटो (18'), और जूलिएटा जानकुनास (42', 55') ने गोल किए, लेकिन भारत ने पूरे मैच के दौरान जोरदार आक्रामक खेल दिखाया।14 अप्रैल को खेले गए दूसरे मुकाबले में, इशिका (22') ने भारत को शुरुआती बढ़त दिलाई, लेकिन मेजबान टीम ने 2-1 से करीबी जीत दर्ज की। अर्जेंटीना की तरफ से दोनों गोल अगस्टिना गोरजेलानी (34', 48') ने दागे।16 अप्रैल को तीसरे मैच में भारत ने अपनी लय हासिल कर ली और 2-1 से जीत दर्ज करके सीरीज में अपनी उम्मीदें जिंदा रखीं। नवनीत कौर (26') और नेहा (37') दोनों ने पेनाल्टी कॉर्नर से गोल करके भारत को 2-0 की आरामदायक बढ़त दिलाई।

### मुकाबले को रोमांचक बना

अर्जेंटीना की अगस्टिना गोरजेलानी (52') के आखिरी समय में किए गए गोल के बावजूद, भारतीय टीम ने अपना संयम बनाए रखा और जीत हासिल करके आखिरी दिन के मुकाबले को रोमांचक बना दिया। 17 अप्रैल को, सीरीज का आखिरी मुकाबला कड़ा था जो 0-0 की बराबरी पर खत्म हुआ। दोनों टीमों को गोल करने के मौके मिले, लेकिन भारतीय डिफेंडरों ने पूरे मैच के दौरान मजबूती से डटे रहकर कोई गोल नहीं होने दिया। शूटआउट में, भारत ने अपना संयम बनाए रखा और 3-2 से जीत दर्ज करके यह सुनिश्चित किया कि सीरीज बराबरी पर खत्म हो।अब टीम अपने घर लौटेगी, जहां वे अपना ट्रेनिंग कैंप जारी रखेंगी और इन सकारात्मक नतीजों को आगे बढ़ाएंगी। यह दौरा उनकी तैयारियों का एक अहम हिस्सा रहा है, जिसने टीम को विरोधी टीम के घर पर एक शीर्ष स्तर की टीम के खिलाफ खेलने का महत्वपूर्ण अनुभव दिया है।




### पाकिस्तान टीम का ऐलान

# सरफराज अहमद बने नए मुख्य कोच

**कराची।** सरफराज अहमद को पाकिस्तान टेस्ट टीम का नया हेड कोच नियुक्त किया गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बांग्लादेश के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज से पहले यह बड़ा फैसला लिया है। सरफराज के साथ असद शफीक को बल्लेबाजी कोच और उमर गुल को गेंदबाजी कोच बनाया गया है।इन दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए 16 सदस्यीय टीम का एलान किया गया है, जिसकी कमान शान मसूद संभालेंगे। यह सीरीज वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के मौजूदा चक्र का हिस्सा है, जिसमें पाकिस्तान फिलहाल पांचवें स्थान पर है और बेहतर प्रदर्शन की कोशिश करेगा। टीम में बाबर आजम, शाहीन अफरीदी और मोहम्मद रिजवान जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को शामिल किया गया है, जो टीम को मजबूती देंगे।इस बार चयनकर्ताओं ने युवा खिलाड़ियों पर भरोसा दिखाया है।

## न्यूज बाइट्स

### तीन वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कुटुंगा (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** जिले के कुटुंबा थाना क्षेत्र में पुलिस ने बीती रात विशेष अभियान चलाते हुए मद्यनिषेध एवं हत्या के प्रयास से जुड़े मामलों में वांछित तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई कुटुंबा थाना पुलिस द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर की गई। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्तों में एक मद्यनिषेध से संबंधित कांड का आरोपी है, जबकि दो अन्य हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे थे। लंबे समय से इनकी तलाश की जा रही थी। अधिकारियों ने बताया कि सभी अभियुक्तों को विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि अपराधियों के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी, ताकि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनी रहे।

### सुरक्षा के मद्देनज़र बैंक चेकिंग अभियान तेज

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** जिले में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा सभी प्रमुख बैंकों में व्यापक चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान बैंक परिसरों में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यक्षमता की जांच की गई, साथ ही बैंक लॉकर और सुरक्षा व्यवस्था का भी बारीकी से निरीक्षण किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बैंक प्रबंधन के साथ समन्वय स्थापित करते हुए सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि संदिग्ध गतिविधियों पर नजर बनाए रखने और आपात स्थिति में त्वरित सूचना साझा करने की व्यवस्था को और मजबूत किया जा रहा है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसी उद्देश्य से इस तरह के अभियान नियमित रूप से चलाए जा रहे हैं। पुलिस ने नागरिकों से भी सतर्क रहने

बीआरबीसीएल ने 6089.99 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन के साथ रचा कीर्तिमान

# ऊर्जा आत्मनिर्भरता के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा बीआरबीसीएल : दीपक रंजन देहुरी

**निज संवाददाता** | नवीनगर (औरंगाबाद)

वित्त वर्ष 2025-26 में 6089.99 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन, 87.95% स्टेशन डीसी, 65.92 प्रतिशत लोडिंग क्षमता और लगभग 400 करोड़ रुपये का मुनाफा—ये आंकड़े बीआरबीसीएल की मजबूती और दक्षता को दर्शाते हैं। यह बात भारतीय रेल बिजली कंपनी लिमिटेड (बीआरबीसीएल) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दीपक रंजन देहुरी ने नबीनगर स्थित बीआरबीसीएल टाउनशिप के अतिथि गृह में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि एनटीपीसी बीते करीब पांच दशकों से देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में अहम योगदान दे रहा है और बिजली क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। वर्तमान में एनटीपीसी द्वारा उत्पादित कुल बिजली में से लगभग 74 प्रतिशत विभिन्न राज्यों को आपूर्ति की जा रही है, जबकि शेष 26 प्रतिशत ऊर्जा भारतीय रेल को उपलब्ध कराई जा रही है। वहीं इसी कड़ी में बीआरबीसीएल देश की ऊर्जा आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को मजबूती देने में निरंतर योगदान दे रही है और भविष्य में उत्पादन क्षमता बढ़ाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। प्रेस वार्ता की शुरुआत करते हुए सीईओ देहुरी ने मीडिया प्रतिनिधियों का स्वागत किया और बीआरबीसीएल की स्थापना, कार्यप्रणाली एवं राष्ट्रीय ऊर्जा क्षेत्र में इसकी भूमिका को विस्तार से रखा। उन्होंने बताया कि एनटीपीसी लिमिटेड और भारतीय रेल के संयुक्त उद्यम के रूप में स्थापित बीआरबीसीएल आज देश के ऊर्जा ढांचे का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बन चुका है। संयंत्र की चारों इकाइयाँ, जिनकी क्षमता 250-250 मेगावाट है, सफलतापूर्वक संचालित हो रही हैं और निरंतर बिजली उत्पादन कर रही हैं। बीआरबीसीएल से उत्पादित कुल बिजली का लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा भारतीय रेल को आपूर्ति किया जाता है, जबकि शेष 10 प्रतिशत बिजली बिहार सरकार को दी जाती है। प्रोजेक्ट की जीरो डेट 22 जनवरी 2008 निर्धारित की गई थी। इस परियोजना के लिए कुल 1526 एकड़ भूमि का उपयोग किया गया है। गत वित्तीय वर्ष के दौरान बीआरबीसीएल द्वारा लगभग 3.03 रुपये प्रति यूनिट (KWh) की दर से बिजली की आपूर्ति की गई। वित्तीय प्रदर्शन के तहत कंपनी ने अपने शेयरधारकों को 250 करोड़ रुपये का अंतरिम लाभांश (इंटरिम डिविडेंड) भी वितरित किया।

पर्यावरणीय प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए देहुरी ने कहा कि बीआरबीसीएल ने राख उपयोग के क्षेत्र में 132.38% का उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है, जो निर्धारित मानकों से अधिक है। इससे कंपनी की पर्यावरण संरक्षण के प्रति गंभीरता स्पष्ट होती है। इसी उत्कृष्ट प्रदर्शन के कारण कंपनी को राष्ट्रीय स्तर पर कई प्रतिष्ठित पुरस्कार भी प्राप्त हुए हैं, जिनमें सब-क्रिटिकल श्रेणी में चैंपियंस ट्रॉफी, पावर जेन मीट में वाटर मैनेजमेंट अवार्ड, ग्रीनटेक फाउंडेशन का कॉर्पोरेट लीडरशिप अवार्ड तथा जनसंपर्क के क्षेत्र में पीआरसीआई एक्सीलेंस अवाड्र्स के चार सम्मान शामिल हैं।



#### एक हजार टीबी मरीजों को मिली सहायता

सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत किए जा रहे कार्यों का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 में लगभग 9.28 करोड़ रुपये की लागत से कई विकास योजनाएं संचालित की गई हैं। इनमें से कुछ कार्य अभी भी जारी हैं। परियोजना प्रभावित क्षेत्रों में 1.25 किलोमीटर पीसीसी सड़क का निर्माण कराया गया है, वहीं 18 सोलर हाई मास्ट लाइट स्थापित की जा चुकी हैं और 20 अन्य पर कार्य जारी है। बारुण, दाउदनगर और नबीनगर क्षेत्रों में पांच डायग्नोस्टिक सेंटर का निर्माण लगभग ढाई करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है। इसके अलावा 2.5 एकड़ भूमि पर आईटीआई कॉलेज का निर्माण किया गया है, जिसे शीघ्र ही बिहार सरकार को हस्तांतरित कर शैक्षणिक सत्र शुरू कराया जाएगा। बालिका सशक्तिकरण के तहत 'जेम' योजना में 40 बच्चियों को प्रशिक्षण दिया गया है, जबकि जनजातीय समुदाय के 51 परिवारों को पहली बार सोलर ऊर्जा के माध्यम से बिजली उपलब्ध कराई गई है। साथ ही एक हजार टीबी मरीजों के लिए न्यूट्रिशन किट वितरण जैसे स्वास्थ्य आधारित कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं।

#### 301 दिनों तक निर्बाध बिजली उत्पादन का नया रिकॉर्ड

वित्तीय प्रदर्शन पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 में कंपनी को 388 करोड़ रुपये का लाभ हुआ था, जबकि 2025-26 में उत्पादन में थोड़ी कमी के बावजूद मुनाफा बढ़कर करीब 400 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। यह कंपनी की परिचालन दक्षता और बेहतर प्रबंधन का परिणाम है। उन्होंने यह भी बताया कि यूनिट संख्या चार ने लगातार 301 दिनों तक निर्बाध बिजली उत्पादन कर एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया है, जो संयंत्र की तकनीकी क्षमता और विश्वसनीयता को दर्शाता है।

#### 800 मेगावाट विस्तार के लिए पर्याप्त भूमि उपलब्ध

भविष्य की योजनाओं पर चर्चा करते हुए सीईओ ने बताया कि संयंत्र की क्षमता बढ़ाने के लिए 800 मेगावाट विस्तार की योजना पर काम चल रहा है। इस संबंध में मंत्रालय स्तर पर विचार-विमर्श जारी है। भूमि का तीन बार सर्वे कराया जा चुका है और पर्याप्त जमीन उपलब्ध है। एक विशेषज्ञ एजेंसी को विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई है, जो अगले छह माह में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। समापन में देहुरी ने कहा कि बीआरबीसीएल केवल बिजली उत्पादन तक सीमित नहीं है, बल्कि क्षेत्रीय विकास, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक उत्थान के लिए भी समान रूप से प्रतिबद्ध है। इस दौरान महाप्रबंधक (संचालन एवं अनुरक्षण) एस.के. सुधाकर, मानव संसाधन प्रमुख संतोष उपाध्याय, पीआरओ देवेश मिश्र सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

एनटीपीसी की पहल

# जिलाधिकारी ने किया 120 ग्रामीण बालिकाओं को साइकिल वितरण



- ग्रामीण बालिकाओं को सशक्त बना रहा है एनटीपीसी : डीएम

**निज संवाददाता** | नवीनगर (औरंगाबाद)

जिले में बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए शनिवार को जिला पदाधिकारी अभीलाषा शर्मा द्वारा एनटीपीसी लिमिटेड के नबीनगर परियोजना के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम के अंतर्गत 120 ग्रामीण बालिकाओं के बीच साइकिलों का वितरण किया गया। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में होने वाली कठिनाइयों को दूर करना और उनकी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम ने कहा कि यह पहल बालिकाओं के जीवन में नई शुरुआत का प्रतीक है। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि कठिनाइयों से घबराने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि दृढ़ निश्चय और निरंतर प्रयास से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि जब एक लड़की शिक्षित होती है, तो पूरा परिवार और समाज आगे बढ़ता है।

डीएम ने अभिभावकों की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताते हुए उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में परिवार की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। साथ ही, उन्होंने एनटीपीसी नबीनगर द्वारा किए जा रहे इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में बालिका शिक्षा को सशक्त बनाने में मील का पत्थर साबित हो सकते हैं। उल्लेखनीय है कि इस योजना से लाभान्वित सभी बालिकाएं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से हैं, जिन्होंने वर्ष 2023, 2024 एवं 2025 में एनटीपीसी नबीनगर द्वारा संचालित 'बालिका सशक्तिकरण मिशन' में भाग लिया था। इस मिशन के तहत बालिकाओं को कराटे, योग, अंग्रेजी, विज्ञान एवं कंप्यूटर जैसे विषयों में प्रशिक्षण देकर उनके समग्र विकास को बढ़ावा दिया जाता है। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख श्री एल.के. बेहेरा ने कहा कि एनटीपीसी नबीनगर बालिका शिक्षा और सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी ऐसे प्रयास जारी रखे जाएंगे। कार्यक्रम में सदर अनुमंडल पदाधिकारी श्री संतन कुमार सिंह, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश सहित एनटीपीसी के प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## टायर फटने से अनियंत्रित ऑटो पलटा, बुज़ुर्ग की मौत

**निज संवाददाता** | बारूण (औरंगाबाद)

जिले के बारुण थाना क्षेत्र अंतर्गत जनकोप मोड़ के पास शनिवार सुबह हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक बुजुर्ग की मौत हो गई, जबकि ऑटो सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग-19 को जाम कर दिया, जिससे करीब एक घंटे तक आवागमन पूरी तरह बाधित रहा। मृतक की पहचान रिसियप पंचायत के सनथुआ गांव निवासी देव सुंदर यादव (60) के रूप में हुई है। वहीं, घायलों में कुटुंबा के महाराजगंज निवासी मुमताज आलम और आलमगीर शामिल हैं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, तेज रफ्तार से आ रहे एक ट्रक का टायर अचानक फट गया, जिससे जोरदार धमाका हुआ। इसी दौरान पास से गुजर रहे ऑटो चालक का संतुलन बिगड़ गया और ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे जा रहे बुजुर्ग को रौंदते हुए पलट गई। हादसे में दोनों यात्री ऑटो के नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल राहत कार्य शुरू करते हुए घायलों को बाहर निकाला और पुलिस व हाईवे पेट्रोलिंग टीम को सूचना दी। मौके पर पहुंची टीम ने घायलों को सदर अस्पताल भिजवाया, जहां से डॉक्टरों

## खरांटी गांव में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का शुभारंभ

**निज संवाददाता** | ओबरा (औरंगाबाद)

प्रखंड के खरांटी गांव में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ, हनुमत प्राण प्रतिष्ठा एवं श्रीमद्भागवत कथा का भव्य शुभारंभ श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। आयोजन की शुरुआत पुनपुन–अदरी संगम स्थल से निकली जलभरी शोभा यात्रा के साथ हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। शोभा यात्रा के दौरान "श्रीमन नारायण-नारायण" के जयघोष से वातावरण गूंज उठा। श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश लेकर गांव की गलियों से गुजरते हुए आगे बढ़े। इस दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत की व्यवस्था की गई, जिससे पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में यज्ञ समिति की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। समिति के अध्यक्ष सहजानंद कुमार 'डीकू', कोषाध्यक्ष राम लखन पांडेय एवं उपाध्यक्ष नारायण साव के नेतृत्व में सभी सदस्य सक्रिय रूप से आयोजन में जुटे हुए हैं।



नारी शक्ति वंदन विधेयक पर सियासत तेज : पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने विपक्ष पर साधा निशाना

# महिला आरक्षण बिल पारित न होने को बताया दुर्भाग्यपूर्ण

**एउसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद



औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम एवं परिसीमन संशोधन से जुड़े प्रस्तावों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने इन महत्वपूर्ण विधेयकों के पारित न हो पाने को भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक "अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण दिन" करार दिया। पूर्व सांसद ने कहा कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने से संबंधित प्रस्ताव का विरोध करना और सदन में उसके प्रति असंवेदनशील रवैया अपनाना नारी शक्ति का अपमान है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी दलों ने मिलकर इस विधेयक को पारित नहीं होने दिया, जिससे महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण अवसर चूक गया। उन्होंने यह भी कहा कि संसद के विशेष सत्र के दौरान एनडीए सरकार द्वारा लाया गया संविधान संशोधन प्रस्ताव केवल एक विधेयक नहीं, बल्कि महिलाओं को राजनीतिक भागीदारी में समान अवसर देने की दिशा में बड़ा कदम था।

इस संदर्भ में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सभी दलों से दलगत राजनीति से ऊपर उठकर निर्णय लेने की अपील का भी उल्लेख किया। पूर्व सांसद के अनुसार, विपक्ष के रुख से उनकी कथनी और करनी में अंतर स्पष्ट होता है। उन्होंने कहा कि नारी सम्मान और महिला सशक्तिकरण के मुद्दे पर एनडीए सरकार अपनी प्रतिबद्धता आगे भी जारी रखेगी। हालांकि, इस मुद्दे पर विभिन्न राजनीतिक दलों के अलग-अलग दृष्टिकोण सामने आ रहे हैं, जिससे स्पष्ट है कि महिला आरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषय पर राजनीतिक सहमति बनाना अब भी चुनौतीपूर्ण बना हुआ है।

### जनता दरबार में एसपी ने सुनीं फरियादें

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** पुलिस अधीक्षक द्वारा आयोजित जनता दरबार में आमजनों की शिकायतें सुनी गईं। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं, जिनमें भूमि विवाद, आपसी झगड़े और अन्य स्थानीय मुद्दे शामिल रहे। पुलिस अधीक्षक ने सभी फरियादियों की बात ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और हर मामले का समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित किया जाए।

अक्षय तृतीया पर हार्दिक शुभकामनाएं
जुदागीर प्रसाद सूरज ज्वेलर्स
जेपी मॉल, कारा बाजार, ओबरा (औरंगाबाद)
आकर्षक डिजाईनों को आभूषण 7% मेकिंग चार्ज पर उपलब्ध है।
नोट: एडवांस गोल्ड टेस्टिंग मशीन उपलब्ध
91:6 एवं 75 हॉलमार्क सोने के गहनों के विक्रेता एवं निर्माता
मो. 9507122000

अक्षय तृतीया पर हार्दिक शुभकामनाएं
मोती साव शिव पूजन प्रसाद ज्वेलर्स
ओल्ड जी.टी. रोड, औरंगाबाद (बिहार)
सोने-चांदी के फैन्सी आभूषण एवं ग्रह रत्न के विक्रेता
मंगल मणि ज्वेलर्स
मोति साव शिव पूजन प्रसाद ज्वेलर्स के बगल में ओल्ड जी.टी. रोड, औरंगाबाद
केवल हॉलमार्क सोने हीरे के आभूषणों के विक्रेता
रूप अलंकार ज्वेलर्स
सदर अस्पताल के सामने, औरंगाबाद
सोने-चांदी के फैन्सी आभूषण एवं ग्रह रत्न के विक्रेता

अक्षय तृतीया पर हार्दिक शुभकामनाएं
पुरानी एवं विश्वसनीय
GANAPATI JEWELLERS
गणपति ज्वेलर्स
हॉल मार्क ज्वेलरी निर्माता एवं विक्रेता
V.Mart के सामने बाल बिहार गली, न्यू एरिया, औरंगाबाद

अक्षय तृतीया की हार्दिक शुभकामनाएं
रामनाथ प्रसाद ज्वेलर्स
ओल्ड जी.टी. रोड, औरंगाबाद
91:6 एवं 75.0 हॉलमार्क फैन्सी जेवरों के निर्माता एवं विक्रेता
'हॉलमार्क ज्वेलरी शॉप'
प्रो. संजीव कुमार
मो. 9431364783, 9430202487

CENSUS OF INDIA 2027
गृह मंत्रालय भारत सरकार
सत्यमेव जयते
हमारी जनगणना हमारा विकास
(जनगणना 2027 का पहला चरण)
स्व-गणना (Self Enumeration) से जुड़े सामान्य प्रश्न और उत्तर (भाग-2)
स्व-गणना क्या है?
स्व-गणना एक ऑनलाइन प्रक्रिया है जिसमें आप प्रगणक की प्रतीक्षा किए बिना, स्वयं SE पोर्टल (se.census.gov.in) पर अपने परिवार की जानकारी भर सकते हैं
स्व-गणना के क्या लाभ हैं?
• अपनी सुविधा से जानकारी भर सकते हैं
• गोपनीयता सुनिश्चित
• जनगणना प्रक्रिया को तेज़ और कुशल बनाती है
स्व-गणना पोर्टल में लॉग-इन कैसे करें?
• राज्य / संघ राज्य क्षेत्र चुनें
• मुखिया का नाम, मोबाइल नंबर और ईमेल (वैकल्पिक) भरें
• OTP द्वारा सत्यापन करें
• स्व-गणना शुरू करें
अपने घर का सही स्थान कैसे चिन्हित करें?
• जिला / पिनकोड चुनें
• क्षेत्र / लैंडमार्क दर्ज करें
• मैप पर ज़ूम करें और घर के पास लोकेशन मार्क करें (सटीक पता न दिखने पर घबराएं नहीं)
• सही लोकेशन चिन्हित करना आवश्यक है
क्या मैं अपनी जानकारी बाद में संशोधित कर सकता / सकती हूँ?
• सबमिट करने से पहले एडिट कर सकते हैं
• सबमिशन के बाद, प्रगणक के आने पर ही बदलाव संभव होगा
क्या स्व-गणना (SE) पोर्टल को भारत के बाहर से एक्सेस किया जा सकता है?
नहीं, यह सुविधा केवल भारत की भौगोलिक सीमा के भीतर उपलब्ध है
यदि सबमिशन के बाद गलती पता चले तो क्या करें?
प्रगणक के आने पर SE ID के साथ सुधार करवाया जा सकता है
क्या मैं फॉर्म सेव करके बाद में पूरा कर सकता / सकती हूँ?
हां, आप प्रोग्रेस सेव कर सकते हैं और निर्धारित समय के भीतर फॉर्म पूरा कर सकते हैं

टोल फ्री - 1855
CBC 19108/13/0041/2627
चलो निभाएं अपनी ज़िम्मेदारी, करें जनगणना में भागीदारी
CensusIndia2027